श्रावण कृष्ण पक्ष षष्ठी 09:02 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बुधवार, 16 जुलाई 2025
वर्ष 5, अंक 145, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



बेरोजगारी दर जून में 5.6 प्रतिशत पर स्थिर 12
आतंकवाद को बर्दाश्त न करने पर अडिग रहेगा भारत 14



## ...कुछ नया जन्म लेने वाला है

नई सोच हमेशा नई राहों पर ले जाती है।
इसी तरह नई शुरुआत नए जीवन से रू-ब-रू कराती है।
यही निरंतरता की स्थिति होती है।

# शुभांशु की वापसी पर झूमे लोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीएमएस, लखनऊ ऑडिटोरियम में सजीव प्रसारण देख रहे लोगों ने एकदूसरे को दी बधाई
- शुभांशु के पिता ने कहा- बेटे की अंतरिक्ष यात्रा भारतवासियों के सामूहिक विश्वास का परिणाम



**अमृत विचार:** शुभांशु शुक्ला के स्पेसएक्स क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान ने मंगलवार को भारतीय समयानुसार अपराह्न 3:01 बजे जैसे ही प्रशान्त महासागर के कैलीफोर्निया तट पर सफल लैंडिग की, देशवासी खुशी व गर्व से झूम उठे। सिटी मांटेसरी स्कूल (सीएमएस), कानपुर रोड ऑडिटोरियम में शुभांशु के माता-पिता और परिजनों के साथ सैकड़ों लोगों ने इस ऐतिहासिक क्षण को लाइव देखा। जैसे ही कैप्सूल ने प्रशांत महासागर की सतह को छुआ, ऑडिटोरियम का माहौल अत्यन्त भावुक हो उठा। पूरा ऑडिटोरियम भारत माता की जय के नारे व तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

शुभांशु 25 जून को फाल्कन-9 रॉकेट से अंतरिक्ष की उड़ान पर रवाना हुए थे। 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से जुड़ गए थे। उन्होंने अंतरिक्ष में 18 दिन बिताए। 310 से अधिक कक्षाएं पूरी कीं और लगभग 1.3 करोड़ किमी की दूरी तय की। इस दौरान उन्होंने इसरो द्वारा सौंपे गए सातों सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण प्रयोगों को सफलतापूर्वक पूरा किया। मांसपेशी पुनर्जनन, टार्डिग्रेड परिक्षण, बीज अंकुरण, शैवाल संवर्धन, फसल सहनशीलता, विकिरण प्रभाव एवं मानव शरीर विज्ञान संबंधी अध्ययन शामिल थे। ये प्रयोग भारत के आगामी गगनयान कार्यक्रम हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। शुभांशु के अन्तरिक्ष यान के पानी में उतरने के साथ ही सीएमएस प्रबंधन एवं शुभांशु के परिवार ने त्रि-स्तरीय केक काटा। इस केक के तीन स्तर लांच, आईएसएस पर प्रवास और धरती पर वापसी के प्रतीक स्वरूप थे। इस अवसर पर पूरा ऑडिटोरियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस अवसर पर शुभांशु के पिता शम्भू दयाल शुक्ल ने भावुक होकर कहा कि यह उपलब्धि भारतवासियों के सामूहिक विश्वास का परिणाम है। उन्होंने डा. भारती गांधी, प्रो. गीता गांधी किंगडन और सीएमएस परिवार का आभार व्यक्त करता हूं। सीएमएस प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने कहा कि शुभांशु की सफलता ने हमारे छात्रों की कल्पनाशक्ति को पंख दिए हैं। वह सीएमएस के आदर्श वाक्य 'जय जगत' का जीवंत उदाहरण हैं और सिद्ध करते हैं कि अंतरिक्ष कोई कल्पना नहीं, बल्कि हमारा भविष्य है। सीएमएस अलीगंज कैम्पस, जहां शुभांशु ने शिक्षा प्राप्त की थी, वहां के छात्र भी अत्यधिक प्रेरित दिखे। कक्षा 9 की छात्रा अनन्या मिश्रा ने कहा कि अब मैं भी अंतरिक्ष यात्री बनना चाहती हूं, अगर वो कर सकते हैं, तो मैं भी कर सकती हूं। कक्षा 11 के आदित्य वर्मा ने कहा, 'पहले यह सपना दूर लगता था। आज यह वास्तविक है।

सीएमएस की संस्थापक-निदेशिका डा. भारती गांधी ने समापन में कहा, 'शुभांशु हमारे मार्गदर्शक सितारे हैं। साक्षात प्रमाण हैं कि गहरे मूल्यों और साहसी सपनों के साथ सितारों तक पहुंचा जा सकता है।

## आईएसएस से आखिरी कॉल कर रहा हूं मां - शुभांशु

**लखनऊ।** यह मेरी इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) से आखिरी कॉल है... अब लौट रहा हूं, जल्द मिलूंगा। एस्ट्रोनॉट ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने जैसे ही ये शब्द कहे, लखनऊ स्थति उनके घर में कुछ देर के लिए सन्नाटा छा गया और परिवार के लोगों की आंखें खुशी के आंसुओं से छलक उठीं। 18 दिनों की ऐतिहासिक अंतरिक्ष यात्रा के अंतिम चरण में यह कॉल शुभांशु के परिवार के लिए सबसे भावुक क्षण बन गई। सोमवार सुबह 4:30 बजे एक्सिओम मिशन-4 के तहत शुभांशु का आईएसएस से अनडॉकिंग शेड्यूल थे। उसी से कुछ घंटे पहले उन्होंने अपने माता-पिता को सेटेलाइट कॉल की। यह बातचीत परिवार के दिल में हमेशा के लिए दर्ज हो गई।

### ये कॉल अलग थी

शुभांशु की बहन शुचि मिश्रा ने कहा कि, अब तक की हर कॉल में हम हंसते थे। बात करते थे, सवाल पूछते थे। लेकिन, इस बार जैसे सभी ने चुप रहने का मन बना लिया था। मां आशा शुक्ला की आंखों से लगातार आंसू बहते रहे। उन्होंने कहा, मैं कुछ बोल नहीं पाई। बस उसकी आवाज सुनी और रोती रही। वो जानता था कि मैं रो रही हूं, लेकिन फिर भी शांत रहा। हमें ढांढस देता रहा। कहता रहा कि सब ठीक होगा। परिवार ने माना कि यह कॉल भले ही भावुक थी, लेकिन उसी ने उन्हें हिम्मत भी दी। मां आशा शुक्ला कहती हैं, वो स्वस्थ लग रहा था, उसकी आंखों में चमक थी। उस कॉल ने हमारे बहुत सारे डर मिटा दिए।

### पिता ने किया सुंदरकांड पाठ

अंतरिक्ष से लौटते समय देशभर की नजरें जिस वीर बेटे पर टिकी थीं। उसके परिवार ने रात भर ईश्वर से उसकी सलामती की प्रार्थना की। लखनऊ निवासी अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के परिवार के लिए बीती रात बेहद तनावपूर्ण और भावनात्मक रही। शुभांशु का रिटर्न कैप्सूल पृथ्वी की ओर बढ़ रहा है, उनके पिता शंभू दयाल शुक्ला ने सोमवार सुबह सुंदरकांड का पाठ किया।

### पूरी रात जागते रहे

शुभांशु के पिता ने बताया, हमारे लिए बीती रात बहुत भारी रही। नींद तो जैसे आंखों से कोसों दूर थी। बस भगवान से यही प्रार्थना कर रहे थे कि हमारा बेटा सुरक्षित जमीन पर उतर जाए। वो जिस तरीके से एक बंद कैप्सूल में आ रहा था, उसे सोचकर दिल बैठा जा रहा था।



शुभांशु शुक्ला की वापसी के बाद केक काटकर जश्न मनाते माता- पिता और अन्य परिजन।

### शुभांशु का मानो दूसरा जन्म हो

शुभांशु की वापसी को परिवार पुनर्जन्म के तौर पर देख रहा है। बहन शुचि कहती हैं, जैसे वो पृथ्वी से किसी और ही दुनिया में गए और अब वापस लौट रहे हैं। नए अनुभवों और यादों के साथ। जैसे वो फिर से जन्म लेकर आ रहे हों। मां आशा ने बताया कि मिशन के अंतिम चरण में उन्होंने घर पर 18 दिन तक विशेष पूजा करवाई। हमारे लिए वो दोबारा जन्म लेकर आ रहा है।

### मां रो पड़ी, पिता ने लहराया तिरंगा

शुभांशु शुक्ला सहित चार एस्ट्रोनॉट 20 दिन अंतरिक्ष यात्रा के बाद पृथ्वी पर लौट आए हैं। शुभांशु के सकुशल लौटने पर उनका परिवार बेहद खुश है। लखनऊ के सीएमएस स्कूल में माता-पिता ने बेटे की लाइव लैंडिंग देखी। यह क्षण परिवार के लिए भावुक और गर्व से भर देने वाला था। पिता शंभू दयाल मुस्कराते हुए तिरंगा लहराकर बेटे का हौसला बढ़ा रहे थे।





अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य क्रू सदस्यों के मंगलवार को सफलतापूर्वक पृथ्वी पर लौटने पर मुरादाबाद के स्कूली में जश्न मनाते छात्र।

### शुभांशु के 17 अगस्त तक भारत आने की संभावना


**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के मिशन बाद की कई प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद 17 अगस्त तक भारत पहुंचने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि कुछ मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन किया जाना है... उनका पुनर्वास, डीब्रीफिंग सत्र और इसरो की टीम के साथ कई चर्चाएं। हम 17 अगस्त तक उनके दिल्ली पहुंचने की उम्मीद कर सकते हैं। इस मिशन को "अभूतपूर्व" बताते हुए सिंह ने कहा कि कक्षीय प्रयोगशाला में अपने प्रवास के दौरान शुक्ला द्वारा किए गए प्रयोग मानव अस्तित्व और सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण में जीवन से निकटता से जुड़े हैं। उन्होंने कहा, "ये प्रयोग न केवल भारतीयों के लिए, बल्कि पूरी मानवता के लिए उपयोगी होंगे।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुभांशु के पिता से बात कर कहा- पूरे देश को है गर्व



**लखनऊ।** रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष में रिकॉर्ड बनाकर धरती पर वापसी पर खुशी और गर्व व्यक्त किया और लखनऊ में शुभांशु के पिता से फोन पर बात कर कहा कि पूरे देश को उनके पुत्र पर गर्व है। शुभांशु 18 दिन बाद अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से पृथ्वी पर लौटे हैं। राजनाथ सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की ऐतिहासिक एक्सिओम-4 मिशन से सफल वापसी हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने न केवल अंतरिक्ष को छुआ है, बल्कि भारत की आकांक्षाओं को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक उनकी यात्रा और वापसी केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह भारत की बढ़ती अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं के लिए एक गौरवपूर्ण कदम है। मैं उनके भविष्य के प्रयासों में उन्हें अपार सफलता की कामना करता हूं।

## शुक्ला ने भारत का गौरव बढ़ाया, वैज्ञानिकों में फिर से विश्वास जगाया : अमित शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा के बाद पृथ्वी पर सफलतापूर्वक लौटने पर मंगलवार को बधाई दी। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि शुक्ला ने एक ऐसी विजय गाथा लिखी है, जिसने न केवल देश का गौरव बढ़ाया है, बल्कि भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों एवं वैज्ञानिकों में अपनी प्रतिभा और साहस को लेकर विश्वास भी जगाया है। शाह ने एक्स पर लिखा कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा के बाद पृथ्वी पर उनकी सफल वापसी पर हार्दिक बधाई। भारत की महानता की खोज में उन्होंने विजय की एक ऐसी गाथा लिखी है, जिसने न केवल हमारा गौरव बढ़ाया है, बल्कि भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों और वैज्ञानिकों में अपनी प्रतिभा और साहस के प्रति विश्वास भी जगाया है। गृह मंत्री ने कहा कि इस यात्रा के दौरान अर्जित ज्ञान और अनुभव भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों में भारत के लिए महत्वपूर्ण होंगे।

श्रावण कृष्ण पक्ष षष्ठी 09:02 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बुधवार, 16 जुलाई 2025
वर्ष 5, अंक 145, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



बेरोजगारी दर जून में 5.6 प्रतिशत पर स्थिर 12
आतंकवाद को बर्दाश्त न करने पर अडिग रहेगा भारत 14

# शुभ आगमन

## 18 दिन आईएसएस पर रहने के बाद पृथ्वी पर सुरक्षित लौटे शुभांशु शुक्ला

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर 18 दिन के प्रवास के बाद मंगलवार को खुशी और मुस्कुराहट के साथ शुभांशु शुक्ला पृथ्वी पर लौट आए। यह एक ऐसी उपलब्धि है, जो भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान की महत्वाकांक्षाओं को साकार करने का वादा करती है। लखनऊ में जन्मे शुक्ला और निजी 'एक्सिओम-4' मिशन के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री प्रशांत समयानुसार रात 2:31 बजे (भारतीय समयानुसार अपराह्न 3:01 बजे) कैलिफोर्निया के सैन डिएगो के निकट प्रशांत महासागर में उतरे। पूरे भारत में खुशी की लहर दौड़ गई।

भारतीय वायु सेना में ग्रुप कैप्टन शुक्ला अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय हैं। इससे पहले राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत रूस मिशन के तहत अंतरिक्ष की यात्रा की थी। वह ऐसे पहले भारतीय भी बन गए हैं, जिन्होंने पृथ्वी की कक्षा में सबसे लंबे समय (20 दिन) तक रहकर अंतरिक्ष की यात्रा की। भारत, हंगरी और पोलैंड के लिए इस मिशन ने मानव अंतरिक्ष उड़ान की वापसी को साकार किया है, क्योंकि इन देशों के अंतरिक्ष यात्रियों ने 40 वर्षों से अधिक समय बाद पहली बार अंतरिक्ष की यात्रा की है। कक्षीय प्रयोगशाला में शुक्ला, कमांडर पैगी व्हिटसन तथा पोलैंड के मिशन विशेषज्ञ स्लावोज उज्नान्सकी-विस्नीवस्की और हंगरी के टिबोर कापू सहित एक्सिओम-4 मिशन दल ने अगले 18 दिन 60 प्रयोगों और 20 संपर्क सत्रों में बिताए। ड्रैगन अंतरिक्ष यान ने 28 हजार किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की गति से यात्रा करते हुए एक्सिओम-4 चालक दल के सदस्यों को लेकर धीरे-धीरे गति कम करने और पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करने के लिए कई प्रक्रियाएँ पूरी कीं तथा प्रशांत महासागर में उतरने से पहले तीव्र गर्मी का सामना किया। कुछ ही मिनटों बाद अंतरिक्ष यान को स्पेसएक्स के रिकवरी शिप शैनन के ऊपर ले जाया गया।

### ड्रैगन अंतरिक्ष यान से मुस्कुराते हुए बाहर निकले



### तीन सप्ताह तक भारहीनता की स्थिति में रहने के बाद धरती पर रखा कदम

आईएसएस पर तीन सप्ताह तक भारहीनता की स्थिति में रहने के बाद पृथ्वी पर गुरुत्वाकर्षण के साथ तालमेल बिठाने के लिए पैरों के सहारे चलवाने में शुक्ला की ग्राउंड स्टाफ ने मदद की। हेलीकॉप्टर के जरिए तट पर ले जाए जाने से पहले एक्सिओम-4 के चालक दल को जहाज पर ही कई चिकित्सीय जांचों से गुजरना पड़ा। चारों अंतरिक्ष यात्रियों के सात दिन पुनर्वास कार्यक्रम में रहने उम्मीद है।



बेटे की वापसी पर भावुक हो गए शुभांशु के माता-पिता।

### माता-पिता की आंखों से खुशी के आंसू छलके

लखनऊ में शुक्ला के माता-पिता ने अपने बेटे के पृथ्वी पर लौटने पर राहत की सांस ली। शुक्ला के पिता शंभू दयाल शुक्ला और मां आशा देवी की आंखों से खुशी के आंसू निकल आए। उनकी बहन शुचि मिश्रा ने भी नम आंखों और हाथ जोड़कर अपने भाई के पृथ्वी पर उतरने का स्वागत किया। शंभू दयाल शुक्ला ने कहा, वह अंतरिक्ष में गए और वापस आए तथा हम बहुत खुश हैं, क्योंकि इस मिशन का देश के गगनयान कार्यक्रम के लिए अपना महत्व है।

### शुभांशु शुक्ला की उपलब्धि ने करोड़ों सपनों को किया प्रेरित : मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में शुक्ला ने अपने समर्पण, साहस और अग्रणी भावना से करोड़ों सपनों को प्रेरित किया है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह हमारे अपने मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन - गगनयान की दिशा में एक और मील का पत्थर है।

### शुभांशु साहस, समर्पण और विज्ञान के प्रति संकल्प का प्रतीक : योगी



मुख्यमंत्री योगी ने सोशल मीडिया मंच एक्स के माध्यम से बधाई देते हुए उनकी उपलब्धि को उत्तर प्रदेश और देश के लिए गौरव का क्षण बताया। योगी ने लिखा है कि वेलकम बैक टू अर्थ! ऐतिहासिक मिशन को सकुशल संपन्न कर सफल वापसी पर ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला व उनकी टीम को हार्दिक बधाई।

# पिथौरागढ़ में जीप खाई में गिरी, आठ लोगों की मौत

संवाददाता, पिथौरागढ़



- मृतकों में पांच महिलाएं और तीन पुरुष, 6 गंभीर रूप से घायल

**अमृत विचार:** पिथौरागढ़ जिले में मंगलवार शाम भीषण हादसा हो गया। तहसील देवलथल अन्तर्गत पिथौरागढ़-थल मुवानी मोटर मार्ग पर भंडारीगांव सूनी पुल के पास एक टैक्सी जीप अनियंत्रित होकर गहरी खाई में दुर्घटनाग्रस्त होकर नदी में जा गिरी। इस हादसे में पांच महिलाओं और तीन पुरुषों सहित आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे का शिकार हुए सभी लोग ग्राम बोकटा, तहसील देवलथल के निवासी हैं।

थानाध्यक्ष थल शंकर सिंह रावत ने बताया कि मंगलवार शाम करीब 5:20 बजे जीप के अनियंत्रित होकर ताड़केश्वर नदी में गिरने की सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही एसडीआरएफ और स्थानीय लोगों ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाते हुए आठ लोगों के शवों को खाई से निकाला जबकि गंभीर घायल 6 व्यक्तियों को पीएचसी मुवानी में प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय, पिथौरागढ़ रेफर कर दिया गया। हादसे में जीप चालक नरेन्द्र खोलिया, सिमरन (7) पुत्री कुन्दन मनौला, शांति देवी (45) पत्नी केशव राम, दीक्षा (25) पुत्री दुर्योधन सिंह, तनुजा (15) पुत्री चन्द्र सिंह, होशियार सिंह (65) पुत्र भीम सिंह, राजेन्द्र सिंह (60) दीवान सिंह, विनीता (17) पुत्री चन्द्र सिंह की मौत हो गई। मरने वालों में दो बहनें भी शामिल हैं। इनमें दो छात्राएं हैं जबकि पूजा मनोला, दीवान सिंह, श्याम सिंह, सुमित सिंह, योगेश कुमार, बीना घायल हैं।

पुलिस ने बताया कि ये सभी लोग बोकटा गांव के निवासी थे, जो किसी कार्य से मुवानी आए थे और लौटते समय हादसे का शिकार हो गए। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने आपदा कंट्रोल रूम में बैठक कर हादसे की जांच के आदेश दिए हैं। प्रारंभिक तौर पर ओवरलोडिंग को हादसे का कारण माना जा रहा है।

### पीएम व सीएम ने जताया शोक, राहत राशि की घोषणा

**देहरादून।** प्रधानमंत्री मोदी ने सड़क हादसे में मारे गये लोगों के प्रति गहरा शोक व्यक्त करते हुए परिजनों के लिए प्रधानमंत्री राहत कोष से सहायता की घोषणा की। उन्होंने शोक संदेश में कहा कि दुर्घटना में हुए जानमाल की हानि पर दुखी हूं। इस दुर्घटना में अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति संवेदना के साथ घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। वहीं, मुख्यमंत्री धामी ने भी शोक व्यक्त करते कहा कि पिथौरागढ़ सड़क दुर्घटना पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा व्यक्त की गई संवेदना एवं प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रदान की गई आर्थिक सहायता से शोकाकुल परिजनों को इस कठिन समय में संबल मिलेगा। प्रदेश सरकार द्वारा भी मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख एवं घायलों को 50,000 की सहायता दी जाएगी।

## एमडीएमए ड्रग्स फैक्ट्री का पर्दाफाश

**देहरादून।** एसटीएफ और नानकमत्ता पुलिस ने एमडीएमए ड्रग्स फैक्ट्री का पर्दाफाश करते हुए उत्तराखंड से नेपाल और मुंबई तक फैले नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। प्रतिबंधित केमिकल्स की 12 करोड़ से ज्यादा की खेप बरामद करते हुए इस गिरोह के सरगना कुनाल कोहली को गिरफ्तार किया है। कुनाल ने मुम्बई से अपने दोस्तों को लाकर एमडीएमए ड्रग्स फैक्ट्री पहले चम्पावत फिर पिथौरागढ़ लगायी, जिसकी खपत मुम्बई में ही की जा रही थी। इससे पहले हाईप्रोफाइल गैंग के एक महिला सहित सात सदस्य हत्थे चढ़ चुके हैं। विस्तृत पेज-7

# एम्स से संचालित एयर एंबुलेंस सेवा का हो विस्तार

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- सीएम धामी ने स्वास्थ्य मंत्री नड्डा से भेंट में किया अनुरोध, कहा- दुर्गम क्षेत्रों के लिए मिले हेलीकॉप्टर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से उत्तराखंड में एम्स ऋषिकेश से संचालित एयर एम्बुलेंस सेवा के विस्तार के साथ ही पहाड़ी व दुर्गम क्षेत्रों में आपातकालीन सेवाओं के लिए एक अतिरिक्त हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराए जाने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रति एसईसीसी परिवार केंद्रीय योगदान को 1052 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये करने का आग्रह करने के साथ ही चारधाम यात्रा में एम्स के विशेषज्ञों के योगदान और स्नातकोत्तर डॉक्टरों के रेजिडेंसी में यात्रा ड्यूटी सम्मिलित करने के लिए



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा से भेंट करते सीएम धामी।

आभार व्यक्त किया। धामी ने कहा कि उत्तराखंड में दो नए मेडिकल कॉलेजों का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। इसी क्रम में जगजीवन राम मेडिकल कॉलेज पिथौरागढ़ और पं. राम सुमेर शुक्ल मेडिकल कॉलेज रुद्रपुर, शैक्षणिक वर्ष 2026-27 से शिक्षण कार्य प्रारंभ करने के लिए नेशनल मेडिकल कमीशन/भारत सरकार के पास आवेदन करेंगे। मुख्यमंत्री ने इन दोनों मेडिकल कॉलेज के संचालन के लिए मंजूरी के साथ ही टीएचडीसी के सहयोग से निर्माणाधीन टिहरी मेडिकल कॉलेज की भी आवश्यक अनुमतियां शीघ्र प्रदान करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में अत्याधुनिक ट्रॉमा सेंटर की स्थापना और उसके सुचारू संचालन के लिए भारत सरकार से तत्काल सहायता का आग्रह करते हुए कहा कि, यह पहल न केवल स्थानीय आबादी के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि चारधाम यात्रा मार्गों और पर्वतीय क्षेत्रों से गुजरने वाले तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए भी जीवन रक्षक साबित होगी।

## छात्रों के लिए दिल्ली दुनिया का सबसे किफायती शहर

**नई दिल्ली।** दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और चेन्नई छात्रों के लिए दुनिया के शीर्ष 130 शहरों में शामिल हैं, वहीं राष्ट्रीय राजधानी को छात्रों के लिए वैश्विक स्तर पर सबसे किफायती शहर का दर्जा दिया गया है। मंगलवार को घोषित क्यूएस रैंकिंग से यह जानकारी मिली।

- क्यूएस रैंकिंग में दुनिया के शीर्ष 130 शहरों में चार भारतीय शहर

छात्रों के लिहाज से बेहतरीन शहरों की रैंकिंग में शामिल सभी चार भारतीय महानगरों दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और चेन्नई ने अपनी स्थिति में सुधार किया है, जो भारत में उच्च शिक्षा के प्रति बढ़ती रुचि को दर्शाता है। लंदन स्थित क्यूएस द्वारा घोषित 2026 क्यूएस बेस्ट स्टूडेंट सिटीज रैंकिंग के अनुसार, मुंबई ने वैश्विक शीर्ष 100 शहरों में फिर से प्रवेश किया है और 15 स्थान ऊपर चढ़कर 98वें स्थान पर पहुंच गया है। दिल्ली सात स्थान चढ़कर 104वें स्थान पर पहुंच गया है, जबकि भारतीय शहरों में बेंगलुरु सबसे ज्यादा सुधार करते हुए 22 स्थान ऊपर चढ़कर 108वें स्थान पर पहुंच गया है। चेन्नई भी उल्लेखनीय रूप से आगे बढ़ा है और 12 स्थान ऊपर चढ़कर 128वें स्थान पर पहुंच गया है। मुंबई और बेंगलुरु ने भी किफायती के पैमाने पर अच्छा प्रदर्शन किया है और शीर्ष 15 शहरों में शामिल हैं। नियोक्ता गतिविधि श्रेणी में, दिल्ली और मुंबई दोनों ही वैश्विक स्तर पर शीर्ष 50 में शामिल हो गए हैं, जो स्नातकों के लिए रोजगार की मजबूत संभावनाओं को दर्शाता है।


## भारतीय नर्स की मौत की सजा टली

**तिरुवनंतपुरम।** यमन के अधिकारियों द्वारा भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की मौत की सजा स्थगित करने से उसके परिवार और दक्षिणी राज्य केरल के राजनीतिक नेतृत्व सहित अन्य लोगों को राहत मिली है। अब प्रिया के बचने की उम्मीद बढ़ गई है।

- यमन में निमिषा प्रिया के मामले में सहायता प्रदान कर रही भारत सरकार



सूत्रों ने बताया कि भारत सरकार ने हाल के दिनों में प्रिया के परिवार को दूसरे पक्ष के साथ पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान तक पहुंचने के वास्ते अधिक समय देने के लिए ठोस प्रयास किए हैं। नर्स को बुधवार को मौत की सजा दी जानी थी। प्रिया के पति टॉमी थॉमस ने सरकार और अन्य संगठनों के सामूहिक प्रयास पर संतोष व्यक्त किया है। टॉमी थॉमस ने बताया, फांसी टाल दी गई है। यह अच्छी खबर है। हम खुश और राहत महसूस कर रहे हैं। मुझे यकीन है कि उसकी फांसी रुकवाने और उसे सुरक्षित वापस लाने के प्रयास जारी रहेंगे। थॉमस ने बताया कि उनकी एक बेटी है जो बारहवीं कक्षा में पढ़ती है और उसे इन सब चीजों से दूर रखा गया है। केरल के पलक्कड़ जिले के कोल्लेंगोडे की रहने वाली प्रिया को जुलाई 2017 में यमन के एक नागरिक की हत्या का दोषी पाया गया था।



**आज का मौसम**

आसमान में चटख धूप खिली रहेगी।

28.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.23 | सूर्यास्त 19.13

# पंचायत चुनाव पर याचिका, डीजीपी और पंचायती राज सचिव दें लिखित में जवाब

## खंडपीठ ने कांवड़ यात्रा के दौरान हो रही घटनाओं को गंभीरता से लिया

विधि संवाददाता, नैनीताल



### राज्य चुनाव आयोग से मांगा रिकॉर्ड

**नैनीताल, अमृत विचार :** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने नैनीताल जिले की बुधलाकोट ग्रामसभा में बाहरी लोगों का नाम पंचायत चुनाव की वोटर लिस्ट में शामिल करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य चुनाव आयोग से सवाल किया है कि किस रिकॉर्ड के आधार पर इनको वोटर लिस्ट में शामिल किया है? पीठ ने आयोग को इसके रिकॉर्ड के साथ 17 जुलाई तक जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई के लिए 17 जुलाई की तिथि नियत की गई है।

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने कांवड़ यात्रा के दौरान हो रही घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए मंगलवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दीपम सेठ से कानून व्यवस्था को लेकर जवाब तलब किया। खंडपीठ में कांवड़ यात्रा के चलते पंचायत चुनाव को पुनर्निर्धारित करने की मांग को लेकर बैजनाथ की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई में पंचायती राज सचिव चंद्रेश यादव और डीजीपी वर्चुअली अदालत में पेश हुए।

इस दौरान सचिव की ओर से अदालत को विश्वास दिलाया गया कि कांवड़ यात्रा पंचायत चुनाव में बाधा नहीं है। सरकार की ओर से निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। पंचायत चुनाव, आपदा और कांवड़ यात्रा के लिए विस्तृत योजना बनायी गयी है। कांवड़ यात्रा का प्रभाव तीन जिलों पौड़ी, देहरादून और हरिद्वार में है। पहाड़ों में कांवड़ यात्रा का मात्र दस प्रतिशत प्रभाव ही है। दो चरणों में चुनाव हैं जिसके चलते कोई बाधा नहीं आएगी।

खंडपीठ ने कांवड़ यात्रा के दौरान प्रदेश में हो रही हिंसा को गंभीरता से लिया। उन्होंने सुनवाई के दौरान सबसे पहले डीजीपी से कानून व्यवस्था को लेकर सवाल किया। अदालत ने कहा कि अखबारों में कांवड़ यात्रा के दौरान हिंसा की खबरें आ रही हैं। दुकानदार और दो महिलाओं के साथ हिंसा की गयी। वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। उत्तराखंड में यह उचित नहीं है। उन्होंने ऐसी घटनाओं को गंभीरता से लेने और ठोस कदम उठाने को कहा। डीजीपी ने जवाब में कहा कि पुलिस ऐसी घटना के खिलाफ सख्त कदम उठा रही है। आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।


उन्होंने आगे कहा कि पंचायत चुनाव, कांवड़ यात्रा और आपदा को लेकर विस्तृत कार्ययोजना बनायी गयी है। पुलिस, पीआरडी, होमगार्ड के जवानों के साथ ही पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। आपदाग्रस्त क्षेत्रों के लिए एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की 70 यूनिट अलग से तैनात हैं। 30 प्रतिशत पुलिस बल कांवड़ यात्रा, 10 प्रतिशत पुलिस जवान चारधाम यात्रा के साथ ही 10 प्रतिशत सुरक्षा के लिहाज से आपदाग्रस्त क्षेत्रों में तैनात हैं। शेष 50 प्रतिशत पुलिस बल जिलों में तैनात रहता है इसलिए चुनाव में सुरक्षा बलों की कमी नहीं होगी। दो चरणों में 24 और 28 जुलाई को मतदान है इसलिए कोई दिक्कत नहीं आएगी। खंडपीठ ने सचिव और डीजीपी से 24 घंटे में अपना लिखित जवाब पेश करने को कहा है। इस मामले में आज बुधवार को भी सुनवाई होगी।

## कुंदन अध्यक्ष और ललित बने महामंत्री



**हल्द्वानी, अमृत विचारः** प्रांतीय नगर व्यापार मंडल ने संगठन की मजबूती को देखते हुए युवा इकाई का गठन किया है। प्रदेश महामंत्री राजेंद्र फर्स्वाण ने हल्द्वानी महानगर के लिए तेजतर्रार व्यापारी नेता कुंदन रावत को युवा अध्यक्ष और ललित जायसवाल को युवा महामंत्री नियुक्त किया गया है।

दोनों पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि शीघ्र ही अपनी युवा कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए व्यापारी हितों के लिए संघर्ष करें। दोनों पदाधिकारियों के मनोनयन पर महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, प्रदेश संगठन प्रभारी विरेंद्र गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष सुभाष मोंगा, सह संयोजक धर्म यादव, देवेश अग्रवाल, जिला अध्यक्ष कुंदन बिष्ट, जिला महामंत्री प्रज्ञान भारद्वाज, ट्रांसपोर्ट नगर प्रभारी अश्मित गुजराल, रिषभ पाठक, विशाल जुनेजा, चमन गुप्ता, पूरन लाल साह, संजय वर्मा, अमरजीत सिंह, अशोक वार्ष्णेय, नुसरत सिद्दिकी, गौरव अग्रवाल, दिनेश गुप्ता, राजीव आदि ने बधाई दी है।




## एक नजर

### चरम पर शराब तस्करी पुलिस ने पकड़े चार तस्कर

**हल्द्वानी :** आचार संहिता के दौरान शराब की तस्करी चरम पर है और खासतौर पर ग्रामीण इलाकों में। मुखानी और चोरगलिया पुलिस ने ऐसे ही चार तस्करों को गिरफ्तार किया है और इनके पास से भारी मात्रा में शराब बरामद की है। तस्करों में एक 19 साल का नौसिखिया भी है। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने टीम के साथ मधुबन कॉलोनी के पास खाली प्लॉट से बंटी शर्मा पुत्र महेश चंद शर्मा निवासी छड़ायल मुखानी को 30 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। ककराला गूलरभोज गदरपुर ऊधमसिंह नगर निवासी 19 वर्षीय संदीप पुत्र गुरमीत को 97 पाउच कच्ची शराब के साथ दबोचा। चोरगलिया थानाध्यक्ष राजेश जोशी व टीम ने अमित सिंह पुत्र दिलेर सिंह व रेशम सिंह पुत्र दलीप सिंह निवासी धौराडाम किच्छा को 293 पाउच के साथ पकड़ा है।

# ट्रेन की चपेट में आने से एक की मौत, साथी घायल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** तड़के रेलवे पटरी किनारे सैर कर रहे दो दोस्त बड़े हादसे का शिकार हो गए। लालकुआं से हल्द्वानी रेलवे स्टेशन की ओर आ रही रानीखेत एक्सप्रेस ने दोनों दोस्तों को अपनी चपेट में ले लिया। गंभीर अवस्था में दोनों को डॉ.सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया और दूसरे की हालत नाजुक होने पर उसे बरेली रेफर कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

उजाला नगर बनभूलपुरा निवासी 20 वर्षीय जिशान पुत्र अफसर खां लिंटर का जाल बांधने का काम करता है। जिशान के पिता अफसर खां के मुताबिक जिशान का 25 वर्षीय दोस्त मोहसिन पुत्र अमीर अहमद भी घर के पास ही रहता है। मंगलवार सुबह करीब 5 बजे जिशान और मोहसिन आंवला चौकी गेट के पास रेलवे पटरी किनारे टहल रहे थे। इसी दौरान लालकुआं की ओर से रानीखेत एक्सप्रेस आ गई। ट्रेन ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। जीआरपी दोनों को हल्द्वानी रेलवे स्टेशन लेकर पहुंची। जहां से दोनों को एसटीएच पहुंचाया गया, लेकिन तब तक जिशान की मौत हो चुकी थी। कोतवाल राजेश कुमार यादव का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। चिकित्सकों का कहना है कि घटना में मोहसिन के पैर कटे हैं। उसका खून काफी बह चुका था। हालत नाजुक होने पर उसे बरेली राममूर्ति रेफर कर दिया गया है।

# भाजपा को जिताने को झोंक दें ताकत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी




मुखानी स्थित कुमाऊं संभाग कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार। ● अमृत विचार

- **प्रदेश संगठन मंत्री अजेय कुमार ने विधायकों, प्रभारियों को पंचायत चुनाव में जुटने के दिए निर्देश**

**अमृत विचार :** भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री अजेय कुमार ने विधानसभा, ब्लॉक प्रमुख एवं जिला प्रभारियों और विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारियों को पंचायत चुनाव में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों को जिताने के लिए पूरी ताकत झोंकने के लिए कहा है।

मंगलवार को मुखानी स्थित कुमाऊं संभाग कार्यालय में हुई बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार ने कहा कि हर चुनाव संगठन की शक्ति और समर्पण के प्रदर्शन का अवसर होता है। सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से प्रत्येक जिला पंचायत सीट पर भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों के पक्ष में जोर-शोर से प्रचार-प्रसार करें। राज्य की सभी 12 जिला पंचायतों में भाजपा का परचम लहराना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा है। गांवों की मजबूत सरकार के निर्माण के लिए भी कई योजनाएं संचालित की हैं। इन योजनाओं के बल पर कार्यकर्ता जनता के बीच जाएं और अधिकृत प्रत्याशी के लिए समर्थन जुटाएं।

प्रदेश संगठन महामंत्री ने सभी विधानसभा, ब्लॉक प्रमुख, विधानसभा, जिला पंचायत वार्ड प्रभारियों और विभिन्न मोर्चों के प्रभारियों को संगठन के निर्देशों का पालन करने और पंचायत चुनावों में भाजपा की जीत के लिए पूरी ताकत झोंकने का संकल्प लेने को कहा। इस पर सभी ने भाजपा जिताने का संकल्प लिया। इस दौरान विधायक बंशीधर भगत, दीवान सिंह बिष्ट एवं मोहन सिंह बिष्ट, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट, राकेश नैनवाल, राजेश कुमार, चंदन बिष्ट, नवीन भट्ट, गीता ठाकुर, विकास भगत, दायित्वधारी दीपक मेहरा, अनिल कपूर डब्बू एवं शंकर कोरंगा, प्रदीप बिष्ट, मोहन पाठक, कल्पना बोरा, अलका जीना आदि मौजूद रहे।

# प्रार्थना सभा में विद्यार्थी सुनेंगे गीता के श्लोक

मुख्य संवाददाता, देहरादून



**अमृत विचारः** सरकारी स्कूलों की प्रार्थनासभा में विद्यार्थियों को श्रीमद्भागवत गीता का एक श्लोक अर्थ सहित रोजाना सुनाया जाएगा।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. मुकुल कुमार सती द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारियों को जारी आदेश में कहा गया है कि प्रार्थना सभा में सुनाए जाने वाले इस श्लोक के वैज्ञानिक दृष्टिकोण की जानकारी भी छात्रों को दी जाएगी। इसके अलावा शिक्षकों को प्रत्येक सप्ताह गीता के एक श्लोक को 'सप्ताह का श्लोक' घोषित कर उसे सूचना पट पर अर्थ सहित लिखे जाने को कहा गया है जिसका छात्र अभ्यास करेंगे और सप्ताह के अंत में उस पर चर्चा कर उसका फीडबैक लिया जाएगा। आदेश में शिक्षकों को समय-समय पर श्लोकों की व्याख्या करने तथा छात्रों को इस बात की जानकारी देने को कहा गया है कि गीता के सिद्धांत किस प्रकार मानवीय मूल्य, व्यवहार, नेतृत्व कौशल, निर्णय क्षमता, भावनात्मक संतुलन और वैज्ञानिक सोच विकसित करते हैं।

छात्रों को यह भी बताया जाएगा कि गीता के उपदेश मनोविज्ञान, तर्कशास्त्र, व्यवहार विज्ञान एवं नैतिक दर्शन पर आधारित हैं, जोकि धर्मनिरपेक्ष द्रष्टिकोण से संपूर्ण मानवता के लिए उपयोगी हैं। आदेश में कहा गया है कि विद्यालय स्तर पर यह सुनिश्चित किया जाए कि छात्रों को ये श्लोक केवल विषय या पठन सामग्री के रूप में नहीं पढ़ाए जाएं, बल्कि ये उनके जीवन एवं व्यवहार में भी परिलक्षित हों।

आदेश के अनुसार, हर स्तर पर यह सुनिश्चित किया जाए कि छात्र-छात्राओं के चारित्रिक विकास, आत्म-नियंत्रण, जीवन के प्रति संतुलित दृष्टिकोण के विकास, व्यक्तित्व निर्माण, विज्ञान सम्मत सोच विकसित करने एवं उन्हें श्रेष्ठ नागरिक बनाने के लिए गीता की शिक्षा एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण का उपयोग किया जाए। इससे पहले उत्तराखंड में राज्य पाठ्यचर्या को लेकर छह मई को आयोजित एक बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गीता और रामायण को भी इसमें शामिल करने के निर्देश दिए थे। बताया कि गीता और रामायण को भी राज्य पाठ्यचर्या की रूपरेखा में शामिल कर लिया गया है। इसके अनुरूप पाठ्य पुस्तकें आगामी शैक्षिक सत्र से उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है।

# बजवालपुर में चोरों ने खंगाला दिल्ली पुलिस के दरोगा का घर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- **घटना के वक्त पड़ोस में रहने वाले बेटे के घर गई थी दरोगा की मां**
- **कोना-कोना खंगालने के बाद कुछ नहीं मिला तो ले गए स्कूटी**

**अमृत विचार :** शातिर चोरों ने टीपीनगर चौकी क्षेत्र में बड़ी घटना को अंजाम दे डाला। चोरों ने यहां रहने वाले दिल्ली पुलिस के एक दरोगा का घर खंगाल डाला। घटना के वक्त घर में ताला लगा था और घर में अकेली रहने वाली दरोगा की मां पड़ोस में रहने वाले अपने बेटे के घर पर थी। टीपीनगर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक बजवालपुर टीपीनगर निवासी सुरेंद्र सिंह दिल्ली पुलिस में दरोगा के पद पर तैनात हैं और वह पत्नी व बच्चों के साथ दिल्ली में ही रहते हैं। बजवालपुर में उनकी मां अकेली रहती है। हालांकि पास में ही सुरेंद्र का दूसरा भाई भी रहता है। बताया जाता है कि सोमवार रात सुरेंद्र की मां पास ही रहने वाले अपने दूसरे बेटे के घर चली गई। घर में ताला लगा था और सुबह पांच बजे जब सुरेंद्र की मां वापस घर लौटी तो होश फाख्ता हो गए। घर में लगे ताले टूटे पड़े थे और घर के अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों की घर से कुछ भी नहीं मिला। जिसके बाद बाद उन्हें घर में खड़ी स्कूटी की चाबी मिल गई और अंत में चोर स्कूटी लेकर ही फरार हो गए। टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि घटना संज्ञान में है और मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर मामला दर्ज किया जाएगा।

### एक दिन पहले तोड़ा मंदिर का दानपात्र

**हल्द्वानी :** दिल्ली के दरोगा के घर चोरी की घटना के पहले बजवालपुर में चोरी की एक और घटना हुई। स्थानीय लोगों के मुताबिक, इलाके में कालिका मंदिर है। रविवार को चोरों ने मंदिर में रखा दानपात्र खंगाल डाला। हालांकि दानपात्र में कितने रुपये थे, यह स्पष्ट नहीं है, लेकिन एक के बाद एक लगातार दो घटनाओं से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोगों ने क्षेत्र में पुलिस गश्त की मांग की है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी दोस्त गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मोहर्रम के रोज घर से बाजार के लिए निकली नाबालिग को एक पहचान का युवक अपने साथ ले गया। जिसके बाद उसने अपने एक और साथी के साथ मिलकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इस मामले के दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है।

इस मामले में बनभूलपुरा निवासी पीड़िता के भाई ने पुलिस को तहरीर सौंपी थी। भाई ने बताया था कि मोहर्रम के रोज उसकी बहन घर से बाजार कुछ खरीदारी करने निकली थी। इसी बीच किसी युवक ने उसे नशा सुंघा दिया और अर्द्ध बेहोशी की हालत में उसे अपने साथ ले गया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की तो सामने आया कि नाबालिग को अपने साथ ले जाने वाला युवक, नाबालिग को पहले से ही जानता था। जान-पहचान का फायदा उठा कर वह नाबालिग को अपने साथ ले गया। न सिर्फ उसने नाबालिग से दुष्कर्म किया, बल्कि युवक के दोस्त ने भी उससे दुष्कर्म किया और फरार हो गए। घटना से आहत नाबालिग जब घर पहुंची तो उसने अपने हाथ की नस काट ली। प्रभारी थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि इसमें से एक आरोपी को 10 और दूसरे को 11 जुलाई को गिरफ्तार कर लिया गया।

# सब्जी खाने से पूरा परिवार बीमार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** रानीखेत निवासी एक परिवार ने बाजार से लाकर सब्जी खाई और पूरा परिवार बीमार हो गया। परिवार की एक लड़की का स्वास्थ्य ज्यादा खराब होने पर उसे एसटीएच रेफर किया गया है।

करीब पांच दिन पहले रानीखेत में एक परिवार ने बाजार से लिंगोड़ा सब्जी लाकर घर में बनाई। पूरे परिवार ने सब्जी को खाया, लेकिन सब्जी खाने के कुछ समय बाद वे लोग बीमार पड़ गए। उन्हें रानीखेत के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। परिवार के बाकी लोगों की स्थिति पूरी तरह से सामान्य है, लेकिन 21 साल की सविता का स्वास्थ्य ठीक नहीं था। उसे सोमवार को एसटीएच रेफर कर दिया गया। उसकी स्थिति भी सामान्य है। सविता का कहना है कि बाजार से लिंगोड़ा की सब्जी लाए थे। उसे ही बनाकर खाया था।






चेकिंग करती परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम। ● अमृत विचार

### परिवहन विभाग ने किया 79 वाहनों का चालान

**हल्द्वानी :** परिवहन विभाग के प्रवर्तन दलों की ओर से मंगलवार को हल्द्वानी-भीमताल-भवाली, हल्द्वानी-कालाढूंगी और हल्द्वानी-गैस गोदाम मार्ग पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। 79 वाहनों के चालान किए गए। अभियान का नेतृत्व परिवहन कर अधिकारी अपराजिता पांडे, अनुभा आर्य, परिवहन निरीक्षक गिरीश कांडपाल और नंदन रावत ने किया। चेकिंग के दौरान टैक्सी, मैक्सी, बस, ट्रक, ऑटो, ई-रिक्शा, बाइक और कारों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। कार्रवाई में नो पार्किंग, सीट बेल्ट व हेलमेट न पहनना, ओवरलोडिंग, यूनिफॉर्म न पहनना, टैक्स, फिटनेस, परमिट शर्तों के उल्लंघन आदि अभियोगों को लेकर चालान किए गए। अभियान में सहायक परिवहन निरीक्षक चंदन सुप्याल, चंदन ढैला, अरविंद ह्यांकि, अनिल कार्की, गोधन सिंह, परिवहन आरक्षी हंसी, प्रकाश, पवन आदि शामिल रहे।

# कर्मचारियों को सम्बद्ध करने पर डीजी हेल्थ ने लगाई रोक

संवाददाता, हल्द्वानी

- **सम्बद्धीकरण के लिए डीजी हेल्थ से लेनी होगी स्वीकृति**

> कर्मचारियों के सम्बद्धीकरण के मामले में स्वास्थ्य महानिदेशक का जो भी आदेश है, उसका पालन किया जाएगा। -**डॉ. हरीश चंद्र पंत**, सीएमओ, नैनीताल

**अमृत विचारः** सीएमओ नैनीताल डॉ. हरीश चंद्र पंत ने स्वास्थ्य विभाग में कुछ कर्मियों को अन्य अस्पतालों में सम्बद्ध किया था। इस पर डीजी हेल्थ सुनीता टम्टा ने आदेश जारी कर रोक लगा दी है। उन्होंने कहा है कि स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के आदेशों का पालन किया जाए।

डीजी हेल्थ ने जारी आदेश में कहा कि उनके संज्ञान में आया है कि स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत व उनके स्वयं के निर्देशों के बाद भी स्वास्थ्य विभाग में मंडल और जिला स्तर के अधिकारी कर्मियों का सम्बद्धीकरण कर रहे हैं और यह स्वास्थ्य मंत्री व उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवेहलना है। कहा कि उप जिला चिकित्सालय रामनगर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हल्दूचौड़ में किए गए कर्मियों के सम्बद्धीकरण को छोड़कर अन्य सम्बद्धीकरण को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है। सम्बद्ध किए गए कर्मियों को माह जुलाई और उसके आगामी माहों का वेतन तब ही दिया जाएगा, जब वह अपनी मूल तैनाती पर आ जाएंगे। कहा कि यदि किसी कर्मचारी का सम्बद्धीकरण बहुत ही आवश्यक है तो इसके लिए मंडल और जनपद स्तर के अधिकारी इसका प्रस्ताव बनाकर स्वास्थ्य महानिदेशालय में भेजेंगे। स्वास्थ्य महानिदेशक के आदेश के बाद अब स्वास्थ्य निदेशक कुमाऊं डॉ. केके पांडे व अन्य जिलों के सीएमओ के पास कर्मचारियों को सम्बद्ध करने की शक्ति नहीं रहेगी। यदि उन्हें किसी कर्मचारी मूल तैनाती के साथ अन्य किसी अस्पताल या कार्यालय में सम्बद्ध करना है तो इसके लिए डीजी हेल्थ की ही अनुमति लेनी होगी।

## सार-संक्षेप



नामांकन रद्द करने की मांग को लेकर प्रार्थना-पत्र देतीं बचुली देवी। ● अमृत विचार

### पत्र देकर नामांकन रद्द करने का मुद्दा उठाया

**भीमताल :** विकासखंड ओखल कांडा के ग्राम सभा बड़ोन की बचूली देवी और उनके समर्थकों ने उप जिलाधिकारी धारी केएन गोस्वामी को वोटर लिस्ट और शिकायती पत्र सौंपकर पूर्व ब्लॉक प्रमुख कमलेश कैड़ा का नामांकन रद्द करने की मांग की। अवगत कराया कि उत्तराखंड क्षेत्र पंचायत निर्वाचन क्रमांक 08 के प्रथम पृष्ठ पर क्रम संख्या वार्ड संख्या एक कैड़ा गांव में कमलेश कैड़ा का नाम अंकित है। साथ ही नगर निकाय काठगोदाम वार्ड नंबर 52 मुखानी द्वितीय के क्रम संख्या 4239 जज फॉर्म पश्चिम में भी अंकित है। उन्होंने पूर्व ब्लॉक प्रमुख कमलेश कैड़ा का नामांकन रद्द करने की मांग की। उधर इस संबंध में एसडीएम ने बताया कि स्थानीय निवासियों ने वोटर लिस्ट उपलब्ध कराकर कार्रवाई की मांग की है।



शिविर में मरीज की आंखों का परीक्षण करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

### शिविर में 150 से अधिक ने कराई आंखों की जांच

**हल्दूचौड़ :** माधवी फाउंडेशन और प्रभु नेत्रालय की जनसेवा के सौजन्य से हल्दूचौड़ में मंगलवार को नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। पार्वतेश्वर महादेव मंदिर परिसर में मंगलवार को लगाए गए शिविर में 150 से अधिक नागरिकों ने आंखों की जांच करवाई। वहीं, 60 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। सभी चयनित ऑपरेशन फेको तकनीक के माध्यम से किए जाएंगे, जो बिना चीरा, बिना टांके और बिना दर्द के होते हैं। मरीजों को डॉक्टरों की टीम ने निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र मरीजों का पंजीकरण भी किया गया। माधवी फाउंडेशन के अध्यक्ष पीयूष जोशी ने बताया कि संस्था अब तक 150 से अधिक नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित कर चुकी है।

### शो के ग्रैंड फिनाले में पहुंचीं कालाढूंगी की प्रतिभा

**कालाढूंगी :** मदर्स होम की छात्रा प्रतिभा किसमें है कितना दम टैलेंट शो के ग्रैंड फिनाले में पहुंच गई है। कालाढूंगी निवासी प्रतिभा जोशी अपनी प्रतिभा दिखाते हुए डीडी पंजाबी टीवी शो के फिनाले में पहुंच गई है। कक्षा आठ की छात्रा प्रतिभा ने इस मंच में पहुंचने से पहले करीब 1000 से अधिक प्रतिभागियों के बीच चार रांउड पार किए। हल्द्वानी में आयोजित किसमें है कितना दम शो का सेमीफाइनल पार कर फाइनल में जगह बनाई। प्रतिभा के फाइनल में प्रवेश करने पर प्रबंधन बिरेंद्र रौतला, प्रधानाचार्या शशि रौतेला, राधिका रौतेला, प्रविणता गुणवंत, सपना गोस्वामी, शालिनी बिष्ट, पूजा, कमला बिष्ट, ममता मेहता, कविता मेहरा, किरण जोशी, नेहा बिष्ट, सरिता जोशी, रेखा सती, तारा भट्ट व सपना बिष्ट ने खुशी व्यक्त की है।

# भूमियाधार में दोबारा गरजी जेसीबी

## सुरक्षा की दृष्टि से तैनात रहा पुलिस बल, शुक्रवार को भी प्रशासन ने की थी कार्रवाई

संवाददाता, नैनीताल



भूमियाधार क्षेत्र से अतिक्रमण हटाती जेसीबी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** भूमियाधार क्षेत्र में सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशासन और स्थानीय दुकानदारों के बीच टकराव की स्थिति बन गई है। शुक्रवार को जिला प्रशासन के अतिक्रमण हटाए जाने के बाद मंगलवार को फिर से अतिक्रमण कर लिया गया। प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए दोबारा अभियान चलाया। एसडीएम नवाजिश खलीक के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस और नगर निकाय की संयुक्त टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कई अस्थायी दुकानों को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान जेसीबी मशीनों की मदद से सड़क किनारे बनी दुकानों को हटाया गया। प्रशासन की इस सख्ती से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और दुकानदारों में भारी आक्रोश देखा गया। कुछ लोगों ने प्रशासन की कार्रवाई को अन्यायपूर्ण बताते हुए विरोध प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि ये दुकानें पंचायत द्वारा दी गई भूमि पर वर्षों से संचालित की जा रही थीं, जिससे उनकी रोजी-रोटी चल रही थी। बिना कोई वैकल्पिक व्यवस्था किए उन्हें बेदखल करना अमानवीय कदम है। वहीं, प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई नियमानुसार की गई है। एसडीएम नवाजिश खलीक ने बताया कि जिन लोगों की दुकानें हटाई गई हैं, उन्हें कई बार चेतावनी और नोटिस दिए जा चुके थे। बीते दिनों भी प्रशासन की टीम ने अवैध अतिक्रमण पर कर्रवाई की थी। इसके बावजूद लोगों ने अतिक्रमण कर लिया। जिस पर फिर कार्रवाई की है। कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि उन्हें वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराए जाएं।

## पर्यावरण मित्रों को मिले साप्ताहिक अवकाश

**रामनगर, अमृत विचारः** भाजपा नेता शुभम उत्तम ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल को एक ज्ञापन देकर नगर पालिका में कार्यरत ठेके आउटसोर्स व समिति के अंतर्गत पर्यावरण मित्रों (सफाई कर्मचारियों) को साप्ताहिक अवकाश देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि शासनादेश में सभी प्रदेश के नगर निगमों व नगर पालिकाओं में कार्यरत कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश और अवकाश के दिनों में कार्य करने वाले कर्मियों को अतिरिक्त वेतन देने का आदेश है। अधिशासी अधिकारी ने शासनादेश को बोर्ड की बैठक में प्रस्तावित कर लागू करने का आश्वासन दिया है।

# अतिक्रमण के खिलाफ चला अभियान, 22 चालान भी किए

संवाददाता, रामनगर



रामनगर में अतिक्रमण हटाते पालिका कर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** प्रशासन ने अचानक नगर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। जिसके चलते आस्थाई रूप से अतिक्रमण कर रहे लोगों में हड़कंप मच गया। अतिक्रमण के खिलाफ अभियान की कमान खुद उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने संभाली।

टीम ने गैस गोदाम रोड, ऊंट पड़ाव और बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण के विरुद्ध चलाए अभियान में 22 चालान किए और 5300 की चालान धनराशि जमा की गई। सामान जब्त भी किया गया और अस्थाई अतिक्रमण हटाया गया। पुलिस टीम ने भी 9 चालान किए हैं। फड़ बाजार में और उसके आसपास बाजार में अवैध अतिक्रमण पर भी कार्रवाई की गई। इससे पूर्व गैस गोदाम रोड पर अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई हुई। पुलिस ने नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों का चालान किया गया। अभियान में अधिशासी अधिकारी, पुलिस, प्रशासन और नगर पालिका की टीम मौजूद रही। एसडीएम प्रमोद कुमार ने कहा कि नगर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## सार-संक्षेप

### दिव्या महर एसआरएफ फेलोशिप से सम्मानित



**नैनीताल :** कुमाऊं विवि के रसायन विज्ञान विभाग में पीएचडी कर रहीं दिव्या महर को प्रतिष्ठित सीएसआईआर-वरिष्ठ अनुसंधान फेलोशिप (एसआरएफ) से सम्मानित किया गया है। दिव्या कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर स्थित रसायन विज्ञान विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ. महेश चंद्र आर्य के मार्गदर्शन में पीएचडी कर रही हैं। दिव्या और उनके पर्यवेक्षक दोनों ने गुणवत्तापूर्ण शोध के लिए प्रोत्साहन और समर्थन के लिए कुलपति प्रो. दीवान एस रावत के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। विभागाध्यक्ष प्रो. चित्रा पांडे के नेतृत्व में रसायन विज्ञान विभाग परिवार ने दिव्या को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके शोध कार्यों में निरंतर उत्कृष्टता की कामना की है। कूटा अध्यक्ष प्रोफेसर ललित तिवारी तथा महासचिव डॉ.विजय कुमार ने भी दिव्या को शुभकामनाएं दी हैं।



उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट। ● अमृत विचार

### मोतीराम पांडे रखा जाए चिकित्सालय का नाम

**भीमताल :** उच्चीकृत चिकित्सालय का नाम स्वर्गीय मोतीराम पांडे रखे जाने के संबंध में स्थानीय शिष्टमंडल ने उप जिलाधिकारी नैनीताल नवाजिश खलीक को ज्ञापन सौंपा। पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में बताया गया कि चिकित्सालय का शिलान्यास 3 मार्च 2005 को किया गया था। उस समय चिकित्सालय का नाम स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय मोतीराम पांडे की स्मृति में रखे जाने की सहमति बनी थी। वहीं, बताया कि स्वर्गीय मोतीराम पांडे तथा उनकी धर्मपत्नी सरस्वती पांडे ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में विशेष सक्रियता से योगदान किया था और अनेक बार ब्रिटिश शासन के दौरान उन्हें जेल भी जाना पड़ा। स्थानीय लोगों के अनुसार, स्वर्गीय पांडे 1920 से 1946 तक कुल छह बार विभिन्न जिलों में रहे और उन्होंने कुल 11 वर्ष का अपना जीवनकाल विभिन्न जिलों में यातनाएं सहते हुए व्यतीत किया।

### विद्यालय के समायोजन पर भड़के अभिभावक, प्रदर्शन

कालाढूंगी : ब्लॉक कोटाबाग के दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्र के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बांसी को कलस्टर योजना के अंतर्गत राइंका सौड में करने की प्रशासनिक तैयारियों का अभिभावकों व जनप्रतिनिधियों ने विरोध किया है। मंगलवार को स्कूल पहुंचकर अभिभावक संघ के सदस्यों व ग्रामीणों ने प्रदर्शन भी किया। अभिभावकों ने कहा कि दोनों विद्यालय का एक ही विद्यालय में संचालन उचित नहीं है। ब्लॉक के दुर्गम क्षेत्र के छात्र दूर-दराज से पढ़ाई के लिए आते हैं। वहीं, छात्रों ने भी कहा कि समायोजन होने पर उन्हें कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ेगा। पूर्व विधायक प्रतिनिधि नैनीताल कृपाल बिष्ट ने बताया नई शिक्षा नीति के तहत हाई स्कूल बांसी का समायोजन सौड सहित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छड़ा और रानीकोटा का समायोजन राइंका कोटाबाग में किया जा रहा है, जोकि गलत है। पहाड़ की भौगोलिक स्थिति के अनुसार, 8 से 10 किमी दूर समायोजन की योजना है। इससे पलायन बढ़ेगा। समायोजन से छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। अभिभावकों व ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि इस समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में प्रकाश चंद्र, लछम सिंह, निवर्तमान प्रधान लाल सिंह और प्रकाश बिष्ट आदि शामिल रहे।

हरेला मेला
2025
दिनांक : 16 जुलाई, 2025 (बुधवार)
के उद्घाटन के शुभ अवसर पर गरिमामयी उपस्थिति
श्री यशपाल आर्य जी
मा. नेता प्रतिपक्ष, उत्तराखण्ड सरकार
श्री राम सिंह कैड़ा जी
मा. विधायक, भीमताल
श्री संजीव आर्य जी
मा. पूर्व विधायक, नैनीताल
निवेदकः- सीमा टम्टा अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, भीमताल
आयोजक : नगर पालिका परिषद भीमताल
पत्रांक : 25/हरेला मेला/न.पा./2025-26 दिनांक : 14-07-2025

# एक ही दिन में रोपे जाएंगे पांच लाख पौधे : धामी

## मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी लोक पर्व की शुभकामनाएं, कहा- हरेला परंपराओं से जुड़े रहने का देता है संदेश

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को हरेला पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि हरेला पर्व प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रदर्शित करने के साथ ही लोक संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देता है। यह पर्व हमको अपनी परंपराओं से जुड़े रहने का भी संदेश देता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरेला पर्व धरती और पर्यावरण की देखभाल के प्रति भी प्रेरित करता है। भावी पीढ़ियों को शुद्ध और स्वस्थ वातावरण देने के लिए पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। देवभूमि धर्म, अध्यात्म और संस्कृति के लिए विख्यात है। यहां का प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता हर किसी को आकर्षित करती है इसलिए पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। हमें अपने जल स्रोतों, नदियों और गदेरों के पुनर्जीवन और संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास करने होंगे।

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप हरेला पर्व के साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत राज्य भर में वृहद स्तर पर पौधरोपण होगा। इसके तहत सार्वजनिक स्थानों, वनों, नदियों, गाड, गदेरों के किनारे, स्कूलों, कॉलेज, विभागीय परिसरों, सिटी पार्क, आवासीय परिसर में पौधरोपण किया जाएगा। हरेला पर एक ही दिन में 5 लाख से अधिक पौधे रोपने का लक्ष्य है।


हरेला पर्व के अवसर पर पर्वतीय उत्थान मंच में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हुई जलेबी दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे।

## हरेला पर्व में जलेबी दौड़ और कुमाउनी सुरों की धूम

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर में आयोजित हरेला महोत्सव में जलेबी दौड़ और कुमाउनी भाषण प्रतियोगिता ने दर्शकों का दिल जीत लिया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजे इस पर्व में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। शाम 5 बजे से दीप प्रज्वलन एनबी गुणवंत और एडवोकेट पृथ्वी पाल सिंह रावत ने किया। शाम सात बजे से सांस्कृतिक आयोजन किए गए जिसमें लोकगायक अमित गोस्वमी ने कैले बाजे मुरुली, हाय तेरी रुमाला और राकेश जोशी ने हिट दे साली म्यर दगड, अल्मोडा बाज़ार कमला गीत गाकर शानदार प्रस्तुति दी। उनकी गायकी से दर्शक झूमने को मजबूर हो गए। इस अवसर पर अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल, संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर, उपाध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट, सचिव देवेंद्र तोलिया, कोषाध्यक्ष त्रिलोक बनौली, सांस्कृतिक संयोजक तरुण नेगी, शोभा बिष्ट, संदीप भैसोड़ा, धरम सिंह बिष्ट, ललित बिष्ट, जे ललित प्रसाद, बृज मोहन सिंह बिष्ट, चंद्रशेखर परगई, कमल किशोर, गोपाल चंद्र जोशी, एलडी पाण्डेय, भुवन चंद्र तिवारी, श्याम सिंह नेगी, ललित कांडपाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### जलेबी दौड़ के विजेता

सामान्य वर्ग में रोहित परगांई प्रथम, मनोज सिंह बोरा द्वितीय, आरव मेहरा तृतीय और सांत्वना पुरस्कार राघव भट्ट को मिला। वहीं जूनियर बालिका वर्ग में कनक आर्य प्रथम, तान्या आर्य द्वितीय और दीया मेलकानी तृतीय स्थान पर रही। महिला ओपन वर्ग में रेनू नेगी प्रथम, रुपा परगांई द्वितीय और निधि बिष्ट तृतीय स्थान पर रही।

### कुमाउनी भाषण प्रतियोगिता के विजेता

| | |
|---|---|
| अनीता कफल्टिया | प्रथम |
| भूमिका जोशी | द्वितीय |
| लतिका कांडपाल | तृतीय |

### सुगम गायन प्रतियोगिता के विजेता

| | |
|---|---|
| श्रेष्ठ खत्री | प्रथम |
| दिव्यांशी गुसाई | द्वितीय |
| अदिति आर्य | तृतीय |

## इंस्पिरेशन स्कूल में हरेला पर्व पर बच्चों ने दिया प्रकृति प्रेम का संदेश


इंस्पिरेशन स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देतीं छात्राएं।

**हल्द्वानी :** इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में मंगलवार को पारंपरिक पर्व हरेला के उपलक्ष में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान बच्चों ने पूरे उत्साह से भाग लिया और हरेला पर्व के महत्व को समझा। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम में कक्षा 10 की लक्षिता नेगी ने हरेले पर सुंदर कविता प्रस्तुत की, जबकि कक्षा 11 की यामिनी कोहली ने हरेले का महत्व बताते हुए प्रभावशाली भाषण दिया। छात्रों ने "जी रया –जग रया" लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुति दी, जिसे लाइव गायन के साथ प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 12 की बानी नेगी और यामिनी कोहली ने किया। इस दौरान प्रधानाचार्य अनुराग माथुर, उपप्रधानाचार्या ममता तनेजा और कोऑर्डिनेटर प्रियंका बाजपेयी शर्मा, स्मिता पंत, संजय गोस्वामी, गुंजन जोशी, मोहित पंत, गौरव कुमार, नीरू गोयल आदि मौजूद रहे।

## वुडलैंड्स स्कूल में गुलमोहर गर्ल ने छात्रों के साथ किया पौधरोपण


वुडलैंड्स स्कूल में हरेला कार्यक्रम के दौरान मौजूद शिक्षक।

**हल्द्वानी :** वुडलैंड्स सीनियर सेकंडरी स्कूल में सेल्फ रिलायंस इनीशिएटिव आर्गेनाइजेशन की ओर से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सभी ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। संस्था की ओर से मिथुन जायसवाल और तनुजा जोशी (जिन्हें सामाजिक क्षेत्र में उनके कार्यों के लिए "गुलमोहर गर्ल" के नाम से जाना जाता है) ने विशेष रूप से भाग लिया और विद्यार्थियों के साथ मिलकर पौधे लगाए। इस मौके पर स्कूल की व्यवस्थापिका रंजना धौनी, एकेडमिक डायरेक्टर लता खोलिया, प्रधानाध्यापिका मनदीप कौर और बोर्ड समन्वयक पूनम जोशी की उपस्थिति रही। तनुजा जोशी ने कहा कि एक पौधा सिर्फ पेड़ नहीं, बल्कि जीवन और भविष्य की आशा है। इस मौके पर विद्यार्थियों ने "हरित भारत –स्वच्छ भारत" का संकल्प लिया।

## एसकेएम स्कूल में विद्यार्थियों ने ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ


एसकेएम स्कूल में हरेला कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते बच्चे।

**हल्द्वानी :** एसकेएम स्कूल में मंगलवार को पारंपरिक पर्व हरेला हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की ओर से पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली गई और हरेले का महत्व बताया गया। विद्यार्थियों को संदेश दिया गया कि यह पर्व केवल धार्मिक नहीं, बल्कि प्राकृतिक चेतना और संस्कृति की जड़ों से जुड़ने का माध्यम है। विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका शर्मा ने कहा कि हरेला त्यौहार हमें प्रकृति के साथ तालमेल बैठाने, पौधरोपण के महत्व को समझने और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पारंपरिक गीत, नृत्य, कुमाऊनी व्यंजनों का प्रदर्शन, पौधरोपण सहित अन्य गतिविधियों भाग लिया। इस मौके पर प्रबंधक यूसी जोशी, सचिव पुष्पा जोशी, प्रशासक ऋषभ जोशी, भामिनी जोशी समेत समस्त शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।


जीजीआईसी में कार्यक्रम के दौरान मौजूद नगर आयुक्त ऋचा सिंह व सीईओ जायसवाल।

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर बांधा समां

**हल्द्वानी :** पर्यावरण दिवस से हरेला पर्व तक चल रहे स्वीप नैनीताल के पौधरोपण अभियान के तहत मंगलवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हल्द्वानी में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य शिक्षा अधिकारी और स्वीप समन्वयक जीआर जायसवाल ने की, जबकि नगर आयुक्त ऋचा सिंह मुख्य अतिथि रहीं। कार्यक्रम में छात्राओं ने "मेरा वोट मेरी पहचान, मेरा वृक्ष मेरी जान" थीम पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। प्रधानाचार्य ने नगर आयुक्त का पारंपरिक कुमाऊंनी पिछौड़ा पहनाकर स्वागत किया। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जनपद के 1010 मतदान बूथों पर अब तक 9 हजार से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। उत्कृष्ट कार्य के लिए दीपा रैकवाल (प्रथम), चंदन रावत (द्वितीय) और मीनाक्षी कीर्ति (तृतीय) को सम्मानित किया गया। जनपद स्तर पर राकेश लाल वर्मा को भी विशेष सम्मान मिला। नगर आयुक्त ने 18 वर्ष पूरे कर चुके युवाओं और उनके अभिभावकों को आगामी पंचायत चुनावों में मतदान के लिए प्रेरित किया और मतदान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी तारा सिंह, गोविंद मर्तोलिया आदि रहे।

## वन विभाग ने किया समूह के साथ पौधरोपण


गेठिया में पौधरोपण करती वन विभाग की टीम और समूह की महिलाएं।

**हल्द्वानी :** वन विभाग की ओर से मंगलवार को हरेले पर्व के उपलक्ष में जनपद के गेठिया स्थित छिनकुआ में समूह के साथ पोधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान वन विभाग के कर्मचारियों ने समूह की महिलाओं के साथ मिलकर बेल, आंवला, रीठा और तेजपात के पौधे लगाए। इस दौरान वन विभाग की ओर से उपस्थित ग्रामीणों को पौधों की रक्षा और देखभाल की शपथ भी दिलाई गई। इस प्रयास का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ भावनात्मक जुड़ाव को भी बढ़ावा देना था। वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि यह पहल न केवल पौधरोपण को एक सामाजिक संस्कार बना रही है, बल्कि इससे ग्रामीणों की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित हो रही है। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ ही समूह की कई महिलाएं शामिल रहीं।


हरेला पर्व पर पर्वतीय उत्थान मंच में पौधरोपण करतीं महिलाएं।

## मंच परिसर में रोपित किए आम और लीची के पौधे

**हल्द्वानी :** अखिल भारतीय महिला सम्मेलन की सदस्याओं ने मंगलवार को हीरानगर स्थित पर्वतीय उत्थान मंच के प्रांगण में आम, लीची के पौधे रोपे। हरेला पर्व पर पौधे रोपना बहुत शुभकारी माना जाता है। इस अवसर पर अध्यक्ष विमला सांगुड़ी, सचिव नीरजा बोरा, उपसाचिव निर्मला जोशी, कोषाध्यक्ष कामिनी पाल, उपाध्यक्ष हेमा नेगी, कविता कर्नाटक, विमला पांडे, नीमा रावत, किरण क्वीरा, राजेश्वरी भंडारी, इंद्रा नगरकोटी, भारती रौतेला, गीता बृजवासी मौजूद रहीं।


राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में आयोजित हरेला कार्यक्रम के दौरान मौजूद शिक्षक।

## महिला कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम पर हुआ पौधरोपण

**हल्द्वानी :** राजकीय महिला महाविद्यालय नवाबी रोड में एक पेड़ मां के नाम थीम पर पौधारोपण हुआ। इसमें सेवानिवृत्त रेंजर मदन सिंह बिष्ट ने फलदार, औषधीय पौधे निशुल्क उपलब्ध कराए। उन्होंने सहजन, बेलपत्र, जामुन, हरड़, आम, छितवन, गुड़हल, कनेर, अश्वगंधा, हरसिंगार के लगभग 35 पौधे दिए थे जिनको कॉलेज परिसर में रोपा गया। बिष्ट ने कहा कि सिर्फ पौधरोपण नहीं बल्कि इनकी देखभाल भी बहुत जरूरी है। वह पूर्व में भी कॉलेज में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित करा चुके हैं। इस दौरान प्रोफेसर रश्मि पंत, प्रोफेसर एआर श्रीवास्तव, प्रोफेसर टीबी सिंह, डॉ. विवेक कुमार, डॉ. विभाग पांडे, डॉ. प्रदीप पांडेय, डॉ. संजू, डॉ. सरस्वती बिष्ट, तनुजा बिष्ट एवं छात्राएं रहीं।









## जीबी पंत कॉलेज को मिली जीव विज्ञान विषय की वित्त विहीन मान्यता, नौ छात्र-छात्राओं ने लिया प्रवेश

# अब भवाली में ही मिलेगी जीव विज्ञान पढ़ने की सुविधा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


भवाली कॉलेज में बच्चों का पठन-पाठन देखते जगदीश चंद्र कांडपाल।


सौंदर्यीकरण के बाद स्कूल की स्थिति। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भवाली के विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। उन्हें जीव विज्ञान विषय पढ़ने के लिए नैनीताल या भीमताल नहीं जाना होगा। उन्हें भवाली में ही जीबी पंत कॉलेज में जीव विज्ञान पढ़ने का अवसर मिलेगा। इस वर्ष से जीव विज्ञान विषय शुरू हो गया है। भवाली व आसपास के क्षेत्र में 30-40 हजार की आबादी है।

इस क्षेत्र में एक भी ऐसा इंटर कॉलेज नहीं है, जिसमें जीव विज्ञान विषय हो। इस वजह से जीव विज्ञान पढ़ने वाले बच्चों को भीमताल या नैनीताल जाना पड़ता है। भवाली में एक मात्र अर्द्ध सरकारी इंटर कॉलेज गोविंद बल्लभ पंत है। वर्ष 1988 में इंटर की कक्षा के लिए विज्ञान के साथ गणित की मान्यता मिली थी, लेकिन जीव विज्ञान की मान्यता नहीं मिली थी। ऐसे में विद्यार्थियों को खासी दिक्कतें होती थी। इस पर कॉलेज के पूर्व छात्र जगदीश चंद्र कांडपाल पुत्र स्व. हीरा बल्लभ कांडपाल जोकि वर्तमान में मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर सचिव के पद पर तैनात हैं। उन्होंने व्यक्तिगत प्रयासों से जीबी पंत इंटर कॉलेज में वर्ष 2025-26 के लिए जीव विज्ञान विषय की वित्त विहीन मान्यता प्रदान करवाई है। उनके प्रयास से 9 छात्र-छात्राओं को जीव विज्ञान विषय में प्रवेश लिया है। इसके अलावा डॉ. लीलाधर भट्ट मेमोरियल कल्याण समिति के सहयोग से 1 जून 2025 से शिक्षक की भी व्यवस्था की जा चुकी है। कॉलेज में जीवन विज्ञान की मान्यता मिलने से विद्यार्थियों को एक अतिरिक्त विषय पढ़ने का अवसर मिला है। इससे बच्चे जो नीट की तैयारी कर रहे हैं, उन्हे अध्ययन में मदद मिलेगी।

वहीं, कॉलेज में छात्र संख्या कम होने पर जगदीश चंद्र कांडपाल ने विभिन्न संस्थाओं की मदद से विद्यालय का जीर्णोद्धार व संसाधन जुटाने का भी काम किया है। इसके बाद से निजी स्कूल की तर्ज पर संसाधन जुट गए हैं। क्षेत्रवासियों ने जगदीश चंद्र कांडपाल व राज्य सरकार का आभार जताया है।

# रकसिया और देवखड़ी नाले में टीम ने लगाए लाल निशान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


नाले में अतिक्रमण देखते एसडीएम राहुल शाह व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** प्रशासन ने रकसिया व देवखड़ी नालों में पूर्व में चिन्हित अतिक्रमणों का चिन्हांकन किया। इस दौरान टीम को विरोध भी झेलना पड़ा हालांकि टीम ने स्पष्ट किया कि विधिक कार्यवाही के बाद ही अतिक्रमण हटाया जाएगा।

प्रशासन का प्राकृतिक नालों से अतिक्रमण हटाने का अभियान जारी है। राजस्व व प्रशासन की संयुक्त टीम सर्वप्रथम संजय नगर एवं आवास विकास क्षेत्र में पूर्व में चिन्हित 58 अतिक्रमणों की स्थलीय निरीक्षण किया और अतिक्रमण की मार्किंग की। इसके बाद टीम ने बिठौरिया नंबर-1, चंबल पुल क्षेत्र में रकसिया नाले में पूर्व में चिन्हित 20 अतिक्रमणों का स्थलीय निरीक्षण कर मार्किंग की। एसडीएम राहुल शाह की देखरेख में यह काम हुआ। उन्होंने टीम को सटीक व पारदर्शी ढंग से सीमांकन के निर्देश दिए। यह भी स्पष्ट किया कि चिन्हित अतिक्रमणों पर नियमानुसार विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और यह पूरी तरह पारदर्शी, विधिक एवं जनसुनवाई के बाद ही की जा रही है। इस दौरान तहसीलदार मनीषा बिष्ट एवं कुलदीप पांडेय आदि मौजूद रहे। बता दें कि पूर्व में देवखड़ी एवं रकसिया नालों के किनारे अतिक्रमणों की प्राथमिक पहचान की जा चुकी थी, जिन पर नोटिस जारी किए गए थे।

## एक नजर

### 89 मामले निस्तारित किए

**नैनीताल :** नगर पालिका की कर निर्धारण समिति की मंगलवार को बैठक हुई। जिसमें 89 मामलों में सुनवाई कर उन्हें निस्तारित किया गया। कर निर्धारण समिति की अध्यक्ष सपना बिष्ट ने बताया कि 89 मामलों में 8 मामले 50 हजार रुपये से अधिक के थे। पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल की मौजूदगी में समिति सदस्यों ने दाखिल खारिज के 14, एक तरफा के 38, कर निर्धारण समिति के 29 मामलों की सुनवाई कर निस्तारण किया। इस दौरान सभासद गीता उप्रेती, ललिता दफौटी, भगवत सिंह रावत, जितेंद्र पांडे, मनोज साह जगाती, गजाला कमाल आदि रहे।

### 27 को होगा तीज मेला

**हल्द्वानी :** अग्रवाल महिला समिति ने तीज मेले की तैयारियों को लेकर बैठक की। इसमें मेले की रूपरेखा बनाई गई और जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इसमें सर्वसम्मति से तय हुआ कि अग्रवाल समिति का तीज मेला 27 जुलाई को बरेली रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में मनाया जाएगा। बैठक में आशा गोयल, मंजू अग्रवाल, पायल अग्रवाल, राधिका अग्रवाल, एकता अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, पुष्पा, रितु आदि मौजूद रहीं।

# पहले होगी छात्रों की काउंसिलिंग फीस जमा होने के बाद होगा प्रवेश

## काउंसलिंग समिति प्रत्येक विद्यार्थी को देगी विषय चयन की जानकारी, कल से होंगे प्रवेश

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार:** एमबीपीजी कॉलेज में मंगलवार को आयोजित स्नातक प्रथम सेमेस्टर की काउंसिलिंग में छात्रों की उपस्थिति बहुत कम रही। काउंसलिंग कक्षों में प्राध्यापक पूरी तैयारी के साथ मौजूद रहे, लेकिन काफी कम संख्या में विद्यार्थी पहुंचे, जिससे माहौल सुनसान रहा।

नई शिक्षा नीति के अंतर्गत इस बार प्रवेश से पहले छात्रों की काउंसलिंग अनिवार्य की गई है। इसके तहत कॉलेज ने एक काउंसलिंग टीम गठित की है, जो छात्रों को कला, विज्ञान व वाणिज्य संकाय में संचालित मेजर, माइनर, स्किल, जनरल इलेक्टिव और भाषायी विषयों की विस्तृत जानकारी दे रही है। कॉलेज प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी छात्र ने ऑनलाइन आवेदन में कॉलेज में उपलब्ध न होने वाले विषय का चयन किया है, तो वह काउंसलिंग के दौरान इन्हें बदल सकता है।

एक बार प्रवेश प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद विषय में कोई बदलाव संभव नहीं होगा। कॉलेज में कल (गुरुवार) से ऑफलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कॉलेज प्रशासन ने विद्यार्थियों से समय पर काउंसलिंग में उपस्थित होकर विषय चयन को लेकर मार्गदर्शन लेने की अपील की है। समर्थ पोर्टल पर पंजीकृत विद्यार्थियों को स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए कॉलेज की वेबसाइट से कला, विज्ञान, वाणिज्य संकाय में प्रवेश के लिए भरे गए ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी जमा करनी होगी। प्रवेश समिति इस फार्म को सत्यापित करेगी। इसके बाद फीस जमा होने पर ही प्रवेश होगा।

### एमबीपीजी कॉलेज में संचालित होंगे 18 स्किल कोर्स

न्यू एजुकेशन पॉलिसी के तहत एमबीपीजी कॉलेज में इस बार 18 स्किल कोर्स संचालित किए जाएंगे। इसमें अलग-अलग 18 विषयों के वोकेशनल कोर्स संचालित किए जाएंगे। कॉलेज में अर्थशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, हिंदी, इतिहास, मनोविज्ञान, कंप्यूटर, भौतिक विज्ञान आदि विषयों में स्किल कोर्स करने का मौका दिया गया है।

> मंगलवार को कॉलेज में नए प्रवेशार्थियों की काउंसलिंग हुई। उन्हें एनईपी के तहत कॉलेज में संचालित विषयों की जानकारी दी गई। हालांकि उम्मीद के मुताबिक काउंसलिंग में कम छात्र पहुंचे। कल से प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी।
> **-प्रो. एनएस बनकोटी**, प्राचार्य एमबीपीजी कॉलेज।

## आठ जनपदों में भारी बारिश का यलो अलर्ट

**हल्द्वानी :** मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य के आठ जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। कहीं-कहीं बारिश के तीव्र दौर होने की संभावना है। राज्य के चमोली, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, देहरादून, चंपावत, ऊधमसिंह नगर, बागेश्वर और नैनीताल जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। साथ ही आकाशीय बिजली भी चमक सकती है। राज्य के शेष सभी जिलों में भी बारिश होने के आसार हैं। सभी जिलों में 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चल सकती है। इधर मंगलवार को हल्द्वानी में उमस भरा मौसम रहा। दोपहर के समय तेज धूप निकली और लोग गर्मी से परेशान रहे। अपरान्ह के बाद बादल छा गए और गर्मी से कुछ राहत मिली। अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री दर्ज किया गया है। वहीं मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान 21.1 डिग्री रहा। 24 घंटे में देहरादून जिले के कालसी में सबसे ज्यादा 105.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

# स्वास्तिका को विधायक सुमित ने किया सम्मानित


स्वास्तिका जोशी को सम्मानित करते विधायक सुमित हृदयेश। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** विधायक सुमित हृदयेश ने शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम में केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय से राष्ट्रीय छात्रवृत्ति व राष्ट्रीय आदियोगी नटराज रत्न से सम्मानित स्वास्तिका जोशी को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

विधायक सुमित नन्ही नृत्यांगना के मुखानी स्थित आवास पहुंचें और आशीर्वाद देते हुए कहा कि स्वास्तिका जैसी प्रतिभाओं से बच्चों को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने देश के प्रतिष्ठित मंचों पर नृत्य कौशल का प्रदर्शन कर हल्द्वानी का नाम देश भर में रोशन किया है। वह छह वर्ष की उम्र से प्रतिष्ठित गुरु शुभम खोवाल से भरतनाट्यम नृत्य की शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। 11 वर्ष की छोटी उम्र में स्वास्तिका दिल्ली, आगरा, शिमला, उज्जैन, गाजियाबाद, इलाहाबाद, लखनऊ, बनारस, हल्द्वानी, अल्मोड़ा, हरिद्वार आदि स्थानों पर एकल प्रस्तुति दे चुकी हैं।

वह सेंट थेरेसा स्कूल में कक्षा सात की छात्रा है। उन्हें उत्तराखंड सरकार ने बाल गौरव सम्मान, कुमाऊं श्रेष्ठ सम्मान, शशि कला प्रवीण सम्मान, पं बनारसी दास स्मृति पुरस्कार भी मिला है।

### लालकुआं में ई-रिक्शा पलटा, एक घायल

**लालकुआं :** ई-रिक्शा पलटने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पीएचसी में भर्ती कराया गया है। रेलवे स्टेशन की ओर आ रहे ई-रिक्शा के आगे चल रहे वाहन ने इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए। अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पलट गया। हादसे में वार्ड नंबर 1 लालकुआं निवासी राकेश राठौर उम्र घायल हो गया।




## उपभोक्ताओं ने किया ईई का घेराव

**हल्द्वानी :** स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिलों में बढ़ोत्तरी से परेशान वार्ड 57 और 58 के दर्जनों उपभोक्ता सोमवार को पार्षद मनोज जोशी के साथ तिकोनिया स्थित बिजली विभाग के कार्यालय पहुंचे। उपभोक्ताओं ने अधिशासी अभियंता प्रदीप कुमार का घेराव कर समस्याएं रखीं और ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। पार्षद मनोज जोशी ने बताया कि पहले उपभोक्ताओं के कम बिल आते थे, लेकिन स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिलों में कई गुना बढ़ोत्तरी हो गई है। पार्षद जोशी ने कहा मोरारजी नगर में एक उपभोक्ता पहले 3500 रुपये प्रति माह बिल देता था, अब उसका बिल 9000 रुपये आ रहा है। अधिशासी अभियंता प्रदीप कुमार ने उपभोक्ताओं को आश्वासन दिया कि चेक मीटर के माध्यम से बिलों की जांच कराई जाएगी। इस दौरान वार्ड 57 की पार्षद रुक्मणी बिष्ट सहित अनीता पाल, चंदा साहनी, मनीष साहू, तुलसी, लक्ष्मी सैनी, प्रीति सक्सेना, सुनीता माहेश्वरी, गायत्री देवी, इश्कियां, राज देवी, अमर सिंह, प्रियांशु आदि मौजूद थे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
PH. 05946-292618

**सूचना**

मैं अपने पुत्र बिशन सिंह को उसके गलत आचरणों के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में बिशन सिंह कोई भी लेन-देन या कृत्य करता है तो उसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा। इससे मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्य का कोई लेना-देना नहीं होगा। **राम सिंह पुत्र श्री शेर सिंह, निवासी कोटाबाग, कप्तानगंज, जिला नैनीताल।**

# हल्द्वानी की टीम ने जीता खिताब अब दिल्ली में दिखेगा दमखम

संवाददाता, हल्द्वानी


फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी।

**अमृत विचारः** देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित राज्य स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में हल्द्वानी की महात्मा गांधी इंटर कॉलेज की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ ही टीम का चयन दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय सुब्रतो कप स्पर्धा के लिए हो गया है।

मंगलवार को हुए फाइनल मुकाबले में महात्मा गांधी इंटर कॉलेज, हल्द्वानी ने मेज़बान स्पोर्ट्स कॉलेज, देहरादून को कड़े संघर्ष में 4-2 के ट्राई ब्रेकर स्कोर से हराया। टीम के कोच किशोर पाल ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि टीम ने बेहतरीन तालमेल और आत्मविश्वास के साथ खेला। उन्हें उम्मीद है कि राष्ट्रीय स्तर पर भी टीम इसी जोश और जज़्बे के साथ अच्छा प्रदर्शन करेगी। टीम में अभिषेक वर्मा, रोहित सिंह, योगेश सिंह, रिलकोटिया, प्रांजल, धीरज चौहान, प्रवीण बिष्ट, हर्ष सिंह, भूपेंद्र कुमार, विनय भाकुनी, जतिन बसेड़ा, रोहित सिंह सामंत और मयंक टम्टा जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल हैं। इस अवसर पर जिला क्रीड़ाधिकारी निर्मला पंत, उप क्रीड़ाधिकारी वरुण बेलवाल, कोच अंकुश रौतेला और नीलेश ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

### राज्य स्तरीय ट्रायल में 55 खिलाड़ियों ने दिखाया दम

डा. बीसी राय राष्ट्रीय फुटबाल स्पर्धा में प्रतिभाग करने के लिए गौलापार के आइजीआइ स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में राज्य स्तरीय ट्रायल का आयोजन किया गया। दूसरे दिन चले ट्रायल में प्रदेशभर के 55 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। उत्तराखंड स्टेट फुटबाल एसोसिएशन के महासचिव अख्तर अली ने बताया कि ट्रायल के बाद 25 खिलाड़ियों का कैम्प लगाया जाएगा। मयंक सांगुड़ी, दिनेश रावत, किशोर पाल आदि मौजूद रहे।

# शीशम व तुन से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी

संवाददाता, रामनगर


बरामद लकड़ियां। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सोमवार की रात भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मदन जोशी ने कोसी बैराज के नए बाईपास पुल पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोकते हुए घटना की जानकारी संबंधित विभाग के अधिकारियों को दी। वन कर्मियों ने इस वाहन को कब्जे में ले लिया। वाहन में बहुमूल्य शीशम एवं तुन की लकड़ी भरी हुई थी। भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष मदन जोशी का आरोप है कि सूर्यास्त के बाद इस प्रकार से लकड़ी ले जाना नियम विरुद्ध है। तराई पश्चिमी वन प्रभाग के एसडीओ मनीष जोशी ने बताया कि वाहन को सीज करने के साथ ही मामले की जांच की जा रही है। दूसरे मामले में रामनगर वन प्रभाग की कोसी रेंज के रेंजर शेखर तिवारी ने बताया कि सोमवार की रात बैलगढ़ गेट पर चेकिंग के दौरान कर्मचारियों ने सागौन से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोककर रवन्ना चेक किया। रवन्ने में अंकित लकड़ी के अनुसार वाहन में तीन घन मीटर लकड़ी अवैध भरी हुई थी। जिसकी कीमत उनके द्वारा पचास हजार बताई गई है। चालक फरार हो गया। बताया कि यह नाप खेत की लकड़ी है, जोकि जरूरत से अधिक है। मामला दर्ज कर लिया गया है।

## चुनाव बहिष्कार की दी चेतावनी

**रामनगरः** छोई क्षेत्र के किशनपुर पड़ाव के ग्रामीणों ने महत्त्वपूर्ण बैठक के माध्यम से अपनी लंबे समय से चली आ रही उपेक्षा के खिलाफ आवाज बुलंद की। ग्रामीणों ने साफ शब्दों में कहा कि अगर जल्द ही उनके क्षेत्र को राजस्व गांव का दर्जा नहीं दिया गया, तो वे आगामी चुनावों विधानसभा व लोकसभा का पूर्ण बहिष्कार करेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि रामपुर, चोपड़ा और लेटी की तर्ज पर किशनपुर पड़ाव को भी राजस्व गांव घोषित किया जाए। ग्राम प्रधान पुष्कर, राजाराम विद्यार्थी, पदमा देवी व जीवंती देवी का कहना है कि उनके इलाके में बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी है। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि छोई का किशनपुर पड़ाव क्षेत्र वन विभाग की भूमि के अंतर्गत आता है। यह मामला शासन स्तर का है।

एक नजर

### डेढ़ किलो चरस के साथ दो गिरफ्तार

**काशीपुर :** आईटीआई थाना पुलिस ने 1.492 किलो चरस के साथ दो व्यक्तियों को पकड़ा है। पकड़ी गई चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 2 लाख रुपये आंकी गई है। नशा मुक्त देवभूमि अभियान के तहत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए सोमवार की शाम को पैगा चौकी पुलिस ने बांसखेड़ा फ्लाईओवर के पास चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल में दिग्विजय सुयाल निवासी ग्राम सुयाल बाड़ी, भवाली, नैनीताल और निकेश चन्द्र निवासी ग्राम सिरमौली, भतरौजखान, अल्मोड़ा को रोका। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से अलग-अलग बैग में 710 ग्राम व 782 ग्राम कुल 1.492 किलो चरस बरामद की गई। पुलिस ने दोनों आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। आईटीआई थानाध्यक्ष कुंदन रौतेला ने बताया कि आरोपियों के पूर्व आपराधिक इतिहास के संबंध में जानकारी की जा रही है। पुलिस टीम में पैगा चौकी प्रभारी दीवान सिंह बिष्ट, उपनिरीक्षक शंकर सिंह बिष्ट आदि रहे।

## नामचीन होटल प्रबंधक पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

- विधि फर्म से 20 लाख रुपये हड़पने का है आरोप
- अप्रैल 2024 में हुआ था रेडिसन ब्लू से करार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** शहर के नामचीन होटल के मैनेजर पर 20 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगा है। फर्म स्वामी की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ओमेक्स वेलफेयर सोसाइटी कॉलोनी निवासी अनिल सिंह ने बताया कि उसकी बालाजी लॉ फर्म है। जिसके तहत वह विधि व्यवसाय के तहत लोगों को कानूनी सेवा प्रदान करती है और उसकी एवज में अपना मेहनतनामा लेती है। बताया कि एक अप्रैल 2024 को रेडिसन ब्लू होटल और उनकी फर्म के बीच मजिस्ट्रेट कार्यालय की ओर से जारी वसूली प्रमाण पत्र से संबंधित सेवा प्रदान करने के लिए इकरारनामा हुआ था। इकरारनामा पांच सितारा होटल प्रबंधक आशुतोष पांडेय के बीच हुआ था। समझौते में साफ लिखा था कि वसूली प्रमाण पत्र निरस्त होने के बाद रेडिसन ब्लू होटल प्रबंधक व डायरेक्टर उनकी फर्म को मेहनतनामा की एवज में 20 लाख रुपये का भुगतान करेगा और जब वसूली प्रमाण पत्र निरस्त होने के बाद भी कोई भुगतान नहीं हुआ तो प्रबंधक पर बकाया भुगतान का दबाव बनाया, लेकिन प्रबंधक द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया और प्रबंधक आशुतोष पांडेय व डायरेक्टर ऋषि कुमार ने करार का उल्लंघन किया।

### लाखों रुपये गबन करने का लगाया आरोप, तहरीर सौंपी

**काशीपुर :** एक धार्मिक स्थल की आमदनी को लेकर मोहल्ले के ही एक युवक ने इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष व सचिव पर लाखों रुपये गबन करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच करने का आश्वासन दिया है। कटोराताल चौकी पुलिस को दिए शिकायती पत्र में मोहल्ला काजीबाग निवासी फईम अहमद ने बताया कि मोहल्ले के एक धार्मिक स्थल में वर्ष 2018 से अप्रैल 2025 तक चाचा-भतीजे इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष व सचिव बने हुए हैं। बताया कि धार्मिक स्थल की लाखों रुपये की आय का पिछले सात-आठ वर्ष से कोई हिसाब बार-बार मांगने पर नहीं दिया। इस मामले को लेकर अनेकों बार लोगों ने हंगामा किया, जिस कारण कई बार पुलिस को आना पड़ा। तब सचिव ने पांच वर्ष की बैलेंस शीट दिखाई तो उसमें लाखों की फर्जी एंट्री दर्शाकर असल आमदनी को छिपाया गया है। एक ही खर्च बार-बार दर्शाकर धार्मिक स्थल को हुई आय की धनराशि का गबन किया गया है। फईम ने मामले में पुलिस से जांच कर ए गबन की धनराशि वापस धार्मिक स्थल के खाते में जमा करवाने की मांग की है।

### राप्रावि मदनापुर में दस दिन पूर्व हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा, 4 जुलाई को हुई थी चोरी

## पुलिस ने चोरी के सामान के साथ चार दबोचे

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकार के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय मदनापुर में हुई चोरी में चार युवकों को चुराये गए सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया है। चोरी का खुलासा होने पर शिक्षा विभाग एवं लोगों ने पुलिस टीम की सराहना की।

राजकीय प्राथमिकविद्यालय की प्रधानाध्यापिका के 4 जुलाई व पूर्व में कार्यालय से अज्ञात चोरों द्वारा कार्यलय का ताला तोड़ कर कम्प्यूटर, एलईडी, एम्पलीफायर, प्रिंटर आदि चोरी कर ली थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरी


दिनेशपुर में पुलिस द्वारा चोरी के सामान के साथ दबोचे गए आरोपी। ● अमृत विचार

के खुलासे के लिए एसओ नंदन सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम जुट गई। सीओ डीआर वर्मा ने बताया कि मंगलवार को पुलिस टीम ने रामबाग रोड से संदिग्ध अवस्था में बैठे मदनापुर निवासी समीर सिंह, श्याम मंडल, अरुण सिंह व प्रदीप सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के बाद चारों की निशानदेही पर रामबाग रोड स्थित एक बंद पड़ी फैक्ट्री से चुराई हुई एलईडी, दो डेस्कटॉप, सीपीयू, स्पीकर, एम्पलीफायर, प्रिंटर आदि को बरामद कर लिया गया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धारा-503 (ई) के तहत पंजीकृत किया। चारों अभियुक्तों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में एसआई गिरीश पंत, कांस्टेबल भुवन चंद, महेन्द्र विष्ट, गोविंद आर्य, श्यामसुंदर, बलवंत सिंह, कमलेश नेगी आदि शामिल थे।

# ड्रग्स फैक्ट्री का पर्दाफाश, सरगना गिरफ्तार

### एसटीएफ की बड़ी सफलता, कार्रवाई में प्रतिबंधित कैमिकल्स की करोड़ों की खेप की गई बरामद

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** एसटीएफ और पुलिस ने एमडीएमए ड्रग्स फैक्ट्री का पर्दाफाश करते हुए उत्तराखंड से नेपाल और मुंबई तक फैले नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। प्रतिबंधित केमिकल्स की 12 करोड़ से ज्यादा की खेप बरामद करते हुए इस गिरोह के सरगना को गिरफ्तार किया है। डीजीपी ने पुलिस टीम को 1 लाख की धनराशि से पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने मंगलवार को बताया कि एमडीएमए ड्रग्स बनाने वाले गिरोह के मुख्य सरगना कुनाल राम कोहली को एसटीएफ की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने थाना नानकमत्ता पुलिस के साथ संयुक्त कार्यवाही में नानकमत्ता क्षेत्र से गिरफ्तार किया। ड्रग्स को तैयार करने में प्रयोग करने वाले प्रिकर्सर कैमिकल (रॉ मैटेरियल) करीब 126 लीटर केमिकल और 28 किलो पाउडर फार्म व 7.41 ग्राम एमडीएमए बरामद की। इन ड्रग्स तस्करों ने मुंबई और उत्तर प्रदेश में सख्ती होने पर उत्तराखंड के पिथौरागढ़ क्षेत्र को सुरक्षित ठिकाना मानकर ड्रग्स फैक्ट्री लगायी लेकिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 'ड्रग्स फ्री उत्तराखंड' अभियान के तहत लगातार सघन और बहुआयामी कार्रवाई में शिकंजे में फंस गए।


दीपम सेठ, डीजीपी।


एसटीएफ और नानकमत्ता पुलिस की गिरफ्त में सरगना और बरामद की गई एमडीएमए ड्रग्स। ● अमृत विचार

### एसएसपी ने भी दी जानकारी

**रुद्रपुर/नानकमत्ता :** एसटीएफ और नानकमत्ता पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा करोड़ों रुपये की एमडीएमए ड्रग्स बरामद करने के गुड वर्क की एसएसपी ऊधमसिंह नगर मणिकांत मिश्रा ने भी जानकारी दी। पुलिस ने गिरफ्तार सरगना के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में अभियोग दर्ज कर उसे मंगलवार को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### ड्रग्स के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई

एसएसपी एसटीएफ नवनीत भुल्लर ने बताया कि, एएनटीएफ कुमाऊं यूनिट के साथ पिथौरागढ़, चम्पावत और ऊधमसिंह नगर पुलिस की संयुक्त टीमों ने कार्रवाई की।

- महाराष्ट्र के ठाणे जिले में बीती 31 मई को दो तस्कर 11 ग्राम एमडीएमए के साथ दबोचे गए जिन्होंने बताया गया कि उत्तराखंड-नेपाल बार्डर से पिथौरागढ़ के थल क्षेत्र में मोनू गुप्ता एवं कुनाल कोहली ने एमडीएमए फैक्ट्री लगाई है जहां एमडीएमए ड्रग्स तैयार कर मुम्बई समेत अलग-अलग राज्यों में सप्लाई होती है।
- ठाणे और स्थानीय पुलिस ने 26 जून को पिथौरागढ़ के थल क्षेत्र में पॉल्ट्री फार्म पर छापा मारकर प्रिकर्सर केमिकल्स बरामद किया।
- जून के अन्तिम सप्ताह में ठाणे पुलिस ने नेपाल बार्डर से मोनू को दो साथियों भीम यादव व अमन कोहली के साथ दबोचा लेकिन कुनाल कोहली अपने साथी राहुल और विक्रम के साथ नेपाल फरार हो गया था।
- 11 जुलाई को चम्पावत पुलिस ने राहुल की पत्नी ईशा को 5 किलो 688 ग्राम एमडीएमए के साथ गिरफ्तार किया। बाद में राहुल को भी पकड़ लिया गया।
- ये तस्कर बनारस, गाजियाबाद, ठाणे की कम्पनियों से केमिकल लाकर पिथौरागढ के थल थाना क्षेत्र में मुर्गी फार्म की आड़ में एमडीएमए बनाते थे।
- 14 जुलाई को मुख्य अभियुक्त कुनाल कोहली को एसटीएफ व नानकमत्ता पुलिस ने नानकमत्ता क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। बरामद प्रिकर्सर केमिकल्स से करीब 6 किलोग्राम एमडीएमए बनाया जाना था जिसकी अन्तराष्ट्रीय बाजार में करीब 12 करोड़ कीमत होती।
- सरगना कुनाल ने मुम्बई से दोस्तों को लाकर एमडीएमए ड्रग्स फैक्ट्री पहले चम्पावत फिर पिथौरागढ़ लगायी, जिसकी खपत मुम्बई में ही की जा रही थी। कुनाल जहां से एमडीएमए में प्रयुक्त केमिकल्स मंगा रहा था, तलाश जारी है।

### जिले में 30 और कालनेमि पुलिस हिरासत में

**रुद्रपुर:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश के बाद ऊधमसिंह नगर जनपद में एसएसपी के नेतृत्व में सनातन धर्म की आड़ में लोगों को ठगने और उनकी भावनाओं से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ ऑपरेशन कालनेमि अभियान मंगलवार को भी जारी रहा। टीम ने 30 कालनेमियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की और सत्यापन किया गया।

यहां बता दें कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निर्देश के बाद राज्य के सभी जिलों के साथ ऊधम सिंह नगर पुलिस ने भी आपरेशन कालनेमि शुरू किया गया। शनिवार और रविवार को पुलिस ने जिले भर में 120 कालनेमि पकड़कर उनका सत्यापन किया। साथ ही उनका आपराधिक रिकार्ड खंगाला। इसमें सात ऐसी कालनेमि मिले जिनका आपराधिक रिकॉर्ड मिले हैं। सोमवार को रुद्रपुर कोतवाली पुलिस ने 11 साधु-संत और पीर फकीर दबोचे। वहीं मंगलवार को भी एसएसपी मणिकांत मिश्रा के आदेश के बाद जिले भर में एक बार फिर ऑपरेशन कालनेमि चलाया गया। जिसमें पुलिस ने 30 कालनेमियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी। उनके सत्यापन भी किये गये। एसएसपी ने बताया कि सत्यापन के बाद सभी कालनेमियों के थाना क्षेत्रों की पुलिस से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि उनके आपराधिक रिकॉर्ड का पता चल सके।

## निगम में सफाई कर्मियों की भर्ती करने की मांग


काशीपुर में नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपते संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ ने नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर कर्मचारियों की भर्ती करने की मांग की।

संघ ने सोमवार को नगर आयुक्त रविंद्र बिष्ट को 12 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। इससे पहले संघ पदाधिकारियों व सदस्यों ने नवनियुक्त नगर आयुक्त का स्वागत किया। नगर आयुक्त को सौंपे मांग पत्र में कहा कि नगर निगम क्षेत्र में जनसंख्या को देखते हुए सफाई कर्मचारियों की भर्ती की जाए। बताया कि वर्ष 2011 के आंकड़ों के मुताबिक क्षेत्र की जनसंख्या 175819 है। शासनादेश में एक हजार की जनसंख्या पर दो कर्मचारी की तैनाती का नियम है। इसके मुताबिक 350 कर्मचारी की आवश्यकता होती है। वहीं वर्तमान में क्षेत्र की आबादी तीन लाख से अधिक है, जिसके मुताबिक 700 कर्मचारी की तैनाती होनी चाहिए। इसके अलावा मृतक आश्रितों को तत्काल नौकरी व वन टाइम सेटलमेंट की मृतक आश्रित की नियुक्ति की जाए। एसीपी एरियर का भुगतान किया जाए। मोहल्ला स्वच्छता समिति सफाई कर्मियों व नाला गैंग के साप्ताहिक अवकाश के लिखित आदेश दिए जाए। डोर-टू-डोर व्यवस्था में वाल्मीकि समाज के युवाओं को सुपरवाइजर, ड्राइवर व हेल्पर बनाया जाए। यहां पर संघ के प्रदेश सचिव जितेंद्र देवांतक, महासचिव राजीव कुमार, अध्यक्ष सुमित सौदा, संजय कुमार, रिंकू कुमार, अमित टाक, अंशु कुमार आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## आत्महत्या को उकसाने का आरोपी दबोचा

- सुमित सुसाइड का मामला अभियुक्त को न्यायालय में किया पेश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** सुमित सुसाइड प्रकरण में आत्महत्या के लिए उकसाने के फरार अभियुक्त को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। बताया जा रहा है कि युवक का टुकटुक में शव पड़ा मिला था।

जानकारी के अनुसार विगत कुछ माह पहले ओमप्रकाश निवासी शास्त्री नगर वार्ड नंबर 12 ट्रांजिट कैंप ने तहरीर देते हुए बताया था कि उसका बेटा सुमित टुकटुक चलाने का काम करता था। इस बीच बेटे का अचानक अर्ध बेहोशी की हालत में फोन आया और किच्छा बाईपास


पुलिस हिरासत में अभियुक्त। ● अमृत विचार

पर आने के लिए कहा। जब वे बताये गये स्थान पर पहुंचे तो बेटा टुकटुक में पड़ा था। आनन-फानन में उसे सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

इस बीच बेटे ने बताया कि पड़ोसी पप्पू राठौर, राजू राठौड़, गुड्डू राठौर, नन्हे राठौर आदि ने मिलकर बेरहमी से पीटा और जहर भी दिया। मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया। जब पुलिस ने तफ्तीश की तो मामला हत्या नहीं, बल्कि आत्महत्या का निकला। मामले में अन्य आरोपी पहले गिरफ्तार हो चुके हैं जबकि शास्त्री नगर ट्रांजिट कैंप निवासी पप्पू राठौर फरार चल रहा था। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

### स्कूटी एवं बाइक भिड़ंत में चार लोग घायल

**किच्छा :** कोतवाली अंतर्गत शुगर मिल कॉलोनी में बाइक एवं स्कूटी की आमने-सामने की भिड़ंत में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दुर्घटना में घायल युवकों को इलाज के लिए नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद एक युवक को गंभीर अवस्था में सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी रेफर कर दिया। शुगर मिल कॉलोनी में बाइक तथा स्कूटी पर सवार युवकों के वाहनों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। सूचना पर चीता टीम के कांस्टेबल ब्रजमोहन सिंह ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। गोविंद विहार कॉलोनी, किच्छा निवासी प्रदीप चौहान पुत्र राजेश चौहान व सचिन सिंह पुत्र त्रिलोक सिंह एवं ग्राम गोकुल नगर, कोतवाली किच्छा निवासी इरफान पुत्र रशीद अहमद व ओमान पुत्र मोहम्मद अहमद का इलाज चल रहा है। प्रदीप चौहान की हालत को गंभीर बताते हुए उसे रेफर कर दिया है।

## दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की जान गई

- बहेड़ी से बाइक से लौट रहा था युवक, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** मंगलवार की सुबह बहेड़ी से लौट रहे युवक की बाइक की सामने से आ रही दूसरी बाइक से भिड़ंत हो गई। जिसमें एक बाइक सवार मौत हो गई है।


चंद्रपाल (फाइल फोटो)

जानकारी के अनुसार ग्राम आदलपुर बहेड़ी बरेली और हाल जगतपुरा निवासी 40 वर्षीय चंद्रपाल रुद्रपुर सिडकुल में एक फैक्ट्री में काम करता था। मंगलवार सुबह वह बहेड़ी से बाइक से रुद्रपुर आ रहा था। इसी बीच किच्छा रोड स्थित मलसा गिरधरपुर में पेट्रोल पंप के पास उसकी बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। हादसे में चंद्रपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर बगवाड़ा चौकी के एसआई मोहन चंद्र जोशी पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे और घायल चंद्रपाल को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी है। एसआई ने बताया कि बाइक मौके पर छोड़कर दूसरा बाइक सवार फरार हो गया था। बाइक नंबर के आधार पर उस तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

### डिवाइडर से टकराई कार, यात्री सुरक्षित

**बाजपुर :** मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर केलाखेड़ा के निकट तेज रफ्तार एक स्कार्पियो कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार डिवाइडर से टकराने के बाद तीन से चार बार कलाबाजी खाते हुए सड़क किनारे जा पहुंची। हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है, जबकि उसमें सवार पुराना राजपुर रोड देहरादून निवासी 35 वर्षीय मंगेश पुत्र जोगेंदर राम व उनकी पत्नी प्रियदर्शनी हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच गए। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्र हो गई और कार के अंदर मौजूद दंपती को बाहर निकाला। इसी बीच केलाखेड़ा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और कार को सड़क से हटवाकर यातायात व्यवस्था को सुचारु करवाया। पुलिस के अनुसार मंगेश व उनकी पत्नी कार में सवार होकर देहरादून से रुद्रपुर जा रहे थे। इसी बीच वाहन को ओवरटेक करते वक्त अचानक कार अनियंत्रित हो गई और यह हादसा हो गया। गनीमत रही कि कार सवार सुरक्षित हैं।


दुर्घटनाग्रस्त स्कार्पियो।

अग्निकांड — गली संकरी होने के कारण मौके पर नहीं पहुंच सका दमकल वाहन, पाइपों का लिया सहारा

## दुकान में लगी आग, डेढ़ लाख का सामान खाक

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में देर रात्रि इलेक्ट्रॉनिक सर्विस सेंटर की दुकान में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। घटना की सूचना से मौके पर हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए लेकिन सफलता नहीं मिली। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस तथा दमकल की टीम मौके पर पहुंच गई। लेकिन गली संकरी होने के चलते दमकल वाहन मौके पर नहीं पहुंच पाया। जिसके चलते अलग से पाइप के माध्यम से घटनास्थल पर दमकल वाहन का पानी पहुंचाकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना में करीब डेढ़ लाख रुपए से अधिक कीमत का माल जलकर खाक हो गया।


किच्छा में आग लगने के बाद खाक हुआ सामान। ● अमृत विचार

जानकारी के अनुसार नगर स्थित चूड़ी शाह मियां दरगाह के निकट स्थित नगर निवासी संजय चौहान पुत्र कल्लू चौहान की संजय रिपेयर सेंटर नामक दुकान में बीती रात्रि करीब 11:30 बजे अचानक आग लग गई। दुकान से आग की तेज लपटें तथा धुआं निकलने के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर कोतवाली पुलिस की टीम तथा दमकल टीम प्रभारी मदन सिंह रावत के नेतृत्व में फायरमैन भवान सिंह एवं संजय सिंह की टीम दमकल वाहन लेकर मौके पर पहुंच गई। लेकिन गली संकरी होने के चलते दमकल वाहन मौके पर नहीं पहुंच पाया। इसके पश्चात दमकल कर्मचारियों एवं पुलिसकर्मियों द्वारा बड़े-बड़े पाइपों की व्यवस्था कर दुकान में लगी आग पर काबू पाया गया। दुकान में रखे पुराने एलसीडी टीवी तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर खाक हो गए। समय रहते आग पर काबू पाए जाने से आसपास की दुकान तथा मकान में आग फैलने से बच गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस टीम तथा दमकल टीम का आभार जताया।

### किशोरी को बनाया बंधक नशे की गोलियां खिला किया दुष्कर्म

**सितारगंज :** कुछ लोगों ने एक किशोरी को अगवा कर बंधक बना लिया। इस दौरान आरोपी ने किशोरी को नशे की गोलियां खिलाकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। पिता की सूचना पर पुलिस ने किशोरी को मुक्त कराया। पीड़िता के पिता ने पुलिस को चार लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार नगर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी 17 वर्षीय बेटी बीते 19 जून को नाराज होकर कहीं चली गई। उसकी काफी खोजबीन की गई, लेकिन कहीं पता नहीं चला। मंगलवार सुबह उनको सूचना मिली कि पीलीभीत जिले के अमरिया निवासी एक व्यक्ति ने उसकी बेटी को बंधक बना रखा है। इसकी सूचना पर पुलिस ने बेटी को मुक्त कराया। एसएसआई विक्रम सिंह धामी ने बताया कि पीड़िता के पिता द्वारा तहरीर दी गई है। पुलिस जांच कर कार्रवाई करेगी।

## हथियार तस्कर धरा, न्यूजीलैंड से कनेक्शन

- एसटीएफ व आईटीआई पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** एसटीएफ और काशीपुर की आईटीआई पुलिस ने संयुक्त अभियान में इनामी हथियार तस्कर को गिरफ्तार कर दो पिस्टल व दो मैगजीन और .32 बोर के कारतूस बरामद किए हैं। तस्कर का कनेक्शन न्यूजीलैंड से है।

एसएसपी एसटीएफ नवनीत सिंह ने बताया कि एसपी स्वप्न किशोर सिंह व सीओ एसटीएफ आरबी चमोला के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक एसटीएफ एमपी सिंह के नेतृत्व में मंगलवार देर शाम थाना आईटीआई पुलिस के साथ छापामार कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने मोहल्ला आर्य नगर निवासी हर्ष


गिरफ्तार किए गए आरोपी के साथ पुलिस व एसटीएफ की टीम। ● अमृत विचार

शर्मा को गिरफ्तार कर उसके पास से पिस्टल, मैगजीन और कारतूस बरामद किए। एसएसपी ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी इनामी है। पूछताछ में आरोपी तस्कर ने बताया कि न्यूजीलैंड में बैठे गुरविंदर सिंह बाजवा उर्फ गूरी के निर्देश पर वह क्षेत्र में हथियारों की सप्लाई कर रहा था। इससे पूर्व भी कई बार हथियारों की सप्लाई कर चुका है। तस्कर से मिली जानकारी के मुताबिक इस मामले में न्यूजीलैंड से कनेक्शन की बात सामने आई है। उन्होंने बताया कि आईटीआई थाना में आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में अभियोग दर्ज किया गया है। टीम में एसटीएफ के निरीक्षक एमपी सिंह, एसआई केजी मठपाल व बृजभूषण गुरुरानी, एएसआई प्रकाश भगत के अलावा आईटीआई थाना प्रभारी कुंदन रौतेला व एसआई प्रकाश बिष्ट शामिल रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

विद्यां ददाति विनयं विनयाद् याति पात्रताम्।
पात्रत्वात् धनमाप्नोति धनात् धर्मं ततः सुखम्।।

ज्ञान विनम्रता प्रदान करता है, विनम्रता से योग्यता आती है और योग्यता से धन प्राप्त होता है, जिससे व्यक्ति धर्म के कार्य करता है और सुखी रहता है।

## संपादकीय

# नवाचार का केंद्र

दुनिया आज जब आर्थिक अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है, भारत मजबूत और स्थिर नेतृत्व के साथ वैश्विक मंच पर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। यह यात्रा आसान नहीं थी, परंतु 140 करोड़ भारतीयों की मेहनत, आकांक्षा और आत्मविश्वास की अभिव्यक्ति है। भारत एक दशक पहले कई आर्थिक चुनौतियों और नीतिगत जटिलताओं से जूझ रहा था। केवल एक दशक में भारत ने ब्रिटेन को पछाड़कर 2023 में पांचवां स्थान प्राप्त किया और 2025 में जापान को पीछे छोड़कर चौथे स्थान पर आ गया। आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक ने भी इस उपलब्धि की पुष्टि की। 2025 में आईएमएफ की रिपोर्ट के अनुसार, भारत का सकल घरेलू उत्पाद 4.19 ट्रिलियन डालर तक पहुंच गया है और भारत ने जापान जैसे विकसित देश को पीछे छोड़ दिया है। इस प्रगति की नींव में कई संरचनात्मक सुधार रहे हैं। मेक इन इंडिया ने निवेशकों का विश्वास लौटाया और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में भारत की रैंकिंग 142 से घटकर 63 पर पहुंची। 2015 में शुरू की गई डिजिटल इंडिया मुहिम ने भारत को डिजिटल नवाचार का केंद्र बना दिया। जनधन, आधार और डीबीटी जैसे मिशनों ने करोड़ों लोगों को वित्तीय प्रणाली से जोड़ा और भ्रष्टाचार पर रोक लगाई। 2023-24 में भारत का कुल निर्यात 824.9 अरब डॉलर तक पहुंचा-जो आईटी, फार्मा, रत्न-आभूषण, कृषि और इंजीनियरिंग क्षेत्र में मजबूत प्रदर्शन का परिणाम है।

भारत अब 'दुनिया की फार्मेसी' और एक ग्लोबल टेक पावर हाउस के रूप में जाना जाता है। प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत 2024 तक 53.13 करोड़ से अधिक बैंक खाते, उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 11 करोड़ से अधिक गैस कनेक्शन, और आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से 50 करोड़ से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा दी गई। यह दिखाता है कि भारत का आर्थिक विकास समावेशिता पर आधारित है। आज भारत को पूरी दुनिया स्थिरता, नवाचार और अवसरों के केंद्र के रूप में देख रही है। वैश्विक विश्लेषकों का अनुमान है कि अगर यह रफ्तार बरकरार रही तो भारत 2027 तक जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। भारत की यह उपलब्धि सिर्फ एक आर्थिक सफलता नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के सामूहिक प्रयासों, आकांक्षाओं और आत्मबल की जीत है।

# अब नौकरी ही नहीं बिजनेस भी करेगा बिहार



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

यह भी याद रखा जाए कि बिहार में निजी क्षेत्र का निवेश भी होने लगा है। पिछले साल दिसंबर में बिहार की राजधानी पटना में आयोजित इनवेस्ट समिट के दौरान अडानी समूह, सन पेट्रोकेमिकल्स और कई अन्य बड़ी-छोटी कंपनियों ने राज्य में 1.81 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने का वादा किया।

अभी कुछ समय पहले मुंबई से पटना की फ्लाइट में साथ की सीट में एक नौजवान लैपटॉप पर काम कर रहा था। फिर हमारी बातचीत होने लगी। उसने बताया कि वो शेयर मार्केट एक्सपर्ट है और पटना से अपना दफ्तर चलाता है। उसके स्टाफ में आठ लोग हैं। उसका काम के सिलसिले में मुंबई आना-जाना लगा रहता है। उसने यह भी कहा कि एक दौर में वो और उसके बहुत सारे दोस्त सरकारी नौकरी करना चाहते थे। पर फिर लगा कि अब कुछ अपना करना चाहिए। कारण था सरकारी नौकरियां घट रही हैं और उन्हें पाना भी आसान नहीं है। दरअसल ये बिहार में बड़े स्तर पर हो रहा है। बिहारी नौजवान अब अपना कारोबार शुरू करने के बारे में सोचने लगे और उस दिशा में बढ़ रहे हैं। वे कारोबारी दुनिया में बेहतर कमा रहे हैं।

यह भी याद रखा जाए कि बिहार में निजी क्षेत्र का निवेश भी होने लगा है। पिछले साल दिसंबर में बिहार की राजधानी पटना में आयोजित इनवेस्ट समिट के दौरान अडानी समूह, सन पेट्रोकेमिकल्स और कई अन्य बड़ी-छोटी कंपनियों ने राज्य में 1.81 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने का वादा किया। यह निवेश नवीकरणीय ऊर्जा, सीमेंट, खाद्य प्रसंस्करण और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में होगा। इससे पहले 2023 में आयोजित पहले निवेशक सम्मेलन में बिहार में 50,300 करोड़ रुपये के निवेश का वादा मिला था।

सन पेट्रोकेमिकल्स 36,700 करोड़ रुपये ऊर्जा परियोजनाओं, जैसे पंप हाइड्रो और सौर संयंत्रों में निवेश करेगी। अडानी समूह, जो राज्य में सबसे बड़ा निजी निवेशक है, ने लगभग 28,000 करोड़ रुपये निवेश करने का वादा किया है। यह निवेश एक अत्याधुनिक थर्मल पावर प्लांट स्थापित करने, सीमेंट उत्पादन क्षमता बढ़ाने, खाद्य प्रसंस्करण और लॉजिस्टिक्स व्यवसायों के विस्तार में किया जाएगा।



बिहार के उद्योग जगत पर नजर रखने वाले जानते हैं कि यहां से ही अनिल अग्रवाल (वेदांता समूह), आर.के. सिन्हा (एसआईएस सिक्योरिटी), संप्रदा सिंह एल्केम लैबोरेटरीज, आनंद कुमार (सुपर 30) जैसे बड़े कारोबारी निकले। इस सूची में कुछ नाम और भी शामिल किए जा सकते हैं और आने वाले समय में यह सूची बहुत लंबी होगी क्योंकि अब बिहारी नौजवान बदलने लगा है। उसे सरकार का साथ भी मिल रहा है।

यकीन मानिए, बिहार अब आर्थिक पुनर्जागरण की मिसाल बनता जा रहा है। हाल ही में पटना में आयोजित एक विशेष औद्योगिक संवाद में देश की 55 आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों ने हिस्सा लिया। ये कंपनियां राज्य में निवेश की संभावनाएं टटोल रही थीं। ड्रोन, डेटा सेंटर, सोलर उपकरण, लैपटॉप निर्माण और सॉफ्टवेयर सेवाओं से जुड़ी कंपनियों ने जिस उत्साह से बिहार की नई नीतियों की सराहना की, वह बताता है कि राज्य अब 'लालटेन' से 'लैपटॉप' की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा निवेशकों के लिए 70 प्रतिशत तक प्रोत्साहन राशि देने की नीति, सिंगल विंडो क्लीयरेंस की व्यवस्था और निवेशकों के साथ संवाद की तत्परता ने उद्योग जगत को आकर्षित किया है। इस बार बदलाव केवल कागजों तक सीमित नहीं है, बल्कि ज़मीन पर भी दिखने लगा है। बिहार में आर्थिक चेतना का एक नया अध्याय निवेशकों की भागीदारी से भी खुल रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के आंकड़े बताते हैं कि बीते पांच वर्षों में बिहार में शेयर बाजार में निवेश करने वाले लोगों की संख्या 0.7 लाख से बढ़कर 52 लाख हो गई है। यह 68 गुना की वृद्धि न केवल देश में सबसे अधिक है, बल्कि यह दर्शाता है कि अब राज्य की जनता आर्थिक निर्णयों को लेकर अधिक जागरूक और आत्मनिर्भर होती जा रही है। यही नहीं, म्यूचुअल फंड में बिहार के निवेशक 89 प्रतिशत हिस्सा इक्विटी योजनाओं में लगा रहे हैं, जो यह संकेत देता है कि उन्हें बाजार की चाल और लाभ-हानि की समझ अब बेहतर हो चुकी है।

बिहार के उद्योग जगत पर नजर रखने वाले जानते हैं कि यहां से ही अनिल अग्रवाल (वेदांता समूह), आर.के. सिन्हा (एसआईएस सिक्योरिटी), संप्रदा सिंह एल्केम लैबोरेटरीज, आनंद कुमार (सुपर 30) जैसे बड़े कारोबारी निकले। इस सूची में कुछ नाम और भी शामिल किए जा सकते हैं और आने वाले समय में यह सूची बहुत लंबी होगी क्योंकि अब बिहारी नौजवान बदलने लगा है। उसे सरकार का साथ भी मिल रहा है। विश्व विख्यात आई सर्जन और दिल्ली एम्स के राजेन्द्र प्रसाद आई सेंटर के पूर्व डायरेक्टर डॉ. राजवर्धन आजाद कहते हैं कि दरअसल मीडिया में कुछ लोग बिहार को लेकर नकारात्मक खबरें पेश करना अपना धर्म समझते हैं। इससे राज्य की सही तस्वीर सामने ही नहीं आ पाती। इस मानसिकता को बदलने की जरूरत है। बिहार में शिक्षा और सेहत के क्षेत्र में लगातार बेहतर काम हो रहा है। अब उद्योग जगत को भी प्रोत्साहन मिल रहा है। देखिए इस बदलाव के कई आयाम हैं। एक तो यह कि अब सरकारी नौकरी को ही एकमात्र विकल्प मानने की मानसिकता में कमी आई है। दूसरा, यह कि डिजिटलीकरण और मोबाइल एप आधारित वित्तीय सेवाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच बना ली है। जेरौडा, ग्रो और अपस्टाक्स जैसे प्लेटफॉर्म्स ने न केवल जानकारी को सहज बनाया है, बल्कि निवेश को भी सरल बना दिया है। आज समस्तीपुर का एक छोटा कारोबारी और दरभंगा की एक गृहिणी म्यूचुअल फंड में निवेश कर रही है। यह बदलाव छोटे दिख सकते हैं, लेकिन जब इन्हें करोड़ों लोगों की आदत में शुमार कर लिया जाए, तो इसका प्रभाव देश की पूरी आर्थिक संरचना पर पड़ता है। बिहार के इस बदलाव का संबंध शिक्षा और सूचना तक पहुंच से भी है। बीते एक दशक में राज्य में उच्च शिक्षा संस्थानों की संख्या में वृद्धि हुई है। स्मार्टफोन और इंटरनेट ने ग्रामीण युवाओं को वैश्विक दुनिया से जोड़ा है। सोशल मीडिया और यूट्यूब जैसे माध्यमों ने जानकारी को लोकतांत्रिक बना दिया है। अब वित्तीय निर्णय केवल विशेषज्ञों का क्षेत्र नहीं रहा। आम जनता भी शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड, बीमा और टैक्स प्लानिंग जैसी चीजों में रुचि ले रही है। यह समझना भी जरूरी है कि भारत की आर्थिक उन्नति केवल जीडीपी के आंकड़ों या बाजार सूचकांकों से नहीं मापी जा सकती। यह बदलाव तब स्थायी और प्रभावी होगा, जब देश के सभी हिस्से इस विकास में समान भागीदार बनें। बिहार जैसे राज्य, जिनकी दशकों तक विकास दर कम रही, यदि तेजी से ऊपर उठते हैं तो यह भारत के लिए सामाजिक संतुलन और क्षेत्रीय न्याय का संकेत भी होगा।

यह जरूरी है कि नीति निर्धारण में बिहार जैसे राज्यों को केवल लाभार्थी के रूप में नहीं, बल्कि साझेदार के रूप में देखा जाए। उनकी समस्याएं, संरचनात्मक बाधाएं, कौशल विकास की जरूरतें, और औद्योगिक आधारभूत ढांचे की कमी को दूर करने के लिए केंद्र और राज्य मिलकर काम करें।

## व्यंग्य

# अथश्री पौधारोपण कथा



बहरहाल हर बरस यही होता है, यदि ऐसा न होता, तो पौधा रोपण के कीर्तिमान बनने के उपरांत पौधों के अपने पैरों पर खड़ा रहने के कीर्तिमान भी बन जाते, किन्तु लगता है कि पौधारोपण होता ही कीर्तिमान बनाने के लिए है। किसी को न पौधों से सरोकार है, न उनके संरक्षण से।



सुधाकर आशावादी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

आषाढ़ सावन की रिमझिम फुहारों के बीच प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पौधारोपण उत्सव मनाया गया। स्कूल, कॉलेज, सार्वजनिक क्षेत्र के पार्क में पौधारोपण की औपचारिकता निभाई गई। धरती की छाती चीरकर करोड़ों की संख्या में पौधे रोपित किए गए। प्रकृति और पर्यावरण के प्रति गंभीर विचार गोष्ठियां हुईं। कुछ राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपने अपने चहेते मंत्रियों, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों को पौधारोपण हेतु आमंत्रित किया। फोटो सेशन भी हुए। एक एक पौधे को अनेक समाजसेवियों ने धरती माता को सौंपा। धरती माता को पौधा समर्पित करते हुए पौधे के संरक्षण एवं संवर्धन का दायित्व निभाने की गुहार लगाई गई। पौधा एक, पौधे को रोपने वाले अनेक की तर्ज पर पौधा रोपने का अभिनय किया। कुछ सामाजिक संस्थाओं के कर्णधारों ने अति उत्साह दिखाया, पुष्पित पल्लवित पुराने पौधे के पास बैठकर हो फोटो खिचवाया। ऐसे में उस माली को फोटो सेशन स्थल से दूर ही रखा गया, जिसने वास्तव में पौधा रोपित किया था। मौलिकता यहां भी कृत्रिम प्रपंचों से सम्मुख हार गई। बहरहाल एक दिन में करोड़ों पौधे रोपने का कीर्तिमान स्थापित किया गया। समाचार पत्रों में ई मीडिया और सोशल मीडिया पर पौधारोपण से जुड़े अनेक फोटो प्रसारित किए गए। वन विभाग को यह दायित्व सौंपा गया था, कि वह डिमांड के अनुरूप सप्लाई करे, पौधों का लेखा जोखा सही से रखे, आंकड़ों में कोई त्रुटि न हो। वन विभाग ने ऐसा ही किया। अपने महाविद्यालय में इसी क्रम में सैकड़ों की संख्या में पौधे मंगाए गए, प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी उन्हीं के हाथों में पौधारोपण की व्यवस्था सौंपी गई, जिन्हें पौधारोपण का विशेषज्ञ माना जाता है। महाविद्यालय के समूचे स्टाफ ने बढ़ चढ़ कर पौधारोपण समारोह में भाग लिया।

किसी ने एक पेड़ मां के नाम पर रोपित किया, किसी ने बेटे के नाम पर, यानि जाकी रही भावना जैसी, उसने रोपी पौध ही वैसी। विगत बीस बरस से ऐसा ही हो रहा है। सैकड़ों पौधे रोपे जाते हैं, एक दिन माली से उन पर पानी का छिड़काव कराया जाता है। फिर तीसरे दिन पौधे को सींचने की प्रक्रिया की जाती है, तदुपरांत सप्ताह में एक बार पौधे पर पानी का छिड़काव होता है और महीना होते-होते पौधे की तरफ से मुंह मोड़ लिया जाता है। पौधा यदि बेशर्म हुआ तो बिना उचित सिचाई के भी खड़ा रहेगा अन्यथा संरक्षण के अभाव में अवसाद में चला जायेगा, अपनी सुध बुध खोकर आत्महत्या करने हेतु विवश हो जाएगा।

बहरहाल हर बरस यही होता है, यदि ऐसा न होता, तो पौधा रोपण के कीर्तिमान बनने के उपरांत पौधों के अपने पैरों पर खड़ा रहने के कीर्तिमान भी बन जाते, किन्तु लगता है कि पौधारोपण होता ही कीर्तिमान बनाने के लिए है। किसी को न पौधों से सरोकार है, न उनके संरक्षण से। केवल पौधारोपण में अपने फोटो सेशन से सरोकार होता है। फोटो खिचवाया और सोशल मीडिया पर चस्पा कर दिया। पौधारोपण के लिए आवंटित की गई धनराशि को पौधारोपण में कम और उदरपूर्ति में अधिक खर्च करके समारोह की औचारिकता पूरी कर ली।

बहरहाल सरकारी विभाग इसी कार्यप्रणाली से ही गतिशील रहते हैं। कुछ पौधे धरती पर रोपित करते हैं और कुछ कागजों पर। हर वर्ष यही कथा दोहराई जाती है और कीर्तिमान स्थापित करने के प्रमाणपत्र बांट दिए जाते हैं।

# संदिग्ध विश्वविद्यालयों की फर्जी शिक्षा



रोहित कौशिक
वरिष्ठ पत्रकार

कुछ समय पहले यूजीसी ने देश भर में खुले कई फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची जारी की थी। इन विश्वविद्यालयों को किसी भी तरह की डिग्री देने का अधिकार नहीं है।

पिछले दिनों स्पेशल टास्क फोर्स ने हापुड़ की मोनाड यूनिवर्सिटी में चल रहे फर्जी डिग्री घोटाले का भंडाफोड़ कर बड़ी कार्रवाई की। एसटीएफ ने छापेमारी के दौरान 1372 फर्जी डिग्रियां, 262 प्रोविजनल और माइग्रेशन सर्टिफिकेट समेत अन्य कई तरह की सामग्री बरामद हुईं। जांच में पता चला कि यह गिरोह बीए, बीएड, बीए-एलएलबी, फार्मेसी, बीटेक जैसे कोर्स की फर्जी डिग्रियां बनाकर बेचता था। प्रति छात्र 50,000 से चार लाख तक वसूले जाते थे। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि एक तरफ फर्जी डिग्रियों के माध्यम से शिक्षा का मजाक बनाया जा रहा है तो दूसरी तरफ फर्जी विश्वविद्यालय छात्रों को ठग रहे हैं।

कुछ समय पहले यूजीसी ने देश भर में खुले कई फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची जारी की थी। इन विश्वविद्यालयों को किसी भी तरह की डिग्री देने का अधिकार नहीं है। शर्मनाक यह है कि ये विश्वविद्यालय हाल ही में पैदा नहीं हुए हैं बल्कि कई वर्षों से चल रहे हैं। सही जानकारी के अभाव में हजारों छात्र इन फर्जी विश्वविद्यालयों के भंवर में फंस जाते हैं। सवाल यह है कि कई वर्षों से चल रहे इन फर्जी विश्वविद्यालयों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जाती है? अगर ऐसे विश्वविद्यालयों पर पहले ही कार्रवाई हो जाती तो हजारों छात्रों के भविष्य पर मंडराते खतरे को दूर किया जा सकता था। दरअसल ऐसे मामलो में हर कोई अपनी जिम्मेदारी से मुक्त होना चाहता है। यूजीसी समय-समय पर विद्यार्थियों को जानकारी देने के लिए फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची अपनी वेबसाइट पर उपलब्ध कराता रहता है। सवाल यह है कि जब यूजीसी और सरकार को फर्जी विश्वविद्यालयों की जानकारी है तो उनके संचालकों की धरपकड़ कर इन अवैध विश्वविद्यालयों को बंद क्यों नहीं कराया जाता? फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची प्रकाशित कर देने मात्र से ही यूजीसी और सरकार अपनी जिम्मेदारी से बरी नहीं हो जाते। जानकारी होते हुए भी ऐसे विश्वविद्यालयों को कार्य करते देना और उनके संचालकों के खिलाफ कोई कार्रवाई न करना तो और भी बड़ा अपराध है।

यह विडंबना ही है कि आज गली-गली में निजी शिक्षा संस्थानों की बाढ़ आ गई है। इनमें से कुछ शिक्षा संस्थानों के क्रियाकलाप संदिग्ध हैं। सवाल यह है कि शिक्षा को व्यापार बनाने के लिए जिम्मेदार कौन है? नब्बे के दशक में शुरू हुई उदारीकरण की आंधी ने अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र को भी अपनी गिरफ्त में ले लिया। हालांकि इससे पहले भी कुछ राज्यों में उच्च शिक्षा निजी हाथों में जा चुकी थी लेकिन नब्बे के दशक में व्यापक रूप से पूरे देश में शिक्षा को निजी हाथों में सौपने का काम किया गया।

इनकी देखा देखी छोटे व्यापारी भी इस क्षेत्र की तरफ भागने लगे। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि एक के बाद एक सरकारें इसी नीति पर चलती रहीं। सभी सरकारों द्वारा धड़ल्ले से निजी एवं डीम्ड विश्वविद्यालयों को मान्यता दी जाती रही। सरकारें बार-बार ये बताती रहीं कि हमारे देश के हालात को देखते हुए अभी और विश्वविद्यालय खोले जाने की जरूरत है। इस हड़बड़ी में शिक्षा की गुणवत्ता की तरफ किसी का ध्यान नहीं गया।

आजादी के बाद कुछ हद तक शिक्षा नीति की कमजोरी को दूर करने के प्रयास किए गए लेकिन ये प्रयास पर्याप्त सिद्ध नहीं हुए। एक बार फिर शिक्षा नीति में परिवर्तन की कोशिशें हो रही हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हमारे नीति-निर्माता शिक्षा नीति में परिवर्तन करने की हड़बड़ाहट में अपना विवेक खोकर कुछ ऐसे निर्णय ले रहे हैं जो शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य को ठेस पहुंचा रहे हैं। सवाल यह है कि क्या हमारा मुख्य उद्देश्य शिक्षा नीति में परिवर्तन करना है या फिर इस परिवर्तन के माध्यम से शिक्षा की कमजोरियों को दूर करना है? हमारे नीति-निर्माताओं की नीतियों एवं क्रियाकलापों को देखकर तो ऐसा लगता है कि उनका मुख्य उद्देश्य केवल शिक्षा नीति में परिवर्तन करना भर है। इस दौर में उच्च शिक्षा की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। कहने को तो शिक्षा नीति में काफी बदलाव हुए हैं लेकिन वास्तविकता यह है कि हम अभी भी लीक ही पीट रहे हैं। आज अनेक शिक्षक नवाचार को बढ़ावा देकर बेहतरीन काम कर रहे हैं लेकिन यह भी कटु सत्य है कि आज गुरु के रूप में अध्यापक की प्रतिष्ठा लगातार कम हो रही है। शिक्षा जगत में मौजूद इन विसंगतियों के बीच नई शिक्षा नीति में भी एक बार फिर निजी शिक्षण संस्थानों को अनेक तौर-तरीकों से पनपने का मौका दिया गया है। सवाल यह है कि क्या ये संस्थान शिक्षा के मूल उद्देश्य को पूरा करने की तरफ ध्यान देंगे? अब समय आ गया है कि सरकार निजीकरण की आड़ में पनपे संदिग्ध विश्वविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों के क्रियाकलापों पर गंभीरता से ध्यान दें ताकि हजारों विद्यार्थियों के भविष्य को अंधकारमय होने से बचाए जा सके।

## सोशल फोरम

# वोटर नहीं, नागरिकता प्रमाणित



राजगोपाल सिंह वर्मा
वरिष्ठ लेखक, आगरा

क्या बिहार में है वोटबंदी की तैयारी? चुनाव आयोग द्वारा शुरू की गई मतदाता सूची की 'विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया' को लेकर बड़े दावे किए जा रहे हैं-जैसे यह एक सामान्य प्रक्रिया है, सबके लिए समान है, और इससे लोकतंत्र मज़बूत होगा। लेकिन हक़ीक़त कुछ और ही कहती है। इस बार पहली बार ऐसा हो रहा है कि पुरानी मतदाता सूची को पूरी तरह रद्द कर दिया गया है और नागरिकों से नए सिरे से अपना वोटिंग अधिकार साबित करने को कहा जा रहा है-वह भी उन दस्तावेज़ों के आधार पर जो बिहार की लगभग आधी जनता के पास हैं ही नहीं। जनवरी 2025 में ही एक संशोधित सूची प्रकाशित हुई थी। अगर कुछ त्रुटियां थीं तो सामान्य पुनरीक्षण से उन्हें ठीक किया जा सकता था। लेकिन अब सिर्फ एक महीने में सभी से नए फॉर्म, फ़ोटो, हस्ताक्षर और जन्म व नागरिकता प्रमाणपत्र मांगे जा रहे हैं। आयोग ने जिन 11 प्रमाणपत्रों की सूची जारी की है, उनमें से आधार कार्ड, राशन कार्ड और वोटर आईडी मान्य नहीं हैं-मतलब, जो आम लोगों के पास हैं, वो इस प्रक्रिया में बेकार हैं। इसका सबसे बड़ा असर पड़ेगा दलितों, आदिवासियों, महिलाओं, ग़रीबों और प्रवासी मज़दूरों पर-यानी उन पर जिनका वोट पहले भी कमज़ोर माना जाता रहा है। शिक्षित, शहरी और सुविधा संपन्न नागरिक शायद किसी तरह ये काग़ज़ इकट्ठा कर लेंगे, पर क्या एक ग्रामीण महिला, जिसने कभी स्कूल नहीं देखा, या एक मज़दूर जो गांव छोड़कर बाहर कमाने गया है-वो अपनी नागरिकता साबित कर पाएगा? यह तर्क कि यह सब घुसपैठियों को हटाने के लिए है, तथ्य से परे है। अगर बिहार में कोई विदेशी नागरिक हैं भी, तो वे बहुसंख्यक में नहीं हैं। इसके नाम पर ढाई करोड़ भारतीय नागरिकों के वोट कट जाने की आशंका को कैसे नज़रअंदाज़ किया जा सकता है? यह मामला सिर्फ़ वोटर लिस्ट का नहीं है। यह उस एकमात्र अधिकार का सवाल है, जो हर नागरिक को बिना भेदभाव मिला है, वोट देने का अधिकार। क्या हम एक लोकतंत्र में नागरिक हैं या बार-बार अपने ही देश में अपनी नागरिकता साबित करने वाले अनुनयकर्ता? अब सवाल सिर्फ़ यह नहीं है कि आपका नाम सूची में है या नहीं- सवाल यह है कि कहीं यह प्रक्रिया आपके मौलिक अधिकार को ही तो नहीं काट रही?

– फेसबुक वॉल से

# कभी-कभी अच्छी नीतियों में भी झोल निकल आता है...



विजय सिंह
रुद्रपुर, उत्तराखंड

मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन शेषन को आज तक का सर्वश्रेष्ठ चुनाव आयुक्त माना जाता है। दिसंबर 1990 से दिसंबर 1966 के अपने 6 साल के कार्यकाल के दौरान उन्होंने चुनाव प्रक्रिया के नियमों और संचालन की दिशा में अनेक रचनात्मक सुधार किए थे। आज जैसी स्थिति देखने को मिल रही है, उसे लेकर टी एन शेषन साहब को याद किया जा रहा है। उनके कार्यकाल का एक बड़ा ही मजेदार रोचक वाकया याद आ रहा है, जिसमें इस संदेश को बल मिलता है कि कई बार अच्छी नीतियों में भी कुछ ऐसे झोल निकल आते हैं, जिनका तर्कोचित निराकरण करने की जरूरत महसूस होती है। आजकल तो बिहार चुनाव के मद्देनजर, जिस प्रकार से वोटर लिस्ट के पुनर्निरीक्षण की प्रक्रिया चल रही है, उससे सुप्रीम कोर्ट भी संतुष्ट नही दिखाई दे रहा। आज कोई भी दावे के साथ नहीं कह सकता कि पुनर्निरीक्षण की सामान्य प्रक्रिया, जिसे संपादित करने हेतु चुनाव आयोग को आठ से बारह महीने से ज्यादा का समय लग जाता है, उसे चुनाव आयोग, क्योंकर और कैसे एक दो माह में ही निपटा देने पर उतारू है।

खैर, बात टीएन शेषन की उस नीतिगत आदेश की.. जिसका अक्षरशः अनुपालन के चक्कर में मणिपुर के एक जिलाधिकारी (चुनाव अधिकारी) बेहद परेशान हो गए थे। अंततः उनकी परेशानी का निराकरण, एक पत्रकार की रिपोर्ट के बाद, टी एन शेषन के संज्ञान में आने से ही, संभव हो पाया था। दरअसल शेषन साहब ने चुनाव में धांधली रोकने हेतु जो अनेक सुधार किए थे, उसी क्रम में एक आदेश यह भी था कि जिस बूथ पर 70 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग होगी, वहां फिर से रि-पोलिंग की जाएगी। मणिपुर में एक बूथ पर 100 प्रतिशत वोटिंग देखकर वहां के जिलाधिकारी ने रि-पोलिंग कराई। पुनः 100 प्रतिशत पोलिंग देखने को मिली। जिलाधिकारी ने उक्त रि-पोलिंग को भी अमान्य कर, पुनः रि-पोलिंग कराई। इस बार भी 100 प्रतिशत पोलिंग। जिलाधिकारी ने एकबार और रि-पोलिंग के आदेश दिए। यानि कि तीसरी बार रि-पोलिंग..। इसी दौरान एक जागरूक पत्रकार ने पूरे मामले का संज्ञान लेते हुए अखबार में छाप दिया कि, "चाहे जितनी बार रि-पोलिंग करवा लो, वोट 100 प्रतिशत ही पड़ेंगे, क्योंकि उस गांव में कुल 3 वोटर ही हैं, जो वोट डाल आते हैं"। अखबार के माध्यम से जब यह बात शेषन साहब तक पहुंची, तब जाकर रि-पोलिंग की प्रक्रिया को विराम दिया गया। ऐसा भी नहीं था कि 100 प्रतिशत पोलिंग का कारण, जिलाधिकारी को समझ में नहीं आ रहा था, परंतु शेषन साहब की शख्शियत ही कुछ ऐसी थी कि उनका खौफ, अधिकारी तो क्या बड़े बड़े नेताओं के सिर चढ़कर बोलता था। जिलाधिकारी महोदय की हिम्मत ही नहीं हो रही थी कि वो सही कारण की रिपोर्टिंग, शेषन साहब को करके, मसला सुलझा लेते। ऐसा लगता है कि वो बार-बार यह सोचकर रि-पोलिंग करा रहे थे कि शायद तीन वोटरों में से कोई एक भी वोटर किसी कारण वोट न डाले तो उनकी समस्या का स्वतः निराकरण हो जाएगा। पर ऐसा हो नहीं पा रहा था। आज का समय होता तो एक वोटर को बूथ तक जाने से रोकना प्रशासन के लिए कौन सा मुश्किल होता। चुटकी बजाते समस्या हल हो जाती।

# सीखने की कई विधाएं



प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

किताबों से, अनुभवों से, संवाद से, और कभी-कभी केवल चुपचाप देख लेने भर से। यह विविधता ही मानव चेतना की सबसे बड़ी खूबी है। लेकिन दुखद विडंबना यह है कि आज का शिक्षा तंत्र या सामाजिक तर्कशास्त्र हर सीखने को एक जैसे फ्रेम में कसना चाहता है। "आपका तरीका भी उनमें से एक है"-यह वाक्य जितना विनम्र प्रतीत होता है, उतना ही गहरा व्यंग्य भी है उन पर जो अपने तरीके को ही 'अंतिम सत्य' मानकर दूसरों पर थोपना चाहते हैं। हर व्यक्ति के सोचने, समझने, सीखने और प्रतिक्रिया देने की प्रक्रिया भिन्न होती है। यह ज़रूरी नहीं कि किसी की कही बात पर सभी एक जैसी प्रतिक्रिया दें। लेकिन आज की दुनिया में, जहां भीड़ की सराहना ही 'सत्य' की कसौटी बन चुकी है, वहां भिन्न दृष्टिकोण को 'असभ्यता' या 'विद्रोह' कहा जाता है। हम यह भूल जाते हैं कि 'हर क्रिया के लिए एक ही प्रतिक्रिया' केवल मशीनों में होती है, इंसानों में नहीं। इंसानों की सोच परिस्थितियों, परिवेश, पीड़ा, अनुभव और चेतना की परतों से बनती है। यह विविधता किसी भी सजीव समाज की पहचान है, न कि खतरा। जो यह चाहते हैं कि हर विद्यार्थी एक जैसा बोले, हर नागरिक एक जैसा सोचे, हर शिक्षक एक ही भाषा में समझाए-वे दरअसल उस बहुरूपिये मानव मन की हत्या करना चाहते हैं। वे भूल जाते हैं कि जो सवाल सबके भीतर से अलग-अलग तरीके से उठते हैं, उनके उत्तर भी अलग-अलग ही होंगे। इसलिए अगर किसी ने आपके विचार से सहमति नहीं जताई, तो वह नासमझ नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र समझ का प्रतीक हो सकता है। विरोध हमेशा दुश्मनी नहीं होता, यह उस सीखने की प्रक्रिया का हिस्सा है, जिसमें हम दूसरों के सत्य के साथ अपने सत्य की तुलना करते हैं। समाज को एक जैसे उत्तर नहीं चाहिए-उसे वैचारिक विविधता की ज़रूरत है। अगर हम हर प्रतिक्रिया को नियंत्रित करने लगेंगे, तो हम अंततः वही बन जाएंगे, जो सोचने की आज़ादी से डरते हैं। क्योंकि सीखना केवल उत्तर रट लेने की प्रक्रिया नहीं है, यह जानने की यात्रा है कि हर उत्तर एक जैसा नहीं होता।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा* 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## एक नजर

### डीजे बजाने को लेकर विवाद, तहरीर सौंपी

**बाजपुर :** मोहल्ला आदर्शनगर सुल्तानपुर पट्टी निवासी प्रमोद कुमार पुत्र भूकन लाल ने पुलिस को बताया कि उसके पिता की उम्र करीब 70 वर्ष है और वह हार्ट के मरीज हैं। मंगलवार को पिता घर में मौजूद थे और घर के सामने पड़ोसी युवक तेज आवाज में डीजे बजा रहा था। आरोप है कि माता-पिता ने तेज आवाज में डीजे चलाने को मना किया तो आरोपी आग-बबूला हो गया और गाली-गलौज करते हुए बुजुर्ग माता-पिता से अभद्रता करने लगा और धक्का देकर पीटना शुरू कर दिया। आरोपी ने फोन करके अपने चार दोस्तों को भी बुला लिया। इन लोगों ने माता-पिता के साथ ही उसके भाई एवं भाभी के साथ बेरहमी से मारपीट की।

### महिला ने पति पर लगाया मारपीट का आरोप

**बाजपुर :** ग्राम भैंसिया मोड़ नमूना निवासी पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह भैंसिया मोड़ स्थित एक बगीचे में रहती है। आरोप है कि सोमवार की देर रात करीब दस बजे उसके पति ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए बेरहमी से मारपीट की। आरोपी हर समय नशे की हालत में रहता है और कई बार मारपीट का चुका है। पूर्व में भी एक बार उसका गला दबा कर जान से मारने की कोशिश कर चुका है, उसने मुश्किल अपनी जान बचाई। पीड़िता के अनुसार वह 6 माह के गर्भ से है और आरोपी की इस तरह की हरकत से परेशान हो चुकी है। आरोपी उससे दहेज की मांग भी करता है।

# चालकों-परिचालकों ने सात घंटे बंद रखा बसों का संचालन, यात्री परेशान

## अनुबंधित बसों के पहले संचालन की मौखिक सूचना पर चालकों और परिचालकों में रोष

**आक्रोश**

- संविदा बस चालकों ने भी लगाए कई गंभीर आरोप
- प्रभारी एआरएम से वार्ता के बाद शुरू किया गया संचालन

संवाददाता, काशीपुर


काशीपुर में रोडवेज डिपो में खड़ी बसें। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** अनुबंधित बसों के विभागीय बसों से पहले संचालन के मौखिक आदेश को लेकर चालकों और परिचालकों में रोष उत्पन्न हो गया। चालकों और परिचालकों ने इस दौरान डिपो से बसों का संचालन रोक दिया। चालकों और परिचालकों ने आरोप लगाया कि सवारियां नहीं होने पर उन्हें वापस डिपो बुलाया जा रहा है। वहीं 250 किलोमीटर की जगह 56 किलोमीटर का ही पैसा दिया जा रहा है। प्रभारी एआरएम से वार्ता के बाद चालक और परिचालकों ने करीब सात घंटे बाद बसों का संचालन शुरू कर दिया।

दरअसल रोडवेज डिपो से अनुबंधित और विभागीय बसों का संचालन होता है। मंगलवार को सभी बसों के चालक और परिचालक रोजाना की तरह सुबह छह बजे ड्यूटी पर पहुंचे। इस दौरान उन्हें पता चला कि एक मौखिक आदेश पर पहले अनुबंधित बसें जाएंगी। इसके बाद विभागीय बसों का संचालन होगा। इससे चालकों और परिचालकों में रोष व्याप्त हो गया। उन्होंने इस आदेश को गलत बताते हुए डिपो से बसों का संचालन रोक दिया। संविदा चालकों ने आरोप लगाया कि सावन में यात्रियों की संख्या कम हो जाती है। ऐसे में जब वह बस लेकर रामनगर डिपो पहुंचते हैं तो उन्हें वहां से अन्य रूटों पर जाने के लिये सवारियां नहीं मिल पा रही है। जब वह सवारियां कम होने की बात कहते हैं तो उन्हें वापस डिपो बुला लिया जाता है। और उन्हें महज 56 किलोमीटर का पैसा मिल पाता है। जबकि उन्हें प्रतिदिन 250 किलोमीटर का पैसा मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब से नए वरिष्ठ केंद्र प्रभारी आए हैं तब से नए-नए आदेशों के चलते परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इधर डिपो पहुंचे प्रभारी एआरएम नवीन आर्या से चालकों और परिचालकों ने वार्ता की। उनके समझाने के बाद चालक और परिचालक मान गए और बसें अपने गंतव्य को रवाना हो सकी। यहां पर हरजिंदर सिंह, पुष्पेंद्र कुमार, अमृत सिंह लहरी, उमेश, रामपाल सिंह, उमर, प्रताप सिंह, अजय राज, अमीर अहमद आदि मौजूद रहे।


काशीपुर में प्रभारी एआरएम से वार्ता करते चालक व परिचालक। ● अमृत विचार

## ग्राम खटोला में प्रत्येक सोमवार को होगा एनसीडी स्क्रीनिंग कैंप

**रुद्रपुर, अमृत विचार:** गदरपुर ब्लॉक में आकांक्षीय विकासखंड के सूचकांक को बेहतर बनाए जाने के लिए सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) की बैठक आयोजित हुई। इसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये।

मंगलवार को बैठक के दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सरना ने बताया बैठक में प्रत्येक सोमवार को प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत ग्राम खटोला में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की ओर से एनसीडी स्क्रीनिंग का कैंप आयोजित किया जाएगा। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) सर्टिफाइड किए जाने के निर्देश दिए गये। ताकि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सके। उन्होंने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य आकांक्षीय विकासखंड के सूचकांक को बेहतर बनाना और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना है। इस दौरान सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने सुझाव और विचार साझा किए और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर मोहम्मद रिजवान समेत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


खटीमा में नोजगे पब्लिक स्कूल के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

### धूमधाम से मना नोजगे पब्लिक स्कूल का स्थापना दिवस

**खटीमा :** नोजगे पब्लिक स्कूल (हैप्पी मैम) का स्थापना दिवस रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विद्यालय के संस्थापक मान सिंह दत्ता को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। विद्यालय परिसर में आयोजित स्थापना दिवस का उद्घाटन प्रबंधिका सुरेंद्र कौर ने अपने पिता व विद्यालय के संस्थापक मान सिंह दत्ता के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर किया। वहीं बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रबंधिका सुरेंद्र कौर, प्रधानाचार्य आरिज अल्वी ने बच्चों के साथ पौधरोपण किया और पृथ्वी पर हरित क्रांति लाने और पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य अल्वी ने विद्यालय के 38 वर्षों के विकास की जानकारी दी। इस अवसर पर एचसी पंत, आरपी पंत, वीरेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह सौन, अभिषेक भटनागर, उस्मान बाबर, प्रभा ज्याला, डॉ. अनिल शर्मा, मिनल भट्ट आदि थे।


काशीपुर में कॉलेज में पौधरोपण करतीं शिक्षिकाएं एवं छात्राएं। ● अमृत विचार

### चंद्रावती कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया हरेला पर्व

**काशीपुर :** चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा हर्षोल्लास के साथ हरेला पर्व मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कीर्ति पंत ने पौधारोपण कर हरेला पर्व की बधाई देते हुए कहा कि आज हम हरियाली के पर्व का उत्सव मना रहे हैं। यह केवल एक त्यौहार नहीं, बल्कि प्रकृति से हमारे गहरे संबंध का प्रतीक है। हरेला हमें याद दिलाता है कि जैसे हम अपने जीवन में विकास के लिए प्रयास करते हैं, वैसे ही हमें धरती मां की हरियाली, जल, वायु और वृक्षों की रक्षा के लिए प्रयास करना चाहिए। क्योंकि इनके बिना जीवन संभव नहीं है। इस मौके पर एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वंदना सिंह, डॉ. गीता मेहरा, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मंजू सिंह, डॉ. रमा अरोरा, असि. प्रोफेसर डॉ. दीपा चनियाल, डॉ. अंजलि गोस्वामी, डॉ. मंगला, डॉ. ज्योति गोयल, डॉ. ज्योति रावत, प्राची धौलाखण्डी, शीतल अरोरा, कृति टण्डन व विजेन्द्र कुमार मौजूद रहे।


बाजपुर में हरेला पर्व के उपलक्ष्य में पौधरोपण करते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

### स्कूल में पौधरोपण कर हरेला मनाया

**बाजपुर :** मंगलवार को एसटीएम कॉन्वेंट जूनियर हाईस्कूल बाजपुर में बच्चों और शिक्षकों द्वारा पौधरोपण कर हरेला पर्व मनाया। विद्यालय के अध्यक्ष मोहन चंद्र पांडे और प्रधानाचार्य विनीत मठपाल ने हरेला पर्व के महत्व को विस्तार पूर्वक समझाया। इस दौरान बच्चों ने फलदार व औषधीय पौधों का रोपण कर उनकी सुरक्षा व संरक्षित करने का संकल्प लिया। इस मौके पर विद्यालय सचिव कमला पांडे, सोबन सिंह, हेमंत कुमार, सुमन जैन, भावना पांडेय, शोभा, पार्वती, सोनम, शिवानी, राजकुमारी, गुंजन कांडपाल, महिमा व शीतल आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।



जसपुर में सीएमएस को सम्मानित करतीं आईडब्ल्यूसी की पदाधिकारी।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए चिकित्सकों और सीए को किया सम्मानित

**जसपुर :** इनरव्हील क्लब (आईडब्ल्यूसी) की सदस्यों ने चिकित्सकों एवं सीए को सम्मानित किया। सम्मानित अतिथियों ने अपने अनुभवों को साझा कर आईडब्ल्यूसी का आभार जताया। आईडब्ल्यूसी की सदस्यों ने अफजलगढ़ मार्ग स्थित एक होटल में सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस दौरान चिकित्सा दिवस को लेकर केक काटा गया। इसके बाद सरकारी अस्पताल के सीएमएस डॉ. धीरेंद्र मोहन गहलोत, डॉ. गौरव चौहान, डॉ. अक्षत अग्रवाल, डॉ. रुचिका चौहान एवं सीए नितिन अग्रवाल व रिया अग्रवाल को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए पर्यावरण संरक्षण के तहत एक-एक पौधा एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। अतिथियों ने चिकित्सा स्वास्थ्य एवं एकाउंटेंट की किसी भी परेशानी में मदद का भरोसा दिया। वहां क्लब की अध्यक्ष रेनू गोयल, मीता अग्रवाल, संगीता शर्मा, ममता अग्रवाल, प्राची, मनीषा एवं डॉ. छवि वर्मा आदि थी।


काशीपुर में शिविर के समापन के बाद बच्चों के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

### व्यक्तित्व विकास शिविर का हुआ भव्य समापन

**काशीपुर :** सूर्या रोशनी लिमिटेड प्लांट में आयोजित दस दिवसीय व्यक्तित्व विकास शिविर का भव्य समापन हो गया। शिविर में कॉलोनी व आसपास के क्षेत्रों से कुल 35 बच्चों ने भाग लेकर विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपने कौशल, अनुशासन और आत्मबल का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में अभिभावक, अधिकारी एवं स्थानीय निवासी मौजूद रहे। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में ग्रुप सांग, नृत्य, कराटे प्रदर्शन, योग रचना, अनुभव साझा करना एवं मास पीटी जैसी गतिविधियों ने सभी अतिथियों को प्रभावित किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए। वहां पर सूर्या रोशनी लिमिटेड के प्लांट हेड शुभम चमोली, सीओ आशुतोष मिश्रा, जिग्नेश, सूर्या फाउंडेशन की आदर्श गांव योजना के प्रमुख प्रमोद आसरे आदि मौजूद रहे।

# प्रोबेशनरी आईएएस अफसरों ने किया पंत विवि का भ्रमण

- विभागों के शैक्षणिक, शोध एवं प्रसार कार्यक्रमों की ली जानकारी
- अधिकारियों ने की महाविद्यालय में हो रहे कार्यों की सराहना

संवाददाता, पंतनगर


सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय का भ्रमण के दौरान जानकारी लेते अधिकारी।

**अमृत विचार:** जीबी पंत विश्वविद्यालय में आईएएस (प्रोबेशनरी) अधिकारियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान आईएएस अफसरों ने सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय का भ्रमण किया। साथ ही उन्हें महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के शैक्षणिक, शोध एवं प्रसार कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

मंगलवार को भ्रमण के दौरान प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष आरएमसीएस डॉ. सीमा क्वात्रा, सहायक प्राध्यापिका एवं इंचार्ज ईईसीएम डॉ. अनुपमा पांडेय और सहायक प्राध्यापक, एटीएस डॉ.शेफाली मैसी ने प्रोबेशनरी अधिकारियों को अपारंपरिक तंतु, ड्राइंग प्रिंटिंग, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, एर्गोनोमिक्स, खाद्य एवं पोषण आदि से संबंधित तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही तकनीकों से विभिन्न उद्यमिता कार्यों पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान आईएएस प्रोबेशनरी अधिकारियों ने महाविद्यालय में हो रहे कार्यों एवं तकनीकी विकास की सराहना एवं प्रशंसा की। इसके बाद आईएएस अधिकारियों ने संचार निदेशालय में संचालित विश्वविद्यालय सेवाओं सामुदायिक रेडियो, वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी एवं मीडिया सेंटर के कार्यों का भ्रमण किया। इस दौरान निदेशक संचार डॉ. जेपी जायसवाल ने संचालित कार्यों की जानकारी दी। इसके बाद अधिकारियों ने प्रसार शिक्षा निदेशालय का भी भ्रमण किया। यहां निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. जितेन्द्र क्वात्रा ने कृषि विज्ञान केंद्रों की विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया।

# 32 करोड़ से सुधरेगी मार्ग की दुर्दशा

- संबंधित विभाग को मिली धनराशि स्वीकृति की जानकारी
- पत्रकारों के रूबरू हुए पालिकाध्यक्ष रमेश जोशी

संवाददाता, खटीमा


खटीमा में पत्रकारों से वार्ता करते पालिकाध्यक्ष रमेश जोशी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** खटीमा-मझोला मार्ग की दुर्दशा में सुधार लाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 32 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की गई है। जिसका टेंडर 15 अगस्त तक होने के बाद काम शुरू हो जाएगा।

यह जानकारी प्रेस से साझा करते हुए पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के खटीमा आगमन पर उनके समक्ष खटीमा-मझोला मार्ग की दुर्दशा से अवगत कराया गया था। जिसमें संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री धामी ने रोड का निर्माण कार्य करने के लिए 32 करोड रुपए की धनराशि की स्वीकृति संबंधित विभाग को दे दी है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी एक करोड़ 32 लाख रुपए मार्ग के पंचिंग कार्य के लिए स्वीकृत किए थे। परंतु बरसात होने की वजह से एवं भारी वाहनों के आगमन की वजह से कार्य होने के बावजूद भी रोड दुरुस्त नहीं हो सकी। जिसकी जानकारी मुख्यमंत्री को खटीमा भ्रमण के दौरान दी गई थी। जिसके तुरंत बाद मुख्यमंत्री धामी ने मार्ग निर्माण के लिए 32 करोड रुपए की धनराशि स्वीकृत की। उन्होंने कहा कि टेंडर 15 अगस्त तक संपन्न हो जाएंगे। जिसके उपरांत निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इस अवसर पर जिला महामंत्री सतीश गोयल, समाजसेवी रवीश भटनागर, पूर्व नगर मंडल महामंत्री मनोज वाधवा, नवल वाल्मीकि, मेहताब राजा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार प्रकट किया।

# घर-घर तुलसी अभियान का हुआ शुभारंभ

संवाददाता, रुद्रपुर


घंटा शिव मंदिर में लोगों को तुलसी का पौधा देतीं पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा।

**अमृत विचार:** पूर्व पालिका अध्यक्ष और घर-घर तुलसी अभियान की संयोजिका मीना शर्मा रम्पुरा स्थित 84 घंटा शिव मंदिर से सावन के महीने में चलने वाला घर-घर तुलसी अभियान का शुभारंभ कर दिया है। इस दौरान वे पूरे सावन माह में 5 हजार तुलसी के पौधों का वितरण करेंगी।

पूर्व पालिका अध्यक्ष और घर-घर तुलसी अभियान की संयोजिका मीना शर्मा ने कहा कि इसकी शुरुआत रम्पुरा स्थित 84 घंटा शिव मंदिर हो चुकी है। वह शहर और ग्रामीण क्षेत्र के 50 से भी अधिक मंदिरों में जाकर अपने इस अभियान को गति देंगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि तुलसी अमृत तुल्य है और यह गंगा जल की तरह पवित्र है। तुलसी का हर घर में होना बहुत आवश्यक है। तुलसी जहां हमारे सभी धार्मिक कार्यों में प्रयोग में लाई जाती है। वहीं तुलसी का औषधि के रूप में भी प्रयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि जिस घर में तुलसी का पौधा होता है वहां सदैव सुख शांति और प्रगति रहती है। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ लोगों को पीत वस्त्र डालकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मंदिर के अध्यक्ष लालमन कोली, कोमिल राम कोली, बनारसी दास कोली, सरोज रानी, भूरी कोली, ममता रानी, सुनीता, कांति कोली, कुंवर पाल कोली, राकेश कोली, शंकर कोली, आशा रानी कोली, गब्बर कोली, कृष्ण कोली, सिया राम कोली, भगवान दास समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**आयोजन** | महापौर समेत कई अन्य यात्रियों का किया स्वागत, फौजी मटकोटा स्थित माता मंदिर में कार्यक्रम

# मारवाड़ी समाज ने किया अमरनाथ यात्रियों का स्वागत

संवाददाता, रुद्रपुर


महापौर का फूलमाला पहनाकर स्वागत करते मारवाड़ी समाज के लोग।

**अमृत विचार:** अमरनाथ यात्रा से सकुशल लौटे तीर्थ यात्रियों का सोमवार को मारवाड़ी समाज की ओर से फौजी मटकोटा स्थित माता मंदिर में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान श्री अमरनाथ जी सेवा मंडल के बैनर तले यात्रा पूरी कर लौटे मेयर विकास शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं का फूलमालाओं से स्वागत किया गया।

मंगलवार को स्वागत कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान महापौर शर्मा ने मारवाड़ी समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अमरनाथ यात्रा एक अलौकिक और अविस्मरणीय अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि यह यात्रा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम है। उन्होंने श्री अमरनाथ सेवा मंडल के सभी पदाधिकारियों और सहयोगियों का भी सफल यात्रा आयोजन के आभार जताया।

इस अवसर पर श्री अमरनाथ जी सेवा मंडल के अध्यक्ष अजय चड्ढा, संरक्षक सुनील ठुकराल, राजेश जग्गा, राजन राठौर, नितेश गुप्ता, उपेंद्र चौधरी, खान चंद्र, बजरंग लाल, बसंत चौधरी, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, कोमल चौधरी, संजय ठुकराल, अमित अरोड़ा, राजीव मिड्ढा, सुरेश गर्ग, भागद राम, भारत सिंह, भंवर सिंह, मोहन सिंह, बोरा राम, दया राम, रमेश चौधरी, नेबा राम, अंतलाल, राधेश्याम, राजा राम समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# काशीपुर में पार्षदों ने किया महापौर का अभिनंदन

- नगर निगम सभागार में हुआ अभिनंदन समारोह

संवाददाता, काशीपुर



काशीपुर में मंगलवार को मेयर दीपक बाली को स्मृति चिह्न भेंट करते पार्षद। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर निगम सभागार में पार्षदों ने महापौर दीपक बाली की कार्यशैली से खुश होकर अभिनंदन समारोह आयोजित कर महापौर का भव्य स्वागत किया।

मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में पार्षदों ने शहर के चौमुखी विकास में उनकी दूरदर्शी सोच की प्रशंसा करते हुए उनके द्वारा कराए जा रहे हैं विकास कार्यों की सराहना की और महापौर का शानदार स्वागत किया। नेता प्रतिपक्ष राशिद फारूकी ने कहा कि आज शहर विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और वह समय दूर नहीं जब एक ही साल में बदला हुआ काशीपुर नजर आएगा। कहा कि महापौर ने तेजी से सभी को साथ लेकर काशीपुर को विकास के मार्ग पर दौड़ाया है। पार्षद एवं कार्यक्रम संचालक अब्दुल कादिर ने कहा कि महापौर दीपक बाली की कार्यशैली की जितनी भी प्रशंसा की जाए, वह कम है। इस अवसर पर महापौर दीपक बाली ने कहा कि पार्षद पार्षद नहीं बल्कि मेयर हैं। वह खुद मेयर समझ कर अपने क्षेत्र का काम करें। वह उनके साथ खड़े हैं और पैसे की कोई कमी नहीं आने देंगे। वहां पर पार्षद बीना नेगी, भाजपा नेता प्रकाश नेगी, अनीता कांबोज, दीपा पाठक, अंजना, गुंजन प्रजापति, सुरेश सैनी, पुष्कर बिष्ट, वैशाली गुप्ता, घनश्याम सैनी, अनूप सिंह, सीमा सागर, प्रिंस बाली, मयंक मेहता आदि पार्षद मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


खटीमा में जिपंस सदस्य के कार्यालय का शुभारंभ करते वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता।

### जिपंस प्रत्याशी अमनदीप कौर के कार्यालय का उद्घाटन

**खटीमा :** विकासखंड की जिला पंचायत सदस्य पद की प्रतापपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी अमनदीप कौर नामधारी पत्नी रणजीत सिंह नामधारी के कार्यालय का नगला प्रतापपुर चौराहे के निकट उदघाटन वरिष्ठ भाजपा नेता दान सिंह रावत, पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, किसान नेता प्रकाश तिवारी, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य साधू सिंह नामधारी विधानसभा प्रभारी दर्जा राज्य मंत्री दीपक महेरा सह प्रभारी हिमांशु बिष्ट ने फीता काटकर किया। इस दौरान सुखमणि साहिब का पाठ और पूजा अर्चना की गई। इस मौके भाजपा जिला महामंत्री सतीश गोयल पूर्व नगर महामंत्री मनोज वाधवा, हरमीत सिंह, अमरजीत सिंह, जीवन धामी, शोभनाथ मौर्य, गोपाल बोरा, हरजीत सिंह, नीता सक्सेना थे।

### जीआईसी बग्गा चौवन के रोहित ने जीता रजत पदक


छात्र रोहित के साथ प्रधानाचार्य।

**खटीमा :** केरल आर्म रेसलिंग एसोसिएशन द्वारा 28 जून से दो जुलाई तक आयोजित नेशनल आर्म रैसलिंग एंड पैरा आर्म रैसलिंग चैंपियनशिप में राजकीय इंटर कालेज बग्गा चौवन के छात्र रोहित सिंह बसेड़ा ने 60 किग्रा कैटेगरी में रजत पदक प्राप्त किया। रोहित द्वारा रजत पदक प्राप्त करने पर प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार शर्मा, कोच कृष्ण कान्त बलूनी, कल्चरल क्लब प्रभारी भीम प्रकाश, किशोर कुमार, अतुल राठौर, पवन यादव, शिव लाल कोहली, अजय कालरा, मनोज गुणवन्त, अरविन्द शर्मा, अशोक प्रताप सिंह, अनिल कुमार तिवारी, दयाराम सिंह, रवि कटियार, लीला धामी ने बधाई दी है।


दिनेशपुर में उत्तराखंड बीज बम अभियान सप्ताह के तहत बीज बम फेंकते स्कूली बच्चे।

### बीज बॉल बना सकता है पर्यावरण को बेहतर: तरुण कुमार

**दिनेशपुर :** उत्तराखंड बीज बम अभियान सप्ताह के तहत एक मुट्ठी पारंपरिक बीच बचाओ अभियान में स्कूली बच्चों व शिक्षकों के साथ मिल कर बीज बम अभियान को लेकर जागरूक रैली निकाली गई। लिटिल चैंपियन स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रबंधक तरुण कुमार सिंह ने बीज बम बनाने की विधि की जानकारी दी। कार्यक्रम की अतिथि हीरा जंगपांगी ने कहा कि कहा कि वर्ष 2017 से शुरू हुई यात्रा धीरे धीरे आगे बढ़ रही है, यह बिना बजट का कार्यक्रम है। अभियान से प्रेरित होकर लोग बीज बम बनाने के साथ बीजों को भी बचा रहे है। उन्होंने बीज बम अभियान को वन विभाग की कार्ययोजना में शामिल करने के लिए वन मंत्री सुबोध उनियाल का आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य अनीता त्रिपाठी, धर्म सिंह, विपिन जोशी, दीपा निधि, अनिल सिंह रौतेला आदि मौजूद थे।

### परिवार नियोजन को किया 11 महिलाओं का ऑपरेशन

**बाजपुर :** मंगलवार को उपजिला चिकित्सालय बाजपुर में लगे शिविर के दौरान इस कार्यक्रम के लिए नामित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसपुर में तैनात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा चौहान ने महिला नर्सिंग स्टाफ के सहयोग से 11 महिला लाभार्थियों की सफलता पूर्वक नसबंदी की। वहीं उपजिला चिकित्सालय बाजपुर कि अधीक्षक डॉ. पीडी गुप्ता ने महिलाओं का हालचाल जाना और जरूरी दवाइयां दीं। परिवार नियोजन परामर्शदाता प्रकाश बचखेती,सिस्टर इंचार्ज रीना सिंह रहे।

### शाहजी पब्लिक स्कूल में दार उल इल्म नई इमारत का उद्घाटन

**खटीमा :** शाह जी पब्लिक स्कूल कैंपस में दार उल इल्म ज्ञान घर नई इमारत का उद्घाटन परवीन सिद्दीकी ने किया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ व्यवसायी नासिर सिद्दीकी एवं आरिफ सिद्दीकी ने कहा कि ज्ञान का घर एक इमारत ही नहीं बल्कि तालीम, तरबीयत, तहजीब और तरक्की का प्रतीक है। उद्घाटन अवसर पर परवीन सिद्दीकी ने कहा कि यह इमारत अध्यनरत बच्चों के उज्जवल भविष्य की एक मजबूत कड़ी है। प्रधानाचार्य रविन्द्र मिश्रा, प्रबंध समिति के काशिफ सिद्दीकी, आसिफ सिद्दीकी रहे।


**सितारगंज :** द विल्बर स्कूल, सिडकुल में मंगलवार को हरेला पर्व पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल नीलम डसीला, म्यूजिक टीचर अरविंद बिष्ट सहित स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे।

# राज्य का भविष्य पर्यटन आधारित समावेशी विकास में: धामी

## मुख्यमंत्री धामी ने की पर्यटन विभाग की गेम चेंजर योजनाओं की विस्तृत समीक्षा, दिए निर्देश

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को पर्यटन विभाग की गेम चेंजर योजनाओं की वर्चुअल समीक्षा में पर्यटन नीति-2023 के तहत राज्य में हो रहे निजी निवेश, ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों और स्वरोजगार से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पर्यटन नीति लागू होने के बाद हुए कुल निजी निवेश, एमओयू की स्थिति एवं उनकी ग्राउंडिंग और विभिन्न पर्यटन योजनाओं में हुए निवेश का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करें। कहा कि पर्यटन केवल पर्यटकों की संख्या बढ़ाने का नहीं, बल्कि आर्थिक सशक्तिकरण, स्थानीय रोजगार सृजन और पलायन रोकने का माध्यम है। मुख्यमंत्री ने शीतकालीन पर्यटन के प्रचार-प्रसार और यात्रियों की सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश देते स्पष्ट किया कि राज्य का भविष्य पर्यटन आधारित समावेशी



विकास में निहित है, जिसे सरकार प्राथमिकता से आगे बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री ने मसूरी और नैनीताल सहित सभी बड़े टूरिस्ट स्पॉट की कैरिंग कैपेसिटी का आकलन किए जाने के साथ नए टूरिस्ट डेस्टिनेशन विकसित करने पर ध्यान देने को कहा।

मुख्यमंत्री ने पर्वतीय क्षेत्रों में अधिक से अधिक स्थानीय परिवारों को होम स्टे से जोड़ने, तकनीकी व वित्तीय सहायता सुनिश्चित करने तथा ट्रैकिंग रूट्स के निकट स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु 'ट्रैकिंग ट्रैक्शन सेंटर होम-स्टे अनुदान योजना' को तेजी से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना की भी समीक्षा की और युवाओं को समयबद्ध ढंग से ऋण व अनुदान उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने योजना से प्रेरित युवाओं, होम स्टे से जुड़े गांवों और पलायन में आई कमी का मूल्यांकन भी आवश्यक बताया।

मुख्यमंत्री ने विवाह पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु संभावित स्थलों की पहचान एवं प्रचार-प्रसार के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। 'स्पिरिचुअल इकोनॉमिक ज़ोन' की अवधारणा को साकार करने हेतु गंगोत्री व ध्याणोत्थान क्षेत्र को वेलनेस एवं आध्यात्मिक हब के रूप में विकसित करने हेतु एक माह में कार्ययोजना प्रस्तुत करने को कहा।

### आर्थिक रूप से सशक्त बना रहीं योजनाएं

गेम चेंजर योजनाएं न केवल पर्यटन को बढ़ावा दे रही हैं, बल्कि राज्य के नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और युवाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही हैं। उन्होंने सभी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, अनुदानों के पारदर्शी वितरण और प्राप्त निवेश को ज़मीनी लाभ में बदलने के निर्देश दिए। सीमावर्ती क्षेत्रों में 'वाइब्रेंट विलेज योजना' के विस्तार की रणनीति तैयार करने एवं पंचायत स्तर पर थीम-आधारित 'टूरिज्म विलेज' विकसित करने पर भी बल दिया गया। बैठक में पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज, मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुन्दरम, पर्यटन सचिव धीरज सिंह गर्ब्याल, उत्तराखंड स्थानिक आयुक्त अजय मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### गोल्ज्यू कॉरिडोर

गोल्ज्यू कॉरिडोर (अल्मोड़ा, चम्पावत, घोड़ाखाल) के मास्टर प्लान के अंतर्गत कार्य प्रारंभ करने एवं रुद्रप्रयाग के धार्मिक स्थलों को एकीकृत पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित करने के भी निर्देश देते हुए माउंटेन बाइकिंग, पैराग्लाइडिंग, एयरो स्पोर्ट्स, रिवर राफ्टिंग जैसी गतिविधियों के नियमित संचालन हेतु योजना तैयार करने, प्रचार-प्रसार हेतु विशेष बजट प्रस्तावित करने एवं स्थलों की वहन क्षमता का आकलन करने पर बल दिया।

# पांच जल विद्युत परियोजनाओं का हो क्रियान्वयन : मुख्यमंत्री धामी


लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से भेंट करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री से किया अनुरोध

**अमृत विचार :** सीएम पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से भेंट वार्ता की। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री से प्रदेश के सामाजिक व आर्थिक विकास को गति प्रदान को सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के क्रम में विशेषज्ञ समिति द्वारा संस्तुत की गई राज्य की 21 जल विद्युत परियोजनाओं में पांच जल विद्युत परियोजनाओं के क्रियान्वयन का अनुरोध किया।

केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री को सकारात्मक कार्यवाही के प्रति आश्वस्त किया। सीएम ने मंगलवार को नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने लोस. अध्यक्ष को उत्तराखंड के चारधाम का प्रसाद और प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हुए विभिन्न स्थानीय उत्पाद भी उन्हें भेंट किए। उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने को किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी दी।

# वाहन की टक्कर से दो गायों की मौत, एक गंभीर

- थाना पंतनगर फ्लाईओवर की है घटना
- गौ सेवा दल ने किया गाय का संस्कार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** सोमवार की देर रात्रि भीषण सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से जहां दो गाय की मौत हो गई। वहीं एक गाय की हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना मिलते ही गौ सेवा दल की टीम घटनास्थल पहुंची और पुलिस की मौजूदगी में मृतक गायों का सुबह संस्कार कराया, जबकि घायल एक गाय का उपचार चल रहा है।

जानकारी के अनुसार सोमवार की देर रात्रि गौ सेवा दल के अध्यक्ष विराट आर्या और थाना पंतनगर प्रभारी सुंदरम शर्मा को सूचना मिली कि पंतनगर फ्लाईओवर के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन गौवंशीय पशु गंभीर रूप से घायल हैं और हाईवे पर पड़े हुए हैं। सूचना मिलते ही राहत टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि हाईवे किनारे दो गायों की मौत हो चुकी है, जबकि एक गाय की हालत नाजुक है। जिस पर गौ सेवा दल की टीम ने घायल गाय को गोशाला ले जाकर डॉक्टरों की निगरानी में उपचार शुरू कर दिया। मंगलवार की सुबह गोशाला के प्रांगण में मृतक गायों का अंतिम संस्कार किया गया। गौ सेवा दल के अध्यक्ष विराट आर्य ने बताया कि हादसा रात्रि तीन बजे का था। उन्होंने पुलिस से अज्ञात वाहन चालक को चिह्नित कर कार्रवाई की मांग की है।

## मतदान एवं मतगणना के लिए विकासखंडों में प्रेक्षक नियुक्त किए

**रुद्रपुर :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मतदान और मतगणना को स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए जनपद के विकासखंडों में प्रेक्षक नियुक्त कर दिये गये हैं। मंगलवार को यह जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी कौस्तुभ मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि विकास खंड गदरपुर व बाजपुर के लिए अपर सचिव पेयजल अपूर्वा पांडेय को प्रेक्षक नियुक्त किया है। इसी तरह विकासखंड खटीमा व सितारगंज के लिए अपर सचिव जलागम, वित्त विभाग व अपर निदेशक जलागम हिमांशु खुराना को प्रेक्षक नियुक्त किया है। विकास खंड जसपुर, काशीपुर व रुद्रपुर के लिए अपर सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग रोहित मीणा को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

# महिला कैडेटों ने फायरिंग रेंज में हथियार चलाने का लिया प्रशिक्षण

- राइफल के रखरखाव के सीखे गुर
- वन यूके एयर एनसीसी पंतनगर में चल रहा है वार्षिक प्रशिक्षण शिविर

संवाददाता, पंतनगर


शूटिंग रेंज में हथियार चलाने का प्रशिक्षण लेतीं गर्ल्स कैडेट। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** जीबी पंत विश्वविद्यालय में चल रहे वन यूके एयर एनसीसी पंतनगर के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में गर्ल्स कैडेटों ने पंतनगर में फायरिंग का प्रशिक्षण लिया। इस दौरान गर्ल्स कैडेटों ने राइफल के रखरखाव के गुर भी सीखे।

मंगलवार को प्रशिक्षण शिविर में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया पंतनगर की चीफ प्रबंधक रश्मिका मित्तल ने कैडेटों को साइबर सिक्योरिटी के विषय में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही बैंक फ्रॉड, फेक कॉल और खातों की सुरक्षा के विषय में बताया। उन्होंने स्टेट बैंक की युवाओं के लिए कारगर विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी। इस दौरान मोटिवेशनल वक्ता सुनील सैनी ने कैडेटों को माइंड पावर बढ़ाने, चित्त को एकाग्र करने और मैडिटेशन का अभ्यास कराया। इस अवसर कैंप कमांडेंट ग्रुप कैप्टेन विवेक रावत, ट्रेनिंग स्टाफ, विभिन्न उपवाहिनियों के सहयोगी एनसीसी अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्कूलों में मनाया गया हरेला पर्व

- नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया जागरूक

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म में हरियाली के प्रतीक हरेला त्यौहार पर विद्यार्थियों द्वारा अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें चित्रकला, कविता, भाषण प्रतियोगिता के साथ ही पारंपरिक परिधान वेशभूषा प्रतियोगिता का आयोजित की गई।

विद्यार्थियों द्वारा हरेला बोने और काटने के रिवाज से परिचित कराया गया। विद्यार्थियों ने पारंपरिक परिधानों में खेल, झोड़ा, चाचरी गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने विद्यार्थियों व क्षेत्रवासियों को हरेला की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरू, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रशासनिक


खटीमा में हरेला पर्व पर पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता में शामिल स्कूली बच्चे।

अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन, हरीश भट्ट, सुरेश ओली, मनीष ठाकुर, ऊषा भट्ट, लिंसी त्यागी, हेमलता बोरा आदि रहे। सरस्वती एकेडमी बिगराबाग में हरेला का पर्व पौधरोपण कर मनाया गया। एसडीएम तुषार मेहता, तहसीलदार वीरेंद्र सजवाण, मनीष पंत, मुकेश भारती, विद्यालय की चेयर परसन ज्योति पाल, प्रधानाचार्य रामयश ने विद्यालय परिसर में छायादार पौधों को रोपण किया गया। बच्चों ने नागरिक चिकित्सालय में चिकित्सा अधिकारी डॉ. केसी. पंत, डॉ. वीपी सिंह, डॉ. प्रियांशु राय की उपस्थिति में पौधरोपण किया। इधर एसके पब्लिक स्कूल मझोला में भी कार्यक्रम हुए। इस दौरान, प्रबंधक जगजीत सिंह, प्रशासनिक अधिकारी राजेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य मोहन चन्द्र तिवारी, बार एसोसिएशन अध्यक्ष सूरज सिंह राणा आदि मौजूद रहे।

### नोजगे की हिमानी का गणित ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**खटीमा :** इंडियन टैलेंट ओलंपियाड द्वारा आयोजित द्वितीय स्तर के गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करते हुए दूसरी कक्षा की छात्रा हिमानी बोहरा ने स्टेट रैंक में तीसरे स्थान पर रहकर 1200 की छात्रवृत्ति प्राप्त की है। वहीं 8वीं के छात्र नैतिक पाटनी और चौथी कक्षा के छात्र अयांश चौहान ने स्टेट रैंक में 19वां स्थान तथा तीसरी कक्षा की छात्रा अनुकृति शर्मा ने स्टेट रैंक में 20वां स्थान प्राप्त कर एक्सीलेंस मेडल अवार्ड प्राप्त किया। प्रबंधिका ट्विंकल दत्ता, अकादमिक अधिकारी डॉ. विनय जैन, उप प्रधानाचार्या शैफाली अग्रवाल ने बधाई दी है।



हिमानी के साथ परिजन और प्रबंधिका।

### वर्ग पहेली-33

**बाएं से दाएं**

1. 1. पायल, नूपुर 2. हाथी के पैर में बांधने की ज़ंजीर।
2. 1. कटोरे के आकार की कोई वस्तु 2. पत्तों का बना हुआ दोना 3. हथेली की अंजलि 4. डिब्बा, संदूक, पिटारी, (बॉक्स) 5. मृतक का कपाल, खोपड़ी 6. औषधि आदि पकाने के लिए कपड़े और गीली मिट्टी से लपेटकर बनाया गया एक पात्र 7. कोश 8. गीत का टेक, (केविटी)।
5. मस्जिद का वह ऊंचा चबूतरा जिसपर बैठकर इमाम या मुल्ला उपदेश देते हैं अथवा लोगों को नमाज़
7. बरफ़ के कण, हिम के अति सूक्ष्म टुकड़े; जमी हुई बरफ़ के क्रिस्टलों के समूह।
9. 1. मुगल संबंधी, मुगलों का-सा, मुगली, मुगलों की तरह का 2. एक विशेष प्रकार का व्यंजन
10. 1. मनगढ़ंत किस्सा या कहानी; कल्पित कहानी 2. ब्योरा, विवरण, हाल।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. संवर्धन, पालन-पोषण 2. समर्थन।
3. 1. एड़ी के ऊपर और पिंडली के नीचे की उभरी हुई हड्डी 2. उक्त हड्डी के आस-पास का भाग।
4. शोथ, सूजन।
6. 1. बाहरी या ऊपरी अंग 2. पूजा के आरंभ में किए जाने वाले औपचारिक और बाह्य कृत्य।
8. 1. हिनहिनाना 2. घनघनाना, घंटे का बजाना 3. रक्षा करना 4. किसी काम को करते हुए सोच-विचार करने या बनाने-संवारने के लिए बीच-बीच में ठहरना, धीरे-धीरे धैर्य के साथ करना 5. बनाना, निर्माण करना, संवारना।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | ■ | 2 | | 3 |
| ■ | ■ | 4 | ■ | | ■ | |
| 5 | 6 | | ■ | | ■ | |
| ■ | 7 | | | | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ | 8 |
| 9 | | | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 10 | | |

### वर्ग पहेली -32 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 कि | ■ | 2 टि | 3 पा | रा |
| 4 रैं | ह | च | टा | ■ | ग | ■ |
| ■ | ■ | पि | ■ | 5 गि | ल | 6 न |
| ■ | 7 प | च | मे | ल | ■ | फ़ |
| ■ | रि | ■ | ■ | गि | ■ | सा |
| ■ | षे | ■ | ■ | ला | ■ | नी |
| 8 नि | क | ष | ण | ■ | ■ | ■ |

### सुडोकू -40

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | 2 | |
| 4 | | 3 | | 6 | 1 | | 8 | |
| 5 | | 7 | 8 | 2 | | | | 9 |
| | | 9 | | | 5 | | 1 | |
| | 5 | | 3 | | 8 | | 7 | |
| | 8 | | 4 | | | 5 | | |
| 8 | | | | 5 | 2 | 1 | | 3 |
| | 6 | | 7 | 3 | | 4 | | 8 |
| | 3 | | | | | | | |

### सुडोकू - 39 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 3 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 4 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 2 |
| 8 | 9 | 3 | 6 | 4 | 2 | 5 | 1 | 7 |
| 4 | 6 | 5 | 7 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 9 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 3 | 1 |
| 2 | 7 | 1 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 | 4 |
| 3 | 4 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 5 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 जुलाई, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, षष्ठी-21.01 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 05.46 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद 17 जुलाई 4.50 तक।

**मेष** — आज विदेशी कंपनियों से नौकरी या व्यवसाय के प्रस्ताव मिल सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आपको बातचीत अवश्य करनी चाहिए। घरेलू कलह होने की संभावना है। लंबी दूरी की यात्रा पर जानें से बचें। बनते कार्यों में रुकावट आने से चिड़चिड़े हो सकते हैं।

**वृष** — आज कार्यक्षेत्र में नए मित्र बन सकते हैं। लोग आपके कार्य की प्रशंसा करेंगे। दोस्तों के साथ पिकनिक पर जा सकते हैं। शांति और धैर्य का परिचय दें। व्यापार में बड़े लाभ मिलने की भरपूर संभावना है। रिश्तेदारों का भरपूर सहयोग मिलेगा।

**मिथुन** — आज दिन की शुरुआत बहुत ही अच्छी रहेगी। मार्केटिंग से जुड़े कार्यक्षेत्र में आपको लाभ मिलेगा। घरेलू जीवन में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। बड़े अधिकारियों के साथ अपने संबंध मधुर रखें। संतान की उपलब्धियों से उत्साहित रहेंगे।

**कर्क** — आज अपनी मनोवृत्ति सदैव सकारात्मक रखें। आपको स्वास्थ्य की समस्या हो सकती है। कार्यक्षेत्र में प्रतिष्ठा की हानि होने की सम्भावना है। सम्पत्ति विवादों को लेकर आपको बचना चाहिये। व्यवसाय में आपको कुछ आवश्यक फेरबदल करने पड़ सकते हैं।

**सिंह** — आज कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर कार्य का अतिरिक्त दबाव हो सकता है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के रखरखाव में सावधानी रखें। गूढ़ विषयों का अध्ययन कर सकते हैं। महिलाओं को हार्मोन संबंधी कुछ समस्या हो सकती है। कानूनी विवादों में आपको परेशान होना पड़ सकता है।

**कन्या** — आज कार्यक्षेत्र का वातावरण ऊर्जावान रहेगा। बच्चे अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। परिस्थितियां पूरी तरह से आपके लिए अनुकूल हैं। लंबे समय से रुका हुआ कार्य आज पुन: प्रारम्भ हो सकता है। जीवनसाथी का पर्याप्त सहयोग आपको मिलेगा।

**तुला** — आज जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। सहकर्मियों से अत्यधिक सहायता मिलेगी। आत्मविश्वास में कमी होने की सम्भावना है। गर्मी और उमस के कारण सिरदर्द की समस्या हो सकती है। परीक्षा परिणामों में उत्तम सफलता मिलने वाली है।

**वृश्चिक** — आज नए कार्यों को आरम्भ करना उचित नहीं है। सरकारी कार्यों में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को उत्तम परिणाम मिलेंगे। अपनी प्रतिभा को और विकसित करने की आवश्यकता है। वाहन धीमी गति से चलायें।

**धनु** — आज व्यापार में आप नए प्रयोग कर सकते हैं। सरकार की ओर से आपको लाभ प्राप्त होगा। महंगी वस्तुओं की खरीदी करेंगे। धर्म-कर्म के प्रति आप अत्यधिक रुचि लेने वाले हैं। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। मित्र आपसे सहायता की अपेक्षा रखेंगे।

**मकर** — आज आपकी आर्थिक स्थिति अति उत्तम रहने वाली है। जीवनसाथी के साथ आज एकांत में समय बिताना पसंद करेंगे। महत्वपूर्ण मुद्दों पर परिवार के सदस्यों के साथ चर्चा करेंगे। आपके व्यक्तित्व में निखार आयेगा। नई नौकरी आरम्भ करने के अवसर मिलेंगे।

**कुंभ** — आज कार्यक्षेत्र में परिश्रम का सार्थक परिणाम मिलने में देरी होगी। बैंकिंग से जुड़े मामलों में सावधानी रखने की आवश्यकता है। बच्चों के साथ आप समय व्यतीत करेंगे। प्रेमी जन के साथ मतभेद होने की संभावना है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मीन** — आज संपत्ति के क्रय-विक्रय से धन लाभ मिलेगा। किसी बड़ी समस्या का समाधान मिलने से प्रसन्नता होगी। मूल्यवान वस्तुओं की खरीदी कर सकते हैं। किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होंगे। सभी कार्य सुगमता से पूर्ण हो जायेंगे।

## एक नजर

### सीएम आज जागेश्वर में

**अल्मोड़ा :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार (आज) विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में श्रावणी मेले का शुभारंभ करेंगे। प्रभारी अधिकारी विशिष्ट अभ्यागत ने बताया कि मुख्यमंत्री सुबह 10 :50 बजे देहरादून से प्रस्थान कर 11 :50 बजे गुरूड़ाबाज हैलीपैड पहुंचेंगे। 12 :00 बजे यहां से वह जागेश्वर के लिए निकलकर 12 :15 बजे श्रावणी मेले के शुभारंभ करेंगे। 2 :00 बजे वह मंदिर से प्रस्थान कर 2 :05 बजे आरतोला में हरेला पर्व पर पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लेंगे।

### स्थापना दिवस मनाया

**बनबसा :** महाविद्यालय बनबसा का स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान प्राचार्य प्रो. डॉ. आनंद प्रकाश की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में उन्होंने महाविद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक की यात्रा और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. बी. एन. दीक्षित, डॉ. सुशीला आर्य, डॉ. सुधीर मलिक सहित सभी कार्मिक और छात्र उपस्थित रहे।

### श्रावण मास में बड़ी संख्या में पूजा अर्चना को पहुंचते है श्रद्धालु, स्कंद पुराण, शिव पुराण और लिग पुराण में भी इस धाम का मिलता है उल्लेख

# जागेश्वर धामः यहां से शुरू हुई शिवलिंग पूजन की परंपरा

आस्था

**कमलेश कनवाल, अल्मोड़ा**

**अमृत विचारः** सावन की शुरुआत हो गई है। भगवान शिव के भक्त पूरे सावन शिवलिंग पर जल अर्पित करेंगे और पूजा-अर्चना करेंगे। लेकिन जागेश्वर धाम वहीं मंदिर है जहां से शिवलिंग पूजन की परंपरा की शुरुआत हुई थी। माना जाता है कि इसी स्थान पर भगवान शिव और सप्तऋषियों ने तपस्या की थी।

उत्तराखंड को शिव की भूमि भी कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि यहां शिव के जाप मात्र से ही मृत्यु का संकट टल जाता है। हर साल सावन के महीनें में यहां हजारों की तादात में श्रद्धालु यहां पहुंचते है।


अल्मोड़ा स्थित विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम। ● अमृत विचार

कहा जाता है कि यह प्रथम मंदिर है जहां लिग के रूप में शिवपूजन की परंपरा सर्वप्रथम आरंभ हुई। जागेश्वर को उत्तराखंड का पांचवां धाम भी कहा जाता है। स्कंद पुराण, शिव पुराण और लिग पुराण में भी इस धाम का उल्लेख मिलता है। वहीं, भगवान शिव एवं सप्तऋषियों ने यहां तपस्या की थी। कहा जाता है कि प्राचीन समय में जागेश्वर मंदिर में मांगी गई मन्नतें उसी रूप में स्वीकार हो जाती थीं।

### जागेश्वर में छोटे-बड़े 124 मंदिरों का है समूह

जागेश्वर मंदिर भगवान शिव का 2500 वर्ष पुराना मंदिर है। ये मंदिर 1870 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और देवदार के जंगल से घिरा हुआ है। हिमालय के मनमोहक प्राकृतिक दृश्यों के बीच बसा यह मंदिर छोटे-बड़े 124 मंदिरों का समूह है। यहां अधिकांश मंदिरों में नागा शैली की वास्तुकला देखने को मिलती है। वहीं कुछ मंदिर ऐसे भी हैं जिनमें दक्षिण और मध्य भारत के मंदिरों में उपयोग किए जाने वाले पैटर्न देखने को मिलते हैं।

### केदार शैली में निर्मित है जागेश्वर मंदिर

वास्तुकला का अनुपम नमूना जागेश्वर धाम पुरातत्व विभाग के अधीन है। यह मंदिर केदार शैली में निर्मित है। इस मंदिर के किनारे से जटा गंगा नदी की धारा प्रभावित होती है। ऐसी मान्यता है कि यहां सप्तऋषियों ने पूजा की थी। जबकि मंदिरों का निर्माण बड़े-बड़े शिलाखंडों से हुआ है। आदि गुरु शंकराचार्य ने केदारनाथ जाने से पहले जागेश्वर से दर्शन किए और कई मंदिरों का जीर्णोद्धार और स्थापना की।

देश के स्कंद पुराण, शिव पुराण और अन्य पुराणों में जागेश्वर मंदिर का वर्णन मिलता है। लिंग पुराण में भी इस मंदिर की नक्काशी, शिलालेख और वास्तुकला का जिक्र है। मान्यता है कि सबसे पहले भगवान शिव की लिंग रूप में पूजा जागेश्वर धाम में हुई थी। यही वजह है कि जागेश्वर धाम को ज्योतिर्लिंग भी कहा जाता है। **-हरिमोहन भट्ट**, पुजारी



## चुनाव चिन्ह आवंटित होते ही प्रचार शुरू

**रानीखेत, अमृत विचारः** हाईकोर्ट के पंचायती चुनाव की प्रक्रिया को प्रारंभ करने के आदेश के तहत विगत दिवस 2 बजे से सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित हो गए हैं। चुनाव चिन्ह आवंटित होते ही सभी प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ प्रचार प्रसार में लग गए हैं।

गौरतलब है की हाईकोर्ट द्वारा पंचायती चुनाव के चुनाव चिन्ह आवंटन पर विगत शाम 2 बजे तक रोक लगा दी थी। किंतु हाईकोर्ट के आदेश के तहत विगत शाम 2 बजे से मंगलवार तक सभी जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत व ग्राम प्रधान प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। चुनाव चिन्ह आवंटित होते ही चुनावी माहौल गरमा गया है। सभी प्रत्याशी अपनी जीत का दावा करते हुए अपने समर्थकों के साथ प्रचार प्रसार में लग गए। प्रत्याशी चुनाव प्रचार में कोई भी कोर कसर छोड़ नहीं रहे हैं।

# डीएम-एसपी ने किया हरेला महाअभियान का शुभारंभ

### चम्पावत में हरेला पर्व पर वृहद पौधरोपण अभियान की व्यापक तैयारी, डीएम और एसपी ने चंदन और माल्टा के रोपे पौध

**संवाददाता, टनकपुर**

**अमृत विचार :** हरेला पर्व के उपलक्ष्य में बुधवार (आज) को चम्पावत जिले में वृहद स्तर पर पौधरोपण अभियान आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए विभिन्न विभागों द्वारा तैयारियां की जा रही है। गांव-गांव तक पौधों की आपूर्ति और गड्ढों की खुदाई का कार्यक्रम किया जा रहा है। जिलेभर में अमरूद, संतरा, माल्टा, लीची, आम जैसी फलदार प्रजातियों के साथ-साथ मेहल, पदम, हिसालू, किलमोड़ा, पांगर, काफल, बांज, देवदार, उतीस, आंवला और तेजपात जैसे वानिकी महत्व के पौधे रोपे जाएंगे।

हरेला महोत्सव का मुख्य कार्यक्रम वन विभाग द्वारा पुनेठी, चम्पावत में प्रातः 9:30 बजे से आयोजित किया जाएगा। नदी महोत्सव के अंतर्गत डिग्री कॉलेज मुड़यानी में 11:30 बजे से पौधरोपण, सफाई एवं पर्यावरण जागरुकता रैली का आयोजन भी प्रस्तावित है। इस अभियान का शुभारंभ मंगलवार को टनकपुर स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय से किया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने चंदन और माल्टा के पौध रोपकर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत की।

विभिन्न विभागों की सहभागिता में उद्यान विभाग लगभग 27,000 पौधे और कृषि विभाग हरेला सप्ताह में लगभग 30,000 पौधों का रोपण करेगा। इसके अतिरिक्त वन विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, भेषज विभाग, रेशम विभाग, उद्यान विभाग सहित अन्य विभाग चिन्हित स्थलों पर वृहद पौधरोपण कार्यक्रम संचालित करेंगे। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे हरेला के दिन अधिक से अधिक पौधरोपण कर इस महाअभियान को सफल बनाएं। इस अवसर दीपक रजवार, राजपाल चौहान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


टनकपुर में पौधरोपण करते डीएम और एसपी। ● अमृत विचार


टनकपुर विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को पर्यावरण सुरक्षा के लिए जागरूक करते प्रधानाचार्य व अन्य।

### विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हरेला पर्व मनाया गया

**टनकपुर :** लाला चम्भा राम विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हरेला पर्व बड़े ही उत्साह और पर्यावरणीय चेतना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उसके बाद छात्र-छात्राओं को हरेला पर्व के बारे में बताया गया। विद्यालय में जूनियर वर्ग के लिए पोस्टर प्रतियोगिता तथा सीनियर वर्ग के लिए निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यालय में प्रत्येक कक्षा के छात्रों ने अपनी कक्षा शिक्षक के साथ मिलकर फलदार और छायादार 57 पौधे लगाएं तथा पौधों की देखभाल का भी संकल्प लिया। मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के कोषाध्यक्ष मदन बोहरा ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। विजेंद्र अग्रवाल व अर्जुन सिंह ने भी विद्यार्थियों को पेड़ों के महत्व के बारे में बताया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्णावर्धन जोशी ने पौधरोपण में भाग लिया और सभी छात्रों को हरियाली और पर्यावरण सुरक्षा महत्व को समझाया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक दरबान सिंह करायत, अध्यक्ष डॉ. देवी दत्त जोशी, आचार्य केसर सिंह बिष्ट आदि रहे।

### मैक्सटन स्ट्रांग स्कूल में मनाया हरेला पर्व

**बनबसा, अमृत विचार :** मैक्सटन स्ट्रांग स्कूल में हरेला पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा सुंदर कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कर्नल मंयक के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर स्कूल के सचिव यूजीन जॉर्ज, प्रबंधक गिरीश चंद्र जोशी, फिलीस जार्ज, माईका, मीका, डेविड कश्यप, अविनाश कुमार, बबीता चंद्र, अंजू अधिकारी, सुनीता जोशी, माया चंद्र आदि रही।


बनबसा में हरेला पर्व के अवसर पर पौधरोपण करते छात्र। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### अल्मोड़ा की महिला आरक्षी ने अमेरिका में स्वर्ण जीता



**अल्मोड़ा :** अल्मोड़ा पुलिस में तैनात महिला आरक्षी ममता ने अमेरिका में देश का परचम लहराया है। ममता ने अमेरिका में आयोजित प्रतियोगिता में एक स्वर्ण और पांच रजत पदक अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि पर एसएसपी देवेंद्र पींचा ने आरक्षी को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी हैं। बीते 27 जून से सात जुलाई तक अमेरिका के बर्मिंघम अलबामा शहर में वर्ल्ड पुलिस और फायर गेम्स 2025 एथलेटिक्स प्रतियोगिता हुई थी। प्रतियोगिता में महिला आरक्षी ममता खाती सहित 70 से अधिक देशों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। ममता खाती ने अपने शानदार प्रदर्शन से एक स्वर्ण और पांच रजत पदक देश के लिए जीते। ममता की इस उपलब्धि ने अल्मोड़ा ही नहीं प्रदेश और देश का मान बढ़ाया है। एसएसपी के अलावा अन्य पुलिस अधिकारियों ने इस उपलब्धि पर खुशी जताई है।


समन्वय बैठक में नेपाल के अधिकारी के साथ डीएम विनोद गोस्वामी। ● अमृत विचार

### चुनाव पूर्व झूलापुल बंद करने पर सहमति

**पिथौरागढ़ :** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में भारत और नेपाल के अधिकारियों की महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को ध्यान में रखते हुए नेपाल से जुड़े सभी झूलापुलों को मतदान से 72 घंटे पूर्व अस्थायी रूप से बंद करने पर सहमति बनी। इसके अलावा, बैठक में आपदा की स्थिति में आवश्यक जानकारियों का त्वरित आदान-प्रदान करने, सीमा क्षेत्र में मानव और वन्य जीव तस्करी रोकने तथा अराजक गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए समन्वित प्रयासों पर जोर दिया गया। दोनों देशों के अधिकारियों ने सीमा क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और सौहार्द बनाए रखने के लिए आपसी सहयोग को आवश्यक बताया। बैठक में सभी अधिकारियों ने परस्पर समन्वय और विश्वास के साथ कार्य करते रहने का भरोसा जताया। साथ ही, भविष्य में भी इसी प्रकार की बैठकों के माध्यम से सहयोग को और मजबूत करने का संकल्प लिया गया।


किरोड़ा नाले में सर्वेक्षण कार्य के दौरान मौजूद एसडीएम आकाश जोशी व अन्य।

### किरोड़ा नाले का कार्य एसडीएम की मौजूदगी में प्रारंभ

**टनकपुर :** जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देशन में टनकपुर चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे किरोड़ा नाले में सुरक्षात्मक उपायों, चैनलाइजेशन (नहरबंदी) और आरबीएम (रेत, बजरी, पत्थर) के सुव्यवस्थित उठान की संभावनाओं को लेकर संयुक्त सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। यह सर्वेक्षण उपजिलाधिकारी आकाश जोशी की उपस्थिति में संबंधित विभागों की टीम द्वारा किया गया। सर्वेक्षण का उद्देश्य नाले के किनारे बसे समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और संभावित प्राकृतिक आपदाओं के जोखिम को कम करना है। संयुक्त टीम द्वारा किरोड़ा नाले के वर्तमान स्वरूप का गहन अध्ययन कर उन संवेदनशील बिंदुओं की पहचान करेगी जहां सुरक्षात्मक कार्यों की तत्काल आवश्यकता है। इस संयुक्त सर्वेक्षण कार्य में वन विभाग से डिप्टी रेंजर संतोष भंडारी, सिंचाई विभाग से सहायक अभियंता आरके यादव, अवर अभियंता सतीश और वसीम आदि मौजूद रहे।

### नेपाली व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की

**बनबसा :** देवभूमि वाहन संचालन समिति के पदाधिकारियों ने टनकपुर पावर स्टेशन एसपीसी में जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर नेपाली व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में नेपाल महेन्द्रनगर निवासी हरीश भट्ट पर भारतीय टैक्सी संचालकों के साथ अभद्रता तथा मारपीट करने की बात कही है, उन्होंने हरीश भट्ट पर गैंग बनाकर महेन्द्रनगर एवं गड्डा चौकी में भारतीय नागरिकों एवं वाहन चालकों के साथ गाली-गलौज, मारपीट एवं अवैध वसूली करने का आरोप लगाया। कहा कि नेपाली व्यक्ति हरीश भट्ट के द्वारा धारदार हथियार से भारतीय पूर्व सैनिक प्रकाश ज्याला पर जानलेवा हमला करने की बात कही। टैक्सी यूनियन के पदाधिकारी ने जिलाधिकारी से मांग की है कि नेपाल के सीडीओ से बात कर हरीश भट्ट पर कारवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में यूनियन के अध्यक्ष रफी अंसारी, महासचिव सोहन सिंह, उपाध्यक्ष संजय सिंह, सचिव आर्यन अग्रवाल, संरक्षक चंदा रोतेला, प्रकाश ज्याला, अमर पाल, दिनेश, इंतजार, मुकेश, मोनू आदि टैक्सी संचालक शामिल थे।

# स्मरण फेस्ट कार्यक्रमों की धूम

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचारः** एसएसजे विवि में स्थापित 77 यूके बटालियन के कैडेट्स का मंगलवार को स्मरण फेस्ट का आयोजित किया। इसमें कैडेट को रैंक प्रदान की गई। वहीं, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।

एसएसजे विवि के ऑडिटोरियम में आयोजित वीरांगना फेस्ट कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसएसजे विवि कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने किया। उन्होंने कहा कि कैडेट्स तकनीकी, सूचना एवं प्रौद्योगिकी, ड्रोन तकनीक में बेहतर प्रदर्शन करें। वहीं, विवि कुलसचिव डॉ. देवेंद्र सिंह बिष्ट बटालियन के एक कैडेट आईएमए, आठ अग्निवीर के लिए चयनित हुए हैं। इसके अलावा कई कैडेट्स कर्तव्य पथ, बीएसएफ इंस्टिट्यूट ऑफ एडवांस एडवेंचर ट्रेनिंग प्रोग्राम में भारीदारी करने के साथ रॉक क्लाइंबिंग, एनआईएम जैसे कोर्स भी कर चुके हैं।



एसएसजे में रैंक सेरेमनी में कैडेट्स को रैंक प्रदान करते कुलपति। ● अमृत विचार

इस मौके पर कैडेट्सों ने देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां, शास्त्रीय नृत्य, कुमाउनी लोक नृत्य के साथ ही अघिल बढ़ने रुं लौ देश लिजि लड़ने रुंलो..., वंदे मातरम की प्रस्तुति देकर देशभक्ति का संदेश दिया। इस दौरान कुलपति, कुलसचिव और परिसर निदेशक की ओर से स्मरण फेस्ट में सीनियर अंडर ऑफिसर अंकित खेतवाल, अंडर ऑफिसर करन कुमार, प्रांजल कुंजवाल, मोनिका बोरा, सीएसएम नवीन गोश्वामी, सार्जेंट वैभव भट्ट, हिमानी तिवारी को रैंक प्रदान की गई। यहां परिसर निदेशक प्रो. प्रवीण सिंह बिष्ट, परीक्षा नियंत्रक डॉ. नंदन सिंह बिष्ट, डॉ. ममता पंत, डॉ. ललित चंद्र जोशी, प्रो. रिजवाना सिद्धिकी, प्रो. सोनू द्विवेदी, डॉ. डीएस धामी, डॉ. सरोज जोशी, डॉ. मनोज टम्टा आदि मौजूद रहे।

# पेड़ मां की तरह करते है सुरक्षा प्रदानः डॉ. ममता

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचारः** एसएसजे विवि में 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत हरेला पखवाड़ा की शुरूआत हो गई है। मंगलवार को एसएसजे में स्थापित 24 यूके गर्ल्स बटालियन की ओर से पखवाड़ा मनाया गया। इस दौरान पौधरोपण किया गया।

24वीं छात्रा वाहिनी एनसीसी की एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लैफ्टिनेंट डॉ. ममता पंत के निर्देशन में पखवाड़ा मनाया गया। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स समेत अन्य ने परिसर के आसपास खाली स्थानों पर विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। डॉ. पंत ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' हमारी प्रकृति के प्रति समर्पण एवं सम्मान का भाव है। कहा कि जीवन के पोषण में मां की जो भूमिका हैं वहीं भूमिका पृथ्वी की पोषण में एक पेड़ की होती है। पेड़ जीवनदायिनी होते हैं और मां की तरह ही सुरक्षा प्रदान करते हैं। यहां एसएसजे परिसर निदेशक प्रो. प्रवीण सिंह बिष्ट, डॉ. ललित चंद्र जोशी समेत कैडेट्स मौजूद रहे।


एसएसजे में पौधरोपण करते प्राध्यापक।

## डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी करे

**अल्मोड़ा, अमृत विचारः** पर्वतीय क्षेत्र में डीडीए के खिलाफ लोगों को गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को संघर्ष समिति के बैनर तले विभिन्न संगठनों ने धरना दिया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। जल्द डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी करने की मांग उठाई।

नगर के मालरोड स्थित गांधी पार्क में आयोजित धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों के लोगों को डीडीए की नियमावली से समस्याएं झेलनी पड़ रही हैं। सात साल से अधिक समय से समिति डीडीए को हटाने की मांग कर रही है, लेकिन अब तक सरकार ने डीडीए हटाने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की। कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए डीडीए की नियमावली उचित नहीं है। समिति ने जल्द सरकार से डीडीए हटाने की मांग की।

# पिथौरागढ़ में शुरू हुई लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी

**संवाददाता, पिथौरागढ़**

**अमृत विचार :** जिले को स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। जिला अस्पताल में पहली बार अत्याधुनिक लेप्रोस्कॉपिक विधि से ऑपरेशन की शुरुआत हो गई है। इसका शुभारंभ जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने किया। इस मौके पर एक मरीज का पहला लेप्रोस्कॉपिक ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया, जिससे जिले में चिकित्सा सेवाओं के नए युग की शुरुआत मानी जा रही है

डीएम गोस्वामी ने कहा कि यह सुविधा जिलेवासियों के लिए वरदान साबित होगी क्योंकि अब तक उन्हें ऐसे ऑपरेशनों के लिए हल्द्वानी या अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था। आधुनिक मशीनों की उपलब्धता से न केवल बेहतर इलाज संभव होगा, बल्कि अधिक से अधिक मरीजों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिल पाएंगी। पहली सर्जरी करने वाले सर्जन डॉ. लाल सिंह बोरा ने इसे स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए मील का पत्थर बताते कहा कि वे लंबे समय से इस मशीन की मांग कर रहे थे और अब जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से यह सपना साकार हुआ है। सीएमओ ने बताया कि इस सर्जरी की विशेषता यह है कि इसमें मरीज को बहुत कम चीरा लगाया जाता है, जिससे दर्द कम होता है और मरीज जल्दी स्वस्थ होकर घर लौट सकते हैं।

# डीएम ने सुरक्षा एजेंसियों के साथ की चर्चा

**संवाददाता, टनकपुर/बनबसा**

**अमृत विचारः** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2025 की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को एनएचपीसी, बनबसा के प्रशासनिक भवन में सुरक्षा एजेंसियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

डीएम ने कहा कि उपलब्ध संसाधनों में निर्वाचन को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न करना सभी की साझा ज़िम्मेदारी है।

उन्होंने क्रॉस बॉर्डर मूवमेंट पर विशेष सतर्कता बरतने, सभी इन्फॉर्मल बॉर्डर रूट्स को चिन्हित कर सशक्त सुरक्षा प्रबंध करने तथा होटलों, धर्मशालाओं एवं सार्वजनिक ठहराव स्थलों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वन क्षेत्रों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से रात्रि गश्त को सघन करने एवं सुरक्षा एजेंसियों के साथ वन विभाग को समन्वय बनाकर संयुक्त पेट्रोलिंग बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए। चुनाव के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी सुरक्षा एजेंसियों और सम्बन्धित विभागों को इलेक्शन डेडिकेटेड क्विक रिस्पॉन्स टीम गठित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अजय गणपति द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि बॉर्डर सील करने के स्थान पर चेकिंग को अधिक सशक्त बनाया जाएगा। उन्होंने नावों और बोट्स के माध्यम से होने वाली संभावित गतिविधियों पर भी नजर रखने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त सुरक्षा एजेंसियों के समन्वय से एक निरीक्षण शाखा के गठन की बात कही गई, जो सुरक्षा प्रबंधन का सतत निरीक्षण करेगी। बैठक में आईटीबीपी, एसएसबी, सीआईएसएफ, आर्मी, आईबी के उच्चाधिकारी, एनडीआरएफ के निरीक्षक दीपक कैठेत, एसडीआरएफ, सीडीओ डॉ. जीएस खाती व एसडीएम लोहाघाट नितेश डांगर, एसडीएम टनकपुर आकाश जोशी, चम्पावत अनुराग आर्य, सीओ वंदना वर्मा आदि मौजूद रहे।


बनबसा में एनएचपीसी के प्रशासनिक भवन में बैठक लेते डीएम मनीष कुमार। ● अमृत विचार

उत्तराखण्ड के लोकपर्व हरेला की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
कविता टिफिन सेवा
माँ की रसोई
अपने घर का खाना बनाने से मुक्ति पाइये सर्वोत्तम टिफिन सेवा घर जैसा शुद्ध शाकाहारी/मांसाहारी एवं स्वाद से परिपूर्ण भोजन
आपकी सेवा हमारा लक्ष्य आपका मनपसन्द खाना
नोट - अगर आप हमारी सेवाओं से सन्तुष्ट हैं तो कृपा करके दूसरों को भी बतायें।
सम्पर्क करें :- निकट शिवालिक बैंकट हॉल, रई. पिथौरागढ़
मो. 9690453756,8938835761

# बेरोजगारी दर जून में 5.6 प्रतिशत पर स्थिर

## सरकार ने जारी किए सीडब्ल्यूएस में एकत्रित नवीनतम आंकड़े, महिलाओं के लिए बेरोजगारी दर घटी

नई दिल्ली, एजेंसी

इस साल जून के महीने में देश में बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत पर स्थिर रही है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने इस साल अप्रैल में पहली बार मासिक आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) जारी किया था। इसके जरिये देश में नौकरियों के लिए पात्र लोगों में बेरोजगार लोगों के अनुपात की वास्तविक समय में निगरानी की कोशिश की गई है।




वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) में एकत्रित नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि मई एवं जून, 2025 के दौरान सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए बेरोजगारी दर 5.6% पर अपरिवर्तित रही, जो इस साल अप्रैल के 5.1% आंकड़े से थोड़ा अधिक है। जून महीने में महिलाओं और पुरुषों के बीच बेरोजगारी दर राष्ट्रीय स्तर पर 5.6% पर अपरिवर्तित रही।

महिलाओं के लिए बेरोजगारी दर पिछले महीने घटकर 5.6% पर गई, जबकि इस साल मई में यह 5.8% थी। वहीं, 15-29 आयु वर्ग के लोगों में बेरोज़गारी दर जून में बढ़कर 15.3% हो गई, जो मई, 2025 में 15% थी। शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर जून में बढ़कर 18.8% हो गई, जो मई में 17.9% थी, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह आलोच्य महीने में 13.8% थी, जो मई में 13.7% थी।

सीडब्ल्यूएस, सर्वेक्षण की तारीख से पहले के सात दिन में निर्धारित गतिविधियों को दर्शाता है। इस सर्वेक्षण से पता चलता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए बेरोजगारी दर में कमी का कारण मई, 2025 की तुलना में खुद का काम करने वाले श्रमिकों की हिस्सेदारी में वृद्धि और बेरोजगार व्यक्तियों की संख्या में कमी है। सर्वेक्षण के मुताबिक, 15-29 आयु वर्ग की महिलाओं में बेरोजगारी दर भी पिछले महीने बढ़कर 17.4% हो गई, जबकि मई में यह 16.3% थी, जिसमें ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्र शामिल हैं। शहरों में बेरोजगारी दर भी मई के 24.4%से बढ़कर जून में 25.8% हो गई और गांवों में मई के 13 से बढ़कर पिछले महीने 13.7% हो गई।

### 15-29 वर्ष की आयु के पुरुषों बढ़ी बेरोजगारी दर

15-29 वर्ष की आयु के पुरुषों में बेरोज़गारी दर मई के 14.5 से बढ़कर जून में 14.7% हो गई। शहरों में यह दर पिछले महीने के 15.8% की तुलना में जून में बढ़कर 16.6% हो गई, जबकि गांवों में बेरोजगारी दर जून के 14 से घटकर 13.8% हो गई। आंकड़ों से पता चला है कि 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों में श्रमबल भागीदारी दर (एलएफपीआर) जून, 2025 के दौरान 54.2% थी, जबकि मई, 2025 के दौरान यह 54.8% थी। ग्रामीण क्षेत्रों में, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों में एलएफपीआर 56.1% थी और शहरी क्षेत्रों में उक्त आयु वर्ग में जून, 2025 के दौरान 50.4% थी। जून, 2025 के दौरान, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों के लिए सीडब्ल्यूएस में एलएफपीआर क्रमशः 78.1 और 75% था, जो मई, 2025 के दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए क्रमशः 78.3 और 75.1% था। जून, 2025 में एलएफपीआर और श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) में मामूली गिरावट मुख्य रूप से मौसमी कृषि रुझान, भीषण गर्मी और कुछ अवैतनिक सहायकों के घरेलू कामों की ओर रुख करने से प्रभावित थी।

# 4 दिन बाद शेयर बाजार में लौटी तेजी सेंसेक्स 317, निफ्टी 113 अंक चढ़ा

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को पिछले चार दिन से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 317 अंक चढ़ गया। वहीं एनएसई निफ्टी में 113 अंक की तेजी रही। खुदरा महंगाई दर के छह साल के निचले स्तर पर आने के साथ वाहन और औषधि शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई।

बीएसई का सेंसेक्स 317.45 अंक की बढ़त के साथ 82,570.91 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी 113.50 अंक की बढ़त के साथ 25,195.80 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले, पिछले चार कारोबारी सत्रों में, सेंसेक्स 1,459.05 अंक यानी 1.74% और निफ्टी 440 अंक यानी 1.72% टूटा था। सेंसेक्स की कंपनियों में सन फार्मा, ट्रेंट, टाटा मोटर्स, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, आईटी सेवा कंपनी एचसीएल टेक का शेयर 3.31% के नुकसान में रहा।



जून तिमाही में कंपनी के एकीकृत शुद्ध लाभ में 9.7% की गिरावट आई है, जिससे इसका शेयर नीचे आया। वहीं, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक और एक्सिस बैंक के शेयर भी नुकसान में रहे।


### उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 2.82%

अच्छे मानसून के कारण सब्जियों सहित खाने का सामान सस्ता होने खुदरा मुद्रास्फीति जून में छह साल के निचले स्तर 2.1 प्रतिशत पर आ गई। यह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संतोषजनक स्तर (2 से 6%) के करीब है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति मई में 2.82% और जून, 2024 में 5.08% थी। पिछले साल नवंबर से मुद्रास्फीति में गिरावट आ रही है। बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.95% चढ़ा जबकि मिडकैप 0.83% के लाभ में रहा। बीएसई के 2,576 शेयरों में तेजी रही जबकि 1,479 में गिरावट दर्ज की गयी। दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहे जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट गिरावट के साथ बंद हुआ।

# फर्जी कॉल्स व साइबर खतरों से बचाने के लिए होगा एआई का प्रयोग: बैंकर्स समिति

लखनऊ, एजेंसी

बैंक उपभोक्ताओं खासकर ग्रामीण नागरिकों को साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल ठगी से बचाने को बैंक आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की मदद लेंगी। बैंक आफ बड़ौदा के आंचलिक प्रमुख एवं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उप्र) के संयोजक शैलेन्द्र सिंह ने मंगलवार को बताया कि केंद्र सरकार 1 जुलाई से 30 सितंबर के बीच वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान चला रही है। सरकारी योजनाओं के माध्यम से वित्तीय समावेशन की जानकारी दी जा रही है।




उन्होने बताया कि लोगों को ओटीपी साझा न करना, फिशिंग ईमेल्स, फर्जी कॉल्स व अन्य डिजिटल खतरों के प्रति जागरूक किया जाएगा। एआई की मदद से ग्रामीण नागरिकों के साथ हो रही धोखाधड़ी से बचने के लिए लोगों को जागरुक किया जा रहा है। सिंह ने कहा कि इस अभियान के दौरान बैंको द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों की 57 हजार 702 ग्राम पंचायतों में प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम एक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से शून्य शेष राशि पर प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत खाता खोले जा रहे हैं। केवल 436 रुपये प्रति वर्ष के प्रीमियम पर दो लाख के जीवन बीमा के लिए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा में लोगों का नामांकन किया जा रहा है।

# औद्योगिक परिदृश्य सर्वेक्षण आरबीआई ने किया शुरू

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को कहा कि उसने कारोबारी धारणा का आकलन करने के लिए भारतीय विनिर्माण क्षेत्र का तिमाही औद्योगिक परिदृश्य सर्वेक्षण शुरू किया है। आरबीआई ने तिमाही सेवा एवं बुनियादी ढांचा परिदृश्य सर्वेक्षण (एसआईओएस) का 46वां दौर भी शुरू किया है। भारतीय विनिर्माण क्षेत्र के तिमाही बुनियादी ढांचा परिदृश्य सर्वे (आईओएस) का 111वां दौर चालू तिमाही (जुलाई-सितंबर) के लिए कारोबारी धारणा और आगामी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के लिए उम्मीद का आकलन करेगा। एसआईओएस का 46वां दौर सेवा और बुनियादी ढांचा क्षेत्र के कारोबारी स्थिति और मांग की स्थिति, वित्तीय स्थिति, रोजगार की स्थिति और मूल्य स्थिति से संबंधित संकेतकों से जुड़े सवालों पर आगामी तिमाही के लिए उनकी अपेक्षाओं का आकलन करेगा।

- **सेवा एवं बुनियादी ढांचा परिदृश्य सर्वेक्षण के 46वें दौर की भी शुरुआत**

# 6.5% की दर से बढ़ेगा भारत : ईएसी-पीएम

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के चेयरमैन एस महेंद्र देव ने मंगलवार को कहा कि भू-राजनीतिक तनाव और व्यापार नीति से जुड़ी अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष (2025-26) में 6.5% की दर से बढ़ने की उम्मीद है।

देव ने कहा कि अच्छे मानसून और नीतिगत ब्याज दर में तीन कटौतियों से मुद्रास्फीति कम रहने से घरेलू वृद्धि को समर्थन मिलेगा। प्रख्यात अर्थशास्त्री ने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव और व्यापार नीति से जुड़ी अनिश्चितताओं के दोहरे झटके जैसी कई वैश्विक चुनौतियां हैं। हालांकि, भारत की अर्थव्यवस्था जुझारू है और यह बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश बना हुआ है। 2025-26 के पहले दो महीनों के प्रमुख संकेतक घरेलू अर्थव्यवस्था के जुझारू प्रदर्शन का संकेत देते हैं। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 6.5% की दर से बढ़ पाना संभव है। उन्होंने कहा, मजबूत राजकोषीय प्रबंधन के साथ भारत की मध्यम अवधि की वृद्धि संभावनाएं मजबूत प्रतीत होती हैं। बढ़ते सरकारी पूंजीगत व्यय का निजी उपभोग में स्वस्थ वृद्धि के साथ वृद्धि पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।



- **भू-राजनीतिक तनाव व अनिश्चितताओं के बाद भी अर्थव्यवस्था के बढ़ने की उम्मीद**

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) व विश्व बैंक ने अनिश्चित वैश्विक परिवेश और व्यापार तनाव को देखते हुए चालू वित्त वर्ष में भारत के वृद्धि दर अनुमान को घटाकर क्रमशः 6.2 और 6.3% कर दिया है। देव ने कहा कि घरेलू स्तर पर मौजूद कई अनुकूल परिस्थितियां निवेश, उपभोग और निर्यात को बढ़ावा देकर ग्रामीण और शहरी दोनों मांग को बढ़ा सकती हैं।

## राष्ट्रीय

# लोग किसी को कुछ भी कह देते हैं : सुप्रीम कोर्ट

## मोदी, आरएसएस पर आपत्तिजनक कार्टून पर कार्टूनिस्ट को मिला संरक्षण

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने प्रधानमंत्री मोदी व आरएसएस के आपत्तिजनक कार्टून सोशल मीडिया पर साझा करने के आरोपी कार्टूनिस्ट को मंगलवार को दंडात्मक कार्रवाई से संरक्षण प्रदान किया। शीर्ष अदालत ने सोशल मीडिया पर बढ़ती आपत्तिजनक पोस्ट पर भी चिंता व्यक्त की और अंकुश लगाने को न्यायिक आदेश पारित करने पर बल दिया।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया व अरविंद कुमार की पीठ ने कहा, लोग किसी को भी, कुछ भी कह देते हैं। हमें इस बारे में कुछ करना होगा। पीठ ने कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय को मध्य प्रदेश में दर्ज प्राथमिकी के मद्देनजर राज्य की दंडात्मक कार्रवाई से संरक्षण प्रदान किया। मालवीय की वकील वृंदा ग्रोवर ने आश्वासन दिया कि इस मामले में माफी मांग ली गई है। हालांकि, पीठ ने आगाह किया कि अगर कार्टूनिस्ट सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालते रहे, तो राज्य सरकार उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए स्वतंत्र है। राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने 'एक्स' पर न्यायपालिका के खिलाफ भी मालवीय के कुछ अन्य पोस्ट का जिक्र किया, जिसके बाद पीठ ने कहा, यदि याचिकाकर्ता सोशल मीडिया पर कोई आपत्तिजनक पोस्ट डालते हैं, तो प्रतिवादी राज्य (मध्य प्रदेश) को कानून के अनुसार आगे बढ़ने की स्वतंत्रता होगी। ग्रोवर ने विधि अधिकारी की दलील का विरोध करते हुए कहा, इससे तो समस्याओं का पिटारा खुल जाएगा।



### ईडी के अधिकार संबंधी फैसले की मांग पर 31 को सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 2022 के उस फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए 31 जुलाई की तारीख तय की, जिसमें पीएमएलए के तहत धन शोधन में शामिल लोगों की गिरफ्तारी और संपत्ति कुर्क करने के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारों को बरकरार रखा गया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने बुधवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध मामले को 31 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दिया, जब केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वह उपलब्ध नहीं हैं। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि अगर मामला 31 जुलाई को सूचीबद्ध किया जाता है, तो उन्हें आपत्ति नहीं है। 7 मई को, शीर्ष अदालत ने केंद्र और याचिकाकर्ताओं से उस फैसले को चुनौती देने को लेकर मुद्दे तय करने को कहा, जिसमें आरोपियों की गिरफ्तारी और संपत्ति कुर्क करने की ईडी की शक्तियों को बरकरार रखा गया था।

### उदयपुर फाइल्स की रिलीज पर आज सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट कन्हैया लाल दर्जी हत्याकांड में आरोपियों की उस याचिका पर बुधवार को सुनवाई करेगा, जिसमें मामले पर आधारित फिल्म की रिलीज का विरोध किया गया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जे. बागची की पीठ ने कहा कि उदयपुर फाइल्स: कन्हैया लाल दर्जी मर्डर की रिलीज पर रोक लगाने के दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली फिल्म निर्माताओं की याचिका 16 जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। यह फिल्म पिछले हफ्ते 11 जुलाई को रिलीज़ होने वाली थी। शीर्ष अदालत में यह याचिका मोहम्मद जावेद ने दायर की थी, जो आठवें आरोपी के रूप में मुकदमे का सामना कर रहा है।

### आप कुत्तों को घर पर खाना क्यों नहीं देते: कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने नोएडा में आवारा कुत्तों को खाना देने पर परेशान किए जाने का आरोप लगाने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को याचिकाकर्ता से पूछा, आप उन्हें घर में खाना क्यों नहीं देते हैं। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा, क्या हमें इन बड़े दिलवाले लोगों के लिए हर गली, हर सड़क खुली छोड़ देनी चाहिए? जानवरों के लिए तो जगह है, लेकिन इंसानों के लिए जगह नहीं है। आप उन्हें अपने घर में खाना क्यों नहीं देते? आपको कोई नहीं रोक रहा है।यह याचिका इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मार्च 2025 के आदेश से संबंधित है।

# मोदी शासन में औसत मुद्रास्फीति 5.1, संप्रग में 8.1% थी : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

- **नरेन्द्र मोदी की सरकार के महंगाई से निपटने के तरीके की सराहना की**

भाजपा ने नरेन्द्र मोदी की सरकार के महंगाई से निपटने के तरीके की मंगलवार को सराहना की। खुदरा मुद्रास्फीति जून में घटकर छह साल के निचले स्तर 2.1% पर आने के बाद पार्टी ने यह बात कही।

पार्टी के अनुसार, भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के शासन में औसत मुद्रास्फीति 5.1% रही है, जबकि कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में यह औसत 8.1% थी। भाजपा के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि जनवरी 2012 से अप्रैल 2014 के बीच जब संप्रग सत्ता में था तब खुदरा मुद्रास्फीति 28 महीनों में से 22 महीनों में नौ प्रतिशत से अधिक रही।

उन्होंने कहा कि यहां तक कि कई बार यह दोहरे अंकों में भी पहुंच गई थी। मालवीय ने एक्स पर लिखा, इसके विपरीत मोदी सरकार ने खुदरा मुद्रास्फीति को अधिकतर 5% से नीचे बनाए रखा और इसे कभी 8% से ऊपर नहीं जाने दिया।

संप्रग के अंतिम तीन साल के कार्यकाल में भारत औसतन 9.8% की खुदरा मुद्रास्फीति से जूझ रहा था। यह इस लिहाज से और खराब थी कि उस समय वैश्विक मुद्रास्फीति अपेक्षाकृत स्थिर तथा 4-5% के बीच थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने सोमवार को बयान में कहा कि सब्जियों, दालों, मांस और दूध सहित खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी से खुदरा महंगाई दर जून में घटकर छह साल से भी अधिक के निचले स्तर 2.1% पर आ गई है।

## एक नजर

### इंजीनियर रशीद की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने 21 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र को लेकर लोकसभा सांसद इंजीनियर रशीद की अर्जी पर मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह ने बारामूला के सांसद रशीद की याचिका पर 21 जुलाई के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया। रशीद ने इस याचिका में सांसद के तौर पर अपने कर्तव्य के निर्वहन के लिए अंतरिम जमानत या अभिरक्षा पैरोल का अनुरोध किया था।

### जम्मू कश्मीर में वाहन खाई में गिरा, 5 की मौत

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में मंगलवार को यात्री वाहन के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिरने से एक महिला समेत 5 लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि वाहन में क्षमता से अधिक लोग थे। यह दुर्घटना डोडा शहर से 30 किलोमीटर दूर पोंडा के पास डोडा-भर्थ मार्ग पर हुई।

### करंट से झुलसे बच्चे के काटने पड़े हाथ, चार पर केस

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले के गांव में करंट लगने से झुलसे 7 वर्षीय बच्चे के दोनों हाथ काटने पड़े जिसके बाद पुलिस ने बिजली विभाग के उपमंडल अधिकारी (एसडीओ), कनिष्ठ अभियंता (जेई) समेत चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। दनकौर थाना क्षेत्र के गांव अच्छेजा बुजुर्ग में 22 मई को हुई घटना के संबंध में सोमवार रात शिकायत दर्ज कराई गई।

# दिल्ली: सेंट स्टीफंस और द्वारका स्थित स्कूल को बम की धमकी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज व सेंट थॉमस स्कूल को मंगलवार को ईमेल से बम की धमकी मिली, जिसके बाद दोनों परिसरों में आपातकालीन सेवाएं पहुंचीं और परिसरों में तलाशी ली।

पुलिस ने बताया कि बम निरोधक दस्ता, श्वान दस्ता व अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) राजा बंथिया ने कहा कि सेंट स्टीफन कॉलेज की ओर से कहा गया है कि कॉलेज को सुबह सवा सात बजे बम की धमकी मिली थी।

### मुंबई में बीएसई भवन को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई में स्थित बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) भवन को ईमेल से बम की धमकी दी गई, लेकिन तलाशी लेने के बाद यह झूठी निकली। पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि बीएसई के कर्मचारी को रविवार को ईमेल पर संदेश मिला, जिसमें दक्षिण भारत के एक नेता का नाम था। ईमेल में दावा किया गया था कि बीएसई भवन में चार आरडीएक्स (विस्फोटक पदार्थ) युक्त परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) लगाए गए हैं।

# आतंकवाद के आरोपी को जमानत देने से दिल्ली हाईकोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आतंकवादी संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ)' के कार्यकर्ता को जमानत देने से यह कहते हुए इनकार कर दिया है कि वह अपने 'प्रभाव' के चलते सबूतों से छेड़छाड़ कर सकता है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद और हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ ने आरोपी अर्सलान फिरोज अहेनगर (जिसकी उम्र 20 साल के आसपास बताई गई) के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य पाए। पीठ ने 7 जुलाई को पारित आदेश में कहा कि अर्सलान ने आतंकवादियों की तस्वीरें पोस्ट कीं और लोगों को आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने के लिए उकसाया। यह नहीं कहा जा सकता कि अपीलकर्ता (अर्सलान) के खिलाफ यह दिखाने के लिए सबूत नहीं है कि वह मारे गए आतंकवादी मेहरान यासीन शल्ला से जुड़ा था या उसने आतंकवादी गतिविधियों में हिस्सा लिया था।

- **कोर्ट ने कहा- आरोपी सबूतों से कर सकता है छेड़छाड़**

# हैदराबाद में भाकपा नेता की हत्या

**हैदराबाद।** तेलंगाना में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के नेता की मंगलवार सुबह यहां मलकपेट में अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भाकपा की राज्य परिषद सदस्य के. चंदू नाइक (47) सुबह की सैर पर निकले थे, तभी एक पार्क के पास कार सवार हमलावरों ने उन पर गोलियां चलाईं, जिससे भाकपा नेता की मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण पूर्व क्षेत्र) एस चैतन्य कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। कुमार ने कहा कि वारदात को तीन-चार लोगों ने अंजाम दिया है।

# आरोपी पर वयस्क की तरह मुकदमा चलाने का अनुरोध बोर्ड ने ठुकराया

**पुणे।** किशोर न्याय बोर्ड ने पुणे पुलिस की उस अर्जी को मंगलवार को खारिज कर दिया, जिसमें पिछले साल नशे में पोर्श कार चलाने और दो लोगों को कुचलने के आरोपी 17 वर्षीय लड़के पर वयस्क की तरह मुकदमा चलाने का अनुरोध किया गया था। यह घटना पिछले साल पुणे के कल्याणी नगर इलाके में घटी थी, जिसमें बाइक सवार आईटी पेशेवर अनीश अवधिया और उसकी दोस्त अश्विनी कोस्टा की मौत हो गई थी। पुलिस ने पिछले साल यह कहते हुए आरोपी पर वयस्क की तरह मुकदमा चलाने की अनुमति का अनुरोध किया था कि उसने जघन्य कृत्य किया है और उस पर न केवल दो लोगों की हत्या, बल्कि सबूतों से छेड़छाड़ के भी आरोप हैं। बचाव पक्ष के वकील के मुताबिक, किशोर न्याय बोर्ड ने आरोपी पर वयस्क की तरह मुकदमा चलाने का अनुरोध ठुकरा दिया।

**पुणे पोर्श कार का मामला**

## अमरनाथ यात्रा



अमरनाथ यात्रा को लेकर सेना और केंद्र व राज्य सरकार काफी सतर्क है, जिसे लेकर सुरक्षा एजेंसियों और सेना ने चौकसी बढ़ा रखी है। इसी क्रम में श्रीनगर के लाल चौक पर मुस्तैदी से खड़े सुरक्षाकर्मी। एजेंसी

# ओडिशा : छात्रा की मौत, सीएम बोले- दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

भुवनेश्वर, एजेंसी

एक शिक्षक द्वारा यौन उत्पीड़न किए जाने के मामले में न्याय न मिलने पर आत्मदाह करने वाली छात्रा ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में दम तोड़ दिया। बालासोर के फकीर मोहन (स्वायत्त) महाविद्यालय की बीएड की द्वितीय वर्ष की छात्रा ने तीन दिन तक मौत से लड़ने के बाद सोमवार रात दम तोड़ दिया। शिक्षक पर कार्रवाई नहीं किए जाने से आहत छात्रा ने शनिवार को यह कदम उठाया।

छात्रा की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि सभी दोषियों को कानून के तहत कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी। छात्रा को पहले बालासोर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था और फिर भुवनेश्वर स्थित एम्स भेज दिया गया। मुख्यमंत्री माझी ने एक्स पर कहा, छात्रा की मृत्यु की खबर से बेहद दुखी हूं। सरकार द्वारा सभी जिम्मेदारियों को निभाने और विशेषज्ञ चिकित्सा दल के अथक प्रयासों के बावजूद, छात्रा को नहीं बचाया जा सका।

- **एम्स के दीक्षांत समारोह में पहुंचीं राष्ट्रपति मुर्मू ने भी की थी पीड़िता से मुलाकात**

भुवनेश्वर स्थित एम्स के पांचवें दीक्षांत समारोह में शामिल होने पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार शाम को बिना किसी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के 'बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी' विभाग का दौरा किया था और छात्रा का हालचाल जाना था।

### विपक्ष ने 17 जुलाई को ओडिशा बंद का किया आह्वान

कांग्रेस नीत आठ विपक्षी दलों ने कॉलेज छात्रा की मौत के विरोध में 17 जुलाई को ओडिशा बंद का आह्वान किया है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भक्त चरण दास ने कहा कि बंद को वाम दलों सहित आठ दलों का समर्थन प्राप्त है। महाविद्यालय में हुई यह घटना दर्शाती है कि राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा करने में नाकाम रही है। दास ने सत्तारूढ़ भाजपा पर हमला करते हुए कहा, छात्रा पेट्रोल लेकर आई और सब देखते रहे। किसी ने कोई कदम नहीं उठाया। छात्रा को न्याय दिलाने के लिए बंद का आह्वान किया गया है।

### परिजनों को 20 लाख की अनुग्रह राशि देंगे मुख्यमंत्री माझी

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने आत्मदाह करने वाली छात्रा के परिवार के लिए 20 लाख की अनुग्रह राशि देने की मंगलवार को घोषणा की। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, माझी ने घटना की उचित जांच का निर्देश दिया है। राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति ने भी छात्रा की मौत पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने एक्स पर कहा, महाविद्यालय की छात्रा की मृत्यु की खबर सुनकर स्तब्ध हूं। उसकी मृत्यु सिर्फ घटना नहीं है, यह हमारे परिसरों की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने की सख्त जरूरत का एक साफ संकेत है। कानून के तहत सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिवार के साथ हैं।

## एक नजर



**मुंबई :** गोवा एसेस जेए रेसिंग के मालिक जॉन अब्राहम, कोलकाता रॉयल टाइगर्स के मालिक सौरव गांगुली और स्पीड डेमन्स दिल्ली के मालिक अर्जुन कपूर इंडियन रेसिंग फेस्टिवल 2025 के संबंध में जानकारी देते हुए। ● एजेंसी

### लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी का तय हुआ खाका

**लॉस एंजिल्स :** लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक में क्रिकेट की 128 साल बाद बहुप्रतीक्षित वापसी लॉस एंजिल्स से लगभग 50 किलोमीटर दूर पोमेना शहर के फेयरग्राउंड्स स्टेडियम में 12 जुलाई को होगी, जिसमें पदक मैच 20 और 29 जुलाई, 2028 को खेले जाएंगे। पुरुष और महिला वर्ग में कुल छह-छह टीमें और 180 खिलाड़ी ओलंपिक में क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप टी20 में भाग लेंगे। प्रतियोगिता के कार्यक्रम के अनुसार अधिकतर दिन दो मैच खेले जाएंगे जबकि 14 और 21 जुलाई को कोई मैच नहीं होगा। ओलंपिक में इससे पहले केवल एक बार 1900 में पेरिस ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किया गया था। उसमें तब केवल दो टीम ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस ने भाग लिया था। ग्रेट ब्रिटेन ने प्रतियोगिता के एकमात्र मैच में जीत हासिल करके स्वर्ण पदक जीता था। पुरुष और महिला वर्ग में कुल 90 खिलाड़ियों का कोटा आवंटित होने के कारण 12 प्रतिस्पर्धी टीमें 15 सदस्यीय दल की घोषणा कर सकती हैं।

### कीबोर्ड योद्धाओं को चुप कराकर खुश हूं : जोफ्रा आर्चर

**लंदन :** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने अपने आलोचकों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्होंने उन 'कीबोर्ड योद्धाओं' को चुप करा दिया जो कई चोटों से उबरने के बाद रिहैबिलिटेशन के दौरान उनके पीछे पड़े थे। 2021 के बाद से अपना पहला टेस्ट खेल रहे आर्चर ने लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में भारत की हार का कारण बने। उन्होंने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को शून्य पर आउट किया और फिर ऋषभ पंत और वाशिंगटन सुंदर के विकेट लेकर सोमवार को इंग्लैंड को 22 रन से जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आर्चर ने 'स्काई स्पोर्ट्स' से कहा मुझे लगता है कि मैं (इंग्लैंड की जीत के बाद) थोड़ा भावुक हो गया था। यह सफर काफी लंबा रहा। मैं आपको बता नहीं सकता कि पिछले तीन या चार वर्षों में कितने कीबोर्ड योद्धा मेरे पीछे पड़े हुए थे।

### पंजाब एफसी ने डिफेंडर बिजॉय वर्गीस के साथ किया करार

**मोहाली :** पंजाब एफसी ने मंगलवार को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के आगामी सत्र के लिए इंटर काशी से डिफेंडर बिजॉय वर्गीस को अपने साथ जोड़ने की घोषणा की। पच्चीस वर्षीय सेंटर बैक बिजॉय ने टीम के साथ 2028 तक अनुबंध किया है। बिजॉय 2021-22 सत्र में केरला ब्लास्टर्स में शामिल हुए और उस वर्ष उपविजेता रही टीम का हिस्सा थे। इसके बाद वह 2023-24 सत्र के लिए उधार पर आईलीग फ्रेंचाइजी इंटर काशी में शामिल हुए और 2024-25 सत्र में 10 मैच खेले।

### ऋतुपर्णा-श्वेतापर्णा की जोड़ी जापान ओपन बैडमिंटन से बाहर

**टोक्यो :** ऋतुपर्णा पांडा और श्वेतापर्णा पांडा की भारतीय महिला युगल जोड़ी को मंगलवार को जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में कोकोना इशिकावा और माइको कावाजोई से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 39वें स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी जापान की जोड़ी को कोई टक्कर नहीं दे पायी। इशिकावा और कावाजोई ने मैच की शुरुआत से दबदबा कायम करते हुए महज 32 मिनट में 21-13, 21-7 से एकतरफा जीत हासिल की। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू, लक्ष्य सेन और पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी बुधवार को अपने अभियान का आगाज करेंगे।

# जडेजा जोखिम उठाकर खेल सकते थे आक्रामक शॉट



रविंद्र जडेजा।

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में भारतीय हरफनमौला रविंद्र जडेजा को स्पिनर शोएब बशीर के खिलाफ मोहम्मद सिराज को स्ट्राइक देने की जगह खुद जोखिम उठाकर आक्रामक शॉट खेलना चाहिए था।

जडेजा के साथ पुछल्ले बल्लेबाजों के संघर्ष से भारत मैच में वापसी करने में काफी हद तक सफल रहा लेकिन उसे 22 रन से शिकस्त का सामना करना पड़ा। कुंबले को इस मैच ने चेन्नई में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट की याद दिला दी जिसमें सचिन तेंदुलकर ने पीठ दर्द के बावजूद 136 रन की पारी खेली, लेकिन भारतीय टीम को 12 रन से हार का सामना करना पड़ा था। उस मैच में ऑफ स्पिनर सकलैन मुश्ताक द्वारा जवागल श्रीनाथ का आउट होना सोमवार को सिराज के स्टंप्स की गिल्लियों को गिराने वाली गेंद के समान था। चेन्नई में जनवरी 1999 में खेले गए उस टेस्ट मैच में टीम का हिस्सा रहे कुंबले ने 'जियोहॉटस्टार' पर कहा मुझे इस मैच को देखकर चेन्नई में पाकिस्तान के खिलाफ खेला गया टेस्ट मैच याद आ गया। इसमें हम 12 रन से हार गए थे। (सिराज का आउट होना) कुछ वैसा ही था। टीम लक्ष्य से सिर्फ 22 रन दूर थी।



● **अनिल कुंबले ने जीत के करीब पहुंचकर हार पर जताई निराशा**

जडेजा एक छोर पर बस खड़े रहे। मेरा मतलब है, वह भारत को जीत के इतने करीब लाने की योजना में सफल रहे, लेकिन इंग्लैंड ने कोई ढिलाई नहीं बरती। जडेजा ज्यादातर ओवर की चौथी या पांचवीं गेंद पर एक रन चुरा रहे थे, लेकिन कुंबले का मानना है कि उन्हें कम गति के गेंदबाजों के खिलाफ जोखिम उठाना चाहिए था। कुंबले ने कहा उन्हें उन गेंदबाजों का चयन करना चाहिए थे जिसके खिलाफ वह आक्रामक रूख अपना सकते थे। क्रिस वोक्स, जो रूट और बशीर ऐसे गेंदबाज थे। बशीर और रूट भले ही ऑफ स्पिनर है लेकिन उनकी गेंद बहुत ज्यादा टर्न नहीं ले रही थी। उन्होंने कहा अगर किसी को जोखिम उठाना था तो वह जडेजा ही थे जिन्हें ऐसा करना चाहिए था। उन्होंने बुमराह और सिराज के साथ बल्लेबाजी के दौरान अपने पास ज्यादा स्ट्राइक रखकर अच्छा काम किया लेकिन सिराज को बशीर का पूरा ओवर खेलने के लिए देना जोखिम भरा था। उन्हें इसकी जगह खुद ही आक्रामक रुख अपनाना चाहिए थे।

कुंबले ने जडेजा की नाबाद 61 रन की जुझारू पारी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने जीत के लिए 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को 170 रन पहुंचा कर लगभग चमत्कार कर दिया था। कुंबले ने कहा वह पूरे समय बेहतरीन रहे। वह दिन के छठे ओवर में ही बल्लेबाजी के लिए आ गये थे और आखिर तक नाबाद रहे। बुमराह और सिराज के साथ 82 पर 7 विकेट गिरने के बाद स्कोर को दोगुना करना अविश्वसनीय है। उन्होंने कहा उनकी बल्लेबाजी देखकर टीम के अन्य बल्लेबाज खुद के प्रदर्शन से निराश होंगे। भारत को दोनों पारियों में लगभग 65 अतिरिक्त रन देना भी भारी पड़ा। यह चर्चा का एक बड़ा विषय होगा। कुंबले ने कहा कि जोफ्रा आर्चर की गेंद कंधे पर लगने से सिराज थोड़े असहज हो गये और उनका ध्यान थोड़ा भंग हो गया।



किंग चार्ल्स तृतीय ने लंदन के क्लेरेंस हाउस में भारतीय पुरुष और महिला क्रिकेट टीम के सदस्यों के साथ मुलाकात की। ● एजेंसी

**किंग चार्ल्स तृतीय ने गिल से पूछा**

## आखिरी बल्लेबाज के आउट होने पर आपको कैसा महसूस हुआ था

**लंदन :** किंग चार्ल्स तृतीय ने मंगलवार को क्लेरेंस हाउस के बगीचे में भारत की पुरुष और महिला क्रिकेट टीमों से मुलाकात के दौरान मोहम्मद सिराज के आउट होने को 'दुर्भाग्यपूर्ण' करार दिया लेकिन इसके बारे में भारतीय कप्तान शुभमन गिल से पूछे बिना नहीं रह सके। ब्रिटेन के 76 वर्षीय महाराजा ने भारतीय क्रिकेटरों के साथ इस खेल को लेकर काफी समय तक चर्चा की। गिल ने उनसे टीम की मुलाकात को अद्भुत करार दिया। भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दुरईस्वामी और उप उच्चायुक्त सुजीत घोष के साथ कांग्रेस राज्यसभा सांसद एवं बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला तथा सचिव देवजीत सैकिया इस दौरान वहां मौजूद थे। गिल ने मुलाकात के बाद कहा यह अद्भुत था। मुझे लगता है कि वह (किंग चार्ल्स) बहुत दयालु और उदार हैं। हमारी उन से बहुत अच्छी बातचीत हुई। भारत को सोमवार को लॉर्ड्स मैदान पर शृंखला के रोमांचक तीसरे टेस्ट मैच में 22 रन से हार का सामना करना पड़ा। भारत के आखिरी बल्लेबाज मोहम्मद सिराज थोड़े दुर्भाग्यशाली रहे कि शोएब बशीर की गेंद उनके बल्ले का किनारा लेने के बाद धीरे से विकेट से टकराई और फिर गिल्लियां गिर गयी। गिल ने कहा उन्होंने (किंग चार्ल्स) हमें बताया कि हमारे आखिरी बल्लेबाज के आउट होने का तरीका काफी दुर्भाग्यपूर्ण था, गेंद लुढ़कती हुई विकेट पर लग गई। वह हमसे बस पूछ रहे थे उसके बाद आपको कैसा महसूस हुआ? और हमने उन्हें बताया कि यह हमारे लिए एक दुर्भाग्यपूर्ण मैच था। उम्मीद है कि अगले दोनों मैचों में हमें किस्मत का अच्छा साथ मिलेगा। गिल ने कहा कि भारतीय टीम जब भी इंग्लैंड में खेलती है, उसे प्रवासियों भारतीय से जबरदस्त समर्थन मिलता है।

### पंत का रन आउट होना निर्णायक पल था : गिल

**लंदन :** भारत के कप्तान शुभमन गिल ने लॉर्ड्स टेस्ट के रोमांचक आखिरी दिन सोमवार को अपनी टीम की जुझारू कोशिशों पर गर्व जताया। लेकिन साथ ही कहा कि चौथे दिन लंच से ठीक पहले हुए पंत का रनआउट होना मैच का टर्निंग प्वाइंट था। लंच से ठीक पहले जब भारत का स्कोर 82 पर 7 हो गया था, तब लगा कि मैच जल्दी खत्म हो जाएगा। लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाजों ने डटकर मुकाबला किया और मैच को आखिरी सत्र तक ले गए। अंतत: भारत 170 रन पर ऑल आउट हो गया और 22 रन से हार गया। गिल ने पोस्ट-मैच प्रेजेंटेशन में कहा मैं बेहद गर्व महसूस कर रहा हूं। कोई भी टेस्ट मैच इससे ज्यादा करीबी नहीं हो सकता। पांच दिन तक कड़ा मुकाबला चला, जिसका फैसला आखिरी सत्र और आखिरी विकेट गिरने के बाद आया। हमारी टीम ने इस मैच में जिस तरह का जुझारूपन दिखाया, उससे मैं बहुत खुश हूं।



### गिल तकनीकी रूप से उतने मजबूत नहीं दिखे : वॉन

**लंदन :** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा कि भारतीय कप्तान शुभमन गिल तीसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए उतरे तो वह तकनीकी रूप से मजबूत नहीं दिखे और उन्होंने धैर्य की कमी भी नजर आई। शुभमन गिल ने शृंखला के पहले दो टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने हेडिंग्ले में पहले टेस्ट में शतक बनाया और फिर बर्मिंघम में शतक और दोहरा शतक जड़कर कई रिकॉर्ड तोड़े।

## स्पिनर डॉसन की आठ साल बाद इंग्लैंड की टेस्ट टीम में वापसी

**लंदन :** बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन ने आठ साल के अंतराल के बाद मंगलवार को इंग्लैंड की टेस्ट टीम में वापसी की। उन्हें भारत के खिलाफ 23 जुलाई से मैनचेस्टर में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच के लिए चोटिल शोएब बशीर की जगह टीम में शामिल किया गया है। तीसरे टेस्ट मैच में भारत की पहली पारी के दौरान अपनी ही गेंद पर क्षेत्ररक्षण करते समय बशीर के बाएं हाथ में फ्रैक्चर हो गया था। यह मैच इंग्लैंड ने 22 रन से जीता था। चोट के बावजूद बशीर ने भारत की दूसरी पारी में गेंदबाजी की और मोहम्मद सिराज को आउट करके अपनी टीम को रोमांचक जीत दिलाने में मदद की। 35 वर्षीय डॉसन ने अपने तीन टेस्ट मैचों में से आखिरी टेस्ट 2017 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था। उन्होंने सात विकेट लिए हैं। इसके अलावा उन्होंने इंग्लैंड की तरफ से छह वनडे और 14 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले हैं। वह कई वर्षों से हैम्पशर के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और उन्हें 2023 और 2024 में पीसीए प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया था। डॉसन ने अब तक 212 प्रथम श्रेणी मैचों में 371 विकेट लिए हैं। वह निचले मध्यक्रम के उपयोगी बल्लेबाज भी हैं।

**टीम**

बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, लियाम डॉसन, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग, क्रिस वोक्स।

# आक्रामक बल्लेबाज शेफाली टी20 रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंची

**दुबई, एजेंसी**

भारत की आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा मंगलवार को जारी आईसीसी महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापसी करने में सफल रही। इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई टी20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला में 158.56 के स्ट्राइक रेट से 176 रन बनाने वाली शेफाली इस रैंकिंग में 655 अंकों के साथ चार स्थान की छलांग लगाकर नौवें स्थान पर पहुंच गई है।

उप-कप्तान स्मृति मंधाना तीसरे नंबर के साथ इस सूची में शीर्ष भारतीय खिलाड़ी है। मध्यक्रम की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स दो पायदान नीचे 14वें स्थान पर खिसक गयी। भारत की ऐतिहासिक 3-2 से शृंखला जीत में अहम योगदान देने वाली अरुंधति रेड्डी गेंदबाजी रैंकिंग में चार स्थान की सुधार के साथ 39वें स्थान पर और हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में 26 स्थान की छलांग लगाकर 80वें स्थान पर पहुंच गयी। अनुभवी ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा को गेंदबाजों की रैंकिंग में एक स्थान का नुकसान हुआ है और वह तीसरे पायदान पर खिसक गयी है। राधा यादव तीन पायदान के सुधार के साथ रैंकिंग में 15वें स्थान पर है। इस रैंकिंग में शृंखला गंवाने वाली इंग्लैंड की टीम के कई खिलाड़ियों को रैंकिंग में फायदा हुआ है। शृंखला के आखिरी मैच में 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार हासिल करने वाली स्पिनर चार्ली डीन रैंकिंग में शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल रही।



# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 27 रनों पर ढेर किया

**किंग्स्टन (जमैका), एजेंसी**

● **सीरीज 3-0 से जीती, मिशेल स्टार्क ने नौ रन देकर झटके छह विकेट**

मिशेल स्टार्क ने नौ रन देकर छह विकेट लिए और स्कॉट बोलैंड ने हैट्रिक ली जिससे ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को टेस्ट क्रिकेट के दूसरे न्यूनतम स्कोर 27 रनों पर आउट कर दिया तथा तीसरा और अंतिम टेस्ट मैच 176 रनों से जीत कर शृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया।

वेस्टइंडीज पर एक समय टेस्ट क्रिकेट में न्यूनतम स्कोर पर आउट होने का खतरा मंडरा रहा था लेकिन खराब फील्डिंग का फायदा उठाकर वह न्यूजीलैंड के 26 रनों के विश्व रिकॉर्ड से एक रन आगे निकलने में सफल रहा। अपना 100वां टेस्ट मैच खेल रहे स्टार्क ने अपनी पहली 15 गेंद पर पांच विकेट लिए जो टेस्ट इतिहास में सबसे तेज पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड है। उन्होंने अपने करियर में 15वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लिए। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने इस दौरान टेस्ट क्रिकेट में 400 विकेट भी पूरे किए। उन्होंने वेस्टइंडीज़ की दूसरी पारी की पहली ही गेंद पर एक विकेट और पहले ही ओवर में तीन विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया को सबीना पार्क में पहले दिन-रात्रि टेस्ट में 204 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरे वेस्टइंडीज को हराने और शृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप करने में केवल 14.3 ओवर लगे।



ऑस्ट्रेलिया के मिशेल स्टार्क 400वां विकेट हासिल करने के बाद जश्न मनाते हुए।

यह मैच केवल ढाई दिन में समाप्त हो गया। वेस्टइंडीज के शीर्ष छह बल्लेबाजों ने कुल मिलाकर केवल छह रन बनाए। उसके सात बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाए। उसकी तरफ से जस्टिन ग्रीव्स ने सर्वाधिक 11 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट मैच 159 रनों और दूसरा टेस्ट मैच 133 रनों से जीता था और इस तरह से फ्रैंक वारेल ट्रॉफी अपने पास बरकरार रखी। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए स्टार्क ने कहा यह शानदार शृंखला रही। पूरे मैच में बल्लेबाजों के लिए हालत बहुत अच्छे नहीं रहे। ऐसी परिस्थितियों में दूधिया रोशनी में सख्त गुलाबी गेंद से खेलना आसान नहीं होता लेकिन हमें विश्वास नहीं था कि मैच इतनी जल्दी खत्म हो जाएगा। स्टार्क ने लगातार गेंदों पर केवलन एंडरसन और ब्रैंडन किंग को आउट किया लेकिन उन्होंने हैट्रिक का मौका गंवा दिया।

# महिला विश्व कप से पहले इंग्लैंड और न्यूजीलैंड से अभ्यास मैच खेलेगा भारत

**दुबई, एजेंसी**

भारत इस साल सितंबर-अक्टूबर में अपनी और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले महिला एकदिवसीय विश्व कप से पहले बेंगलुरु में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगा। पाकिस्तान अपने अभ्यास मैच और विश्व कप मैच दोनों श्रीलंका में खेलेगा। यह बीसीसीआई और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आपसी सहमति से तय किया है। भारत 25 सितंबर को बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एक मैदान पर पहले अभ्यास मैच में इंग्लैंड से भिड़ेगा और 30 सितंबर को चिन्नास्वामी स्टेडियम में टूर्नामेंट शुरू होने से तीन दिन पहले 27 सितंबर को न्यूजीलैंड से उसी स्थान पर खेलेगा। पाकिस्तान 25 और 28 सितंबर को कोलंबो के कोलंबो क्रिकेट क्लब में क्रमशः श्रीलंका और श्रीलंका 'ए' टीम के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगा। आईसीसी ने कहा 25 से 28 सितंबर तक एम चिन्नास्वामी स्टेडियम, बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एक मैदान (दोनों बेंगलुरु), आर प्रेमदासा स्टेडियम और कोलंबो क्रिकेट क्लब (दोनों कोलंबो) में कुल नौ दिन-रात्रि मैच खेले जाएंगे।



**अभ्यास मैचों का कार्यक्रम**

**25 सितंबर :** भारत बनाम इंग्लैंड, बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान। दक्षिण अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड, एम चिन्नास्वामी स्टेडियम। श्रीलंका बनाम पाकिस्तान, कोलंबो क्रिकेट क्लब। बांग्लादेश बनाम श्रीलंका 'ए', आर प्रेमदासा स्टेडियम।

**27 सितंबर :** ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड, बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान। भारत बनाम न्यूजीलैंड, एम चिन्नास्वामी स्टेडियम। श्रीलंका बनाम बांग्लादेश, कोलंबो क्रिकेट क्लब।

**28 सितंबर :** दक्षिण अफ्रीका बनाम भारत 'ए', बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान पाकिस्तान बनाम श्रीलंका 'ए', कोलंबो क्रिकेट क्लब।

**यहां होगा विश्व कप**

एकदिवसीय विश्व कप की 12 साल बाद उपमहाद्वीप में वापसी हो रही है। यह टूर्नामेंट 30 सितंबर से दो नवंबर तक पांच स्थानों - एम चिन्नास्वामी स्टेडियम (बेंगलुरु), एसीए स्टेडियम (गुवाहाटी), होल्कर स्टेडियम (इंदौर), एसीए-वीडीसीए स्टेडियम (विशाखापत्तनम) और आर प्रेमदासा स्टेडियम (कोलंबो) में खेला जाएगा।

# प्रतिबद्धता और जज्बे की अद्भुत मिसाल थे फौजा सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● **114 वर्ष की उम्र में वाहन की टक्कर से हो गया है निधन**

● **89 वर्ष की उम्र में मैराथन दौड़ना किया था शुरू**

पुरानी कहावत है कि दोबारा शुरुआत करने में कभी देर नहीं होती और अगर कभी इस बात के प्रमाण की जरूरत पड़े तो एक बार फौजा सिंह के जीवन पर गौर कर लेना जिन्होंने प्रतिबद्धता और जज्बे की अद्भुत मिसाल पेश की। फौजा सिंह ने 89 वर्ष की उम्र में मैराथन दौड़नी शुरू की और फिर दुनिया भर में अपने जोश और जज्बे का डंका जमाया। उनका सोमवार को 114 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनकी उम्र के बावजूद, यह एक दिल दहला देने वाला अचानक अंत था। वह जालंधर स्थित अपने पैतृक गांव ब्यास पिंड में टहलने निकले थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।



वर्ष 2016 में मुंबई में जॉगिंग करते हुए फौजा सिंह। ● एजेंसी (फाइल फोटो)

फौजा सिंह ने अपने जीवन में कई मुश्किलों का सामना किया। वह जब मैराथन धावक बने तो उन्होंने अपने करियर का एक बड़ा हिस्सा ब्रिटेन में बिताया, लेकिन संन्यास लेने के बाद तीन साल पहले वह अपने गांव लौट आए थे। उनकी जीवनी 'द टर्बन्ड टॉरनेडो' के लेखक खुशवंत सिंह ने कहा हम हमेशा उनसे कहते थे कि भारत में दौड़ने वाले उनकी उम्र के व्यक्ति को हमेशा टक्कर लगने का खतरा बना रहता है, क्योंकि यहां वाहन चलाने का तरीका बहुत लापरवाही वाला है। दुर्भाग्यवश आखिर में ऐसा ही हुआ। फौजा की असली कहानी तब शुरू हुई जब ज्यादातर लोगों के लिए समय धीमा पड़ जाता है, खासकर उन लोगों के लिए जो जिंदगी की कई त्रासदियों से जूझ चुके हैं। वह भी जीवन के इन थपेड़ों से जूझ रहे थे।

फौजा सिंह 90 के दशक के मध्य में अपने छोटे बेटे की मौत से काफी व्यथित हो गए थे। इसके बाद जब उनकी पत्नी और बेटी का भी निधन हो गया तो उन्हें इंग्लैंड के एसेक्स में एक स्थानीय क्लब में दौड़ने से सांत्वना मिली। खुशवंत ने बताया गांव वालों ने उनके एक बेटे से कहा कि वह उन्हें ब्रिटेन ले जाए, क्योंकि वह श्मशान घाट जाते रहते थे और घंटों वहीं बैठे रहते थे। इसलिए वह इलफोर्ड (पूर्वी लंदन का एक शहर) चले गए। फौजा सिंह ने वहां पहुंचने के बाद ही दौड़ना शुरू किया। इसके बाद वह अंतर्राष्ट्रीय स्तर के धावक बन गए और उन्होंने अपने दमखम और जज्बे से दुनिया भर के लोगों को हैरान कर दिया। उन्होंने लंदन, न्यूयॉर्क और हांगकांग की प्रसिद्ध मैराथनों सहित अन्य मैराथनों में भाग लिया और कमजोर पैरों के साथ पैदा हुए 90 वर्ष से अधिक उम्र के इस व्यक्ति ने इस दौरान कुछ अच्छा समय भी निकाला जिससे पेशेवर धावक भी हैरान थे।

### मैराथन से कमाए हर पैसे को कर देते थे दान

फौजा सिंह ने कहा वह ऐसे व्यक्ति थे जिनमें कोई लालच नहीं था। मैराथन दौड़कर कमाए गए हर एक पैसे को वह दान में देते थे। जब वह प्रसिद्ध हो गए, तो लोग गुरुद्वारों में भी उनके पास पैसे देने आते थे, लेकिन वह तुरंत ही उस धनराशि को वहां के दानपात्रों में डाल देते थे। एक सच्चे, बड़े दिल वाले रूमानी पंजाबी की तरह, फौजा को अपनी पिन्नियां (घी, आटे और गुड़ से बनी मीठी गोलियां जिन पर सूखे मेवे लगे होते हैं) और मैकडॉनल्ड्स से कभी-कभार मिलने वाला स्ट्रॉबेरी शेक बहुत पसंद था। लेकिन वह एक अनुशासित धावक भी थे जो दौड़ से पहले कड़ा अभ्यास करते थे। उनकी सबसे यादगार दौड़ में से एक 2011 की थी जब वह 100 वर्ष के हो गए थे। टोरंटो में आयोजित आमंत्रण प्रतियोगिता का नाम उनके सम्मान में रखा गया था।

# ऑर्थोडॉक्स पार्टी गठबंधन से अलग, नेतन्याहू को झटका

तेल अवीव, एजेंसी



● गाजा में युद्ध के निर्णायक दौर में सरकार अस्थिर होने की आशंका

इजराइल में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की गठबंधन सरकार में प्रमुख सहयोगी दल रहे अति-रूढ़िवादी दल ने मंगलवार को कहा कि वह गठबंधन सरकार छोड़ रही है। अति-रूढ़िवादी दल की इस घोषणा को गाजा में युद्ध के निर्णायक समय में इजराइली नेता के शासन को अस्थिर करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

यूनाइटेड टोरा जूडिज्म नामक पार्टी के दो गुटों ने कहा कि वे एक कानून पर असहमति के कारण सरकार पर निशाना साध रहे हैं। यह कानून अपने सदस्यों के लिए व्यापक सैन्य मसौदा छूट को संहिताबद्ध करेगा। इन दलों के सदस्यों में से कई लोग सेना में भर्ती होने के बजाय यहूदी ग्रंथों का अध्ययन करते हैं। इस मुद्दे ने यहूदी इजराइलियों को विभाजित कर रखा है, जिनमें से अधिकांश को सेना में भर्ती होने की आवश्यकता होती है। इजराइलियों में यह दरार तब से और गहरी होती जा रही है, जब से गाजा में युद्ध शुरू हुआ है और सैनिकों की मांग लगातार बढ़ रही है। इजराइल की राजनीति में लंबे समय से 'किंगमेकर' की भूमिका निभाने वाली पार्टी के जाने से नेतन्याहू को तत्काल कोई खतरा नहीं है।

# ट्रंप को शिक्षा विभाग में 1,400 कर्मचारियों की छंटनी की अनुमति

**वाशिंगटन।** अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को शिक्षा विभाग को समाप्त करने की उनकी योजना को फिर से आगे बढ़ाने और लगभग 1,400 कर्मचारियों की छंटनी की अनुमति दे दी है।

तीन न्यायमूर्तियों की असहमति बावजूद, उच्चतम न्यायालय ने बोस्टन के डिस्ट्रिक्ट न्यायाधीश मयोंग जॉन के उस आदेश पर रोक लगा दी जिसमें उन्होंने कर्मचारियों की छंटनी को रद्द करते हुए अंतरिम रोक लगाई थी। जॉन ने आदेश में कहा था, छंटनी से विभाग संभवतः कमजोर हो जाएगा।'एक संघीय अपीलीय अदालत ने भी प्रशासन की अपील पर इस आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

## मुस्लिम देशों में शरीया कानून का हिस्सा है

# ब्लड मनी परंपरा



केरल की नर्स निमिषा को यमन में फांसी की सजा सुनाए जाने के बाद इस इस्लामी देश की 'ब्लड मनी' नाम की वह परंपरा भी चर्चा में आई है जो पैसों के बदले मौत की सजा माफ कर देती है। ब्लड मनी को अरबी में दिया कहा जाता है और यह परंपरा उन कई और मुस्लिम देशों में लागू है जहां इस्लामी शरीया कानून का प्रभाव है। इस पारंपरिक कानून के तहत अगर कोई व्यक्ति किसी की हत्या का गुनहगार है तो वह मृतक के परिवार को मुआवजा देकर सजा में छूट या माफी हासिल कर सकता है।

### इन देशों में भी ब्लड मनी जैसा कानून

**सऊदी अरब :** दिया यानी ब्लड मनी यहां शरीया कानून के अनुसार लागू है। हत्या, दुर्घटना और मेडिकल लापरवाही में भी ब्लड मनी दी जा सकती है। पीड़ित परिवार चाहे तो ब्लड मनी लेकर दोषी को माफ कर सकता है और इससे फांसी की सजा रुक सकती है।

**ईरान :** ईरान की इस्लामी दंड संहिता में ब्लड मनी को मान्यता है। अब तक यहां महिला और पुरुष की ब्लड मनी में अंतर होता था लेकिन अब इसे बराबरी की ओर लाया जा रहा है। विदेशी नागरिकों को भी कुछ मामलों में इसका फायदा या नुकसान झेलना पड़ता है।

**पाकिस्तान :** पाकिस्तान में सन् 1990 के दशक में दिया और किसास कानून लागू किए गए। ये कानूनी दंड संहिता से हटकर शरीया आधारित है। इसमें पीड़ित के परिवार को मुआवजा लेकर दोषी व्यक्ति को माफ करने का अधिकार है। अदालत इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं करती।

**संयुक्त अरब अमीरात :** यूएई में भी शरीया कानून दिया लागू है। अफगानिस्तान, सूडान, नाइजीरिया समेत कई और देशों में आंशिक या पूर्ण रूप से दिया लागू है, वहां भी पीड़ित परिवार को सजा माफ करने का अधिकार है।




### पश्चिमी देश

पश्चिमी देशों में सीधे तौर पर ब्लड मनी जैसा शरीया आधारित सिस्टम नहीं है, लेकिन वहां सिविल सूट और मुआवजा/क्षतिपूर्ति की व्यवस्था होती है।

### समर्थन

ब्लड मनी परंपरा इस्लामी न्याय प्रणाली का हिस्सा है। इससे पीड़ित के परिवार को कुछ राहत मिलती है, साथ ही बदले की भावना को रोकने में मदद मिलती है।

### आलोचना

अमीर अपराधियों को बच निकलने का मौका मिलता है और न्यायिक समानता पर सवाल उठते हैं। इसके अलावा गरीब पैसे के अभाव में न्याय नहीं दिला पाते।

### ब्लड मनी के चर्चित केस

- उत्तर प्रदेश के रईस खान को सऊदी अरब में एक पाकिस्तानी नागरिक की हत्या के मामले में फांसी की सजा सुनाई गई थी। भारतीय सामाजिक संगठनों और परिवार ने मृतक के परिवार को लगभग 30 लाख रुपये ब्लड मनी देकर माफी दिलवा दी।
- एक अमीर व्यवसायी के बेटे शाहरुख जटोई ने कराची में युवा छात्र शाहजेब खान की हत्या कर दी थी। जनता में भारी गुस्सा फैला मगर शाहजेब के परिवार ने शाहरुख से ब्लड मनी लेकर उसे माफ कर दिया। लोगों ने इसे पैसे वालों का न्याय तंत्र से खिलवाड़ कहा।
- पंजाब के नवदीप पर 2019 में एक साथी भारतीय की हत्या का आरोप लगा। सऊदी कोर्ट ने उसे फांसी की सजा सुनाई। लेकिन एनजीओ और गुरुद्वारों की मदद से करीब 1 करोड़ रुपये की ब्लड मनी दिए जाने के बाद मृतक के परिवार ने उसे माफ कर दिया।

## एक नजर

### दिग्गज अभिनेता-निर्माता धीरज कुमार का निधन

**मुंबई।** मनोज कुमार की फिल्म 'रोटी कपड़ा और मकान' में अभिनय करने और हिट टेलीविजन शो 'ओम नमः शिवाय' और 'अदालत' के निर्माण के लिए पहचाने जाने वाले दिग्गज अभिनेता-निर्माता धीरज कुमार का यहां एक अस्पताल में निधन हो गया। उनके एक पारिवारिक मित्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वह 79 वर्ष के थे। कुमार निमोनिया से गंभीर रूप से पीड़ित थे और उन्हें कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल की गहन चिकित्सा यूनिट में भर्ती कराया गया था।

### छत्तीसगढ़: 30 बांग्लादेशी नागरिकों को वापस भेजा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेश के 30 नागरिकों को उनके देश वापस भेजा गया है। अधिकारियों ने बताया कि केंद्र सरकार से इन लोगों को निर्वासित करने की अनुमति मिलने के बाद राज्य सरकार और रायपुर पुलिस ने मंगलवार को 30 बांग्लादेशी नागरिकों को रायपुर हवाईअड्डे से विमान के जरिए गुवाहटी भेजा गया। घुसपैठियों को रायपुर पुलिस बीएसएफ को सौंपेगी फिर असम से बंगलादेश सीमा पर बीएसएफ के जरिए निर्वासन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### गजनी में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या

**काबुल।** अफगानिस्तान के गजनी प्रांत में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने एक ही परिवार के पांच लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। प्रांतीय सरकार के एक प्रवक्ता ने सोमवार रात को यह जानकारी दी। गजनी के गवर्नर के प्रवक्ता एजातुल्लाह सईदी ने बताया कि यह घटना कारा बाग ज़िले के तोलाखैल इलाके में हुई। यहां एक घर में हमलावर घुस आए और गोलीबारी शुरू कर दी जिससे परिवार के पांच सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। इस मामले में कई संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है।

### सिन्हा सीएम अब्दुल्ला से दुर्व्यवहार पर माफी मांगें

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उप मुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने प्रदेश की पुलिस द्वारा मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ की गई धक्कामुक्की के लिए उप राज्यपाल मनोज सिन्हा से माफी मांगने की मांग की है। चौधरी ने कहा कि जुलाई 1931 के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए जाते समय निर्वाचित मुख्यमंत्री के साथ दुर्व्यवहार लोकतंत्र और जनता द्वारा दिए गए जनादेश का अपमान है। चौधरी ने कहा, उमर अब्दुल्ला सिर्फ मेरे नेता नहीं हैं, बल्कि जम्मू-कश्मीर के निर्वाचित मुख्यमंत्री हैं। यह सिर्फ़ उमर साहब का अपमान नहीं था। यह जम्मू-कश्मीर और पूरे देश में लोकतंत्र का अपमान था।

# आतंकवाद से निपटने के अपने उद्देश्य पर कायम रहे एससीओ

## जयशंकर ने एससीओ विदेश मंत्रियों की बैठक में किया पहलगाम हमले का जिक्र

तियानजिन, एजेंसी



बीजिंग में विदेश मंत्री जयशंकर ने चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से भी बात की।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारत की कार्रवाई को उचित ठहराते हुए मंगलवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के एक सम्मेलन में कहा कि समूह को आतंकवाद और चरमपंथ से निपटने के अपने स्थापना उद्देश्य पर कायम रहना चाहिए और इन चुनौतियों से निपटने में कोई समझौता नहीं करने वाला रुख अपनाना चाहिए।

पाकिस्तान, चीन और अन्य एससीओ सदस्य देशों के अपने समकक्षों की उपस्थिति में जयशंकर ने कहा कि पहलगाम हमला जम्मू-कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था को कमजोर करने और धार्मिक विभाजन पैदा करने की साजिश के तहत किया गया था। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद का सामना करने के लिए अपनी प्रतिक्रिया में दृढ़ रहेगा। चीन के शहर तियानजिन में एससीओ विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत नए विचारों और प्रस्तावों पर सकारात्मक रुख अपनाता रहेगा।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह का सहयोग परस्पर सम्मान, संप्रभु समानता और सदस्य देशों की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता के अनुरूप होना चाहिए। यह टिप्पणी चीन की वृहद कनेक्टिविटी परियोजना ''बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव'' (बीआरआई) की बढ़ती वैश्विक आलोचना की पृष्ठभूमि में आई है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान चीन द्वारा पाकिस्तान को सहयोग दिए जाने तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान के आतंकवादियों पर प्रतिबंध लगाने के प्रयासों में चीन द्वारा बाधा डाले जाने के मामलों को लेकर भारत में चिंता के बीच, विदेश मंत्री ने एससीओ से आतंकवाद से निपटने में 'कोई समझौता नहीं करने वाला' रुख अपनाने का आह्वान किया। जयशंकर ने संघर्ष, प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ आर्थिक अस्थिरता पर भी चिंता जताई और वैश्विक व्यवस्था को स्थिर करने तथा दीर्घकालिक चुनौतियों का समाधान करने की आवश्यकता को रेखांकित किया।

### पहलगाम हमले के जवाब में जो किया, वैसा ही करते रहेंगे

विदेश मंत्री के संबोधन का मुख्य केंद्रबिंदु आतंकवाद से प्रभावी ढंग से निपटने का उनका आह्वान था। जयशंकर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने पहलगाम हमले की निंदा की है और इस निंदनीय कृत्य के दोषियों, इसके पीछे जिम्मेदार लोगों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को पकड़कर उन्हें न्याय के कटघरे में लाने की आवश्यकता पर बल दिया है। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत ने बिल्कुल यही किया और वह ऐसा करता रहेगा। जयशंकर ने कहा, "एससीओ की स्थापना जिन तीन बुराइयों से निपटने के लिए की गई थी, वे हैं आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि ये अक्सर एक साथ घटित होती हैं। विदेश मंत्री ने समूह से अफगानिस्तान को विकास सहायता बढ़ाने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा, अफगानिस्तान लंबे समय से एससीओ के एजेंडे में रहा है।

# दुनिया के 1.4 करोड़ बच्चों को नहीं लगा एक भी टीका, आधे भारत समेत 9 देशों के

● संयुक्त राष्ट्र के स्वास्थ्य अधिकारियों ने जारी की 2024 की रिपोर्ट

**लंदन।** दुनियाभर में पिछले साल 1.4 करोड़ से अधिक बच्चों को एक भी टीका नहीं लगा जो 2023 की संख्या के लगभग बराबर है। इन बच्चों में से आधे से ज्यादा भारत समेत नौ देशों से हैं। संयुक्त राष्ट्र के स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

वैश्विक टीकाकरण के संबंध में मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और यूनिसेफ ने बताया कि 2024 में एक वर्ष से कम उम्र के लगभग 89 प्रतिशत बच्चों को डिप्थीरिया, टेटनस और काली खांसी के टीके की पहली खुराक मिली जो 2023 के बराबर है। इसने कहा कि लगभग 85 प्रतिशत बच्चों ने ही इन टीकों की तीनों खुराक लीं, जबकि 2023 में यह आंकड़ा 84 प्रतिशत था। संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों ने कहा कि टीकाकरण अब भी आसान नहीं है और संघर्ष व मानवीय संकटों के कारण टीकाकरण में हुई प्रगति तुरंत ही कमजोर पड़ने लग जाती है।

# एनएचएआई के दो उप प्रबंधकों समेत पांच लोग रिश्वतखोरी में गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

● झारखंड में 769 करोड़ की हाईवे को फोरलेन करने की परियोजना में हेराफेरी करने का आरोप

सीबीआई ने एनएचएआई के विवाद समाधान बोर्ड के एक सदस्य और राजमार्ग प्राधिकरण के दो उप प्रबंधकों को निजी अवसंरचना कंपनी को लाभ पहुंचाने के लिए कथित तौर पर रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

एजेंसी ने झारखंड में एक राजमार्ग परियोजना के संबंध में 10 लाख रुपये से अधिक की रिश्वत लेने के मामले में विवाद समाधान बोर्ड सदस्य के रूप में तैनात पूर्व इंजीनियर राकेश भसीन और एनएचएआई के उप प्रबंधक स्वतंत्र गौरव और विश्वजीत सिंह को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने इस मामले में भारत वाणिज्य ईस्टर्न प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) मनीष मिश्रा और उनके कर्मचारी उमेश माथुर को भी गिरफ्तार किया है।

आरोप है कि दिनेशचंद्र आर अग्रवाल इंफ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड को झारखंड में भोगू और सांखा के बीच एक राजमार्ग को चार लेन का बनाने के लिए एनएचएआई का 818 करोड़ रुपये का अनुबंध मिला था। कंपनी ने इस परियोजना को 769.36 करोड़ रुपये की लागत से एक निजी कंपनी बीवीईपीएल को दे दिया। सीबीआई की प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि कथित कदाचार का मामला गुणवत्ता ऑडिट टीम से संबंधित है, जिसमें भसीन, गौरव और सिंह शामिल थे।

### मुख्तार अंसारी मामले में चार करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी ने बताया कि उसने धनशोधन के एक गंभीर मामले में बसपा के पूर्व सांसद अतुल राय एवं दिवंगत बाहुबली मुख्तार अंसारी के एक करीबी सहयोगी से संबंधित 4.18 करोड़ रुपये मूल्य की छह अचल संपत्तियां कुर्क की हैं, जिनमें दिल्ली स्थित एक अपार्टमेंट भी शामिल है। संपत्तियां कुर्क करने की यह कार्रवाई अंसारी द्वारा नियंत्रित कंपनी विकास कंस्ट्रक्शन से जुड़ी एक जांच का हिस्सा है। केंद्रीय एजेंसी ने कहा कि पीएमएलए के तहत इन संपत्तियों को कुर्क करने का अस्थाई आदेश जारी किया गया है।

# मानव रहित विमानों के निर्माण में आत्मनिर्भर होने की कवायद

नई दिल्ली, एजेंसी



● हाल ही में पाकिस्तान के साथ हुए संघर्ष के बाद लिया गया फैसला

सेना के अधिकारी, रक्षा विशेषज्ञ, नीति निर्माता और निजी उद्योगों के प्रतिनिधि बुधवार को एकत्रित होंगे और स्वदेशीकरण के लिए एक 'रणनीतिक रोडमैप' विकसित करने पर विचार करेंगे, जिसका व्यापक उद्देश्य महत्वपूर्ण मानवरहित वायु यानों (यूएवी) और काउंटर-मानवरहित हवाई प्रणालियों (सी-यूएएस) के घटकों के लिए विदेशी कंपनियों पर निर्भरता कम करना है।

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ द्वारा थिंक-टैंक 'सेंटर फॉर ज्वाइंट वारफेयर स्टडीज' के सहयोग से आयोजित की जाने वाली कार्यशाला-सह-प्रदर्शनी 'ऑपरेशन सिंदूर' सहित भारत-पाकिस्तान के हालिया सैन्य संघर्ष की पृष्ठभूमि में आयोजित की जा रही है, जिसमें यूएवी और सी-यूएएस के सामरिक महत्व तथा परिचालन प्रभावशीलता पर प्रकाश डाला गया था।

### स्वदेशी तकनीक से तैयार किया सस्ता कार्बन फाइबर कृत्रिम पैर

**नई दिल्ली।** डीआरडीओ की एक प्रयोगशाला और तेलंगाना स्थित एम्स बीबीनगर ने स्वदेशी तकनीक से अपनी तरह का पहला उन्नत कार्बन फाइबर कृत्रिम पैर विकसित किया है जो 125 किलोग्राम तक का भार सहन करने में सक्षम है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, प्रदर्शन के मामले में बाजार में उपलब्ध विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मॉडल को टक्कर देने वाला यह कृत्रिम पैर जरूरतमंद आबादी को उच्च गुणवत्ता वाला किफायती समाधान मुहैया कराने के लिए डिजाइन किया गया है।

# मणिपुर में बड़ी कार्रवाई में हथियारों का जखीरा बरामद

**इंफाल।** मणिपुर के घाटी के पांच जिलों में मंगलवार को सुरक्षा बलों ने एक साथ चलाए गए समन्वित अभियान में 86 हथियार और 974 गोला-बारूद बरामद किए।

पुलिस महानिरीक्षक के. कबीब ने बताया कि सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्व, काकचिंग, इंफाल पश्चिम, थौबल और बिष्णुपुर जिलों में अभियान चलाया। उन्होंने कहा, मणिपुर पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, सेना और असम राइफल्स की संयुक्त टीम द्वारा कई स्थानों पर एक साथ समन्वित अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि बरामद हथियारों में पांच एके राइफल, तीन इंसास राइफल, 16 एसएलआर, पांच प्वॉइंट 303 राइफल, 19 पिस्तौलें, दो कार्बाइन, नौ अन्य प्रकार की राइफल और 16 सिंगल बैरल बंदूक शामिल हैं।

## आस्था का सैलाब



हरिद्वार में हर की पौड़ी पर पवित्र श्रावण मास शुरू होने के बाद रोज लाखों कांवड़िए गंगाजल लेने पहुंच रहे हैं। मंगलवार को भी यहां भगवान शिव के भक्तों का सैलाब उमड़ता दिखाई दिया। शिव के अभिषेक के लिए गंगाजल लेने से पहले कांवड़ियों ने गंगा नदी में स्नान भी किया। एजेंसी

# विमान हादसे की जांच रिपोर्ट में किसी सवाल का जवाब नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी



● अब इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ पायलट एसोसिएशन असंतुष्ट

इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन (इफाल्पा) ने कहा है कि एअर इंडिया विमान दुर्घटना पर एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट अपनी प्रकृति के अनुसार ही कई सवाल उठाती है लेकिन जवाब मुहैया नहीं कराती। संगठन ने इस मामले में सभी पक्षों से अटकलों से बचने का आग्रह किया है।

गत 12 जून को अहमदाबाद में एअर इंडिया के बोइंग 787-8 विमान की दुर्घटना पर अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट में एएआईबी ने शनिवार को कहा था कि उड़ान भरने के तुरंत बाद 1 सेकंड के अंतराल में इंजन के ईंधन स्विच बंद हो गए, जिससे विमान के कॉकपिट में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक पायलट ने पूछा कि स्विच क्यों बंद हुआ और दूसरे पायलट ने जवाब दिया कि उसने ऐसा नहीं किया। हालांकि प्रारंभिक रिपोर्ट में कोई निष्कर्ष नहीं निकाला गया है।

इफाल्पा ने एक बयान में कहा, हालांकि यह प्रारंभिक रिपोर्ट अपने आप में कई सवाल उठाती है, लेकिन इसमें कोई जवाब नहीं है, और इसकी सामग्री का कोई भी अनुमान केवल अनुमान ही माना जा सकता है, जो जांच के सुचारू संचालन के लिए उपयुक्त नहीं है।

# मुंबई: डब्बा ट्रेडिंग और ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में ईडी की छापे

**मुंबई।** ईडी ने मंगलवार को मुंबई में अवैध 'डब्बा ट्रेडिंग' और ऑनलाइन सट्टेबाजी नेटवर्क के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत छापेमारी की। ये नेटवर्क करोड़ों रुपये की धनराशि का लेन-देन कर रहे थे।

ईडी ने मुंबई में चार ठिकानों से लगभग 3.3 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी, कुछ लग्जरी घड़ियां और आभूषण, विदेशी मुद्रा और महंगे वाहन जब्त किए हैं। सूत्रों ने बताया कि कार्रवाई अब भी जारी है। 'डब्बा ट्रेडिंग' शेयरों में व्यापार के एक अवैध और अनियमित रूप को संदर्भित करता है। उन्होंने बताया कि इस जांच के तहत वीमनी, वीएम ट्रेडिंग, स्टैंडर्ड ट्रेड्स लिमिटेड, आईबुल कैपिटल लिमिटेड, लोटसबुक, 11स्टार्स और गेमबेटलीग जैसे कुछ ऑनलाइन ट्रेडिंग और सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म एजेंसी की जांच के दायरे में हैं।

## नसीहत | सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को किया आगाह, कहा– हरियाणा सरकार की ओर से दायर मुकदमा सभी की आंखें खोलने वाला

# दुर्लभतम मामलों में बनाई जाए जमीन के बदले जमीन की नीति

नई दिल्ली, एजेंसी



उच्चतम न्यायालय ने राज्यों को उनकी 'जमीन के बदले जमीन' संबंधी नीतियों के प्रति आगाह करते हुए कहा है कि ऐसी योजनाएं दुर्लभतम मामलों में ही लागू की जानी चाहिए। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि राज्य सरकार के भूमि अधिग्रहण का विरोध करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत आजीविका के अधिकार से वंचित करने की दलील टिकने वाली नहीं है।

पीठ ने हरियाणा सरकार की ओर से दायर मुकदमे को सभी राज्यों के लिए आंखें खोलने वाला बताया। पीठ हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के संपदा अधिकारी और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिनमें पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के 2016 के उस फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसमें विस्थापितों के पक्ष में निचली अदालत के आदेशों को बरकरार रखा गया था। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने 14 जुलाई को 88 पृष्ठों के अपने फैसले में कहा, हमने स्पष्ट कर दिया है कि भूमि अधिग्रहण के मामलों में संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत आजीविका के अधिकार से वंचित किए जाने का तर्क टिकने योग्य नहीं है। उच्च न्यायालय ने उन विस्थापित भूस्वामियों को 2016 की पुनर्वास नीति के तहत लाभ पाने का हकदार माना था, जिनकी भूमि हरियाणा के अधिकारियों ने सार्वजनिक उद्देश्यों के लिए अधिगृहीत की थी, न कि 1992 की अधिक रियायती योजना के तहत।

यह फैसला हरियाणा की भूमि अधिग्रहण संबंधी उस बेहद असामान्य नीति की आलोचना करता है, जिसके तहत यदि सरकार सार्वजनिक उद्देश्यों के लिए भूमि अधिग्रहण करती है, तो वह विस्थापितों को वैकल्पिक भूमि के भूखंड प्रदान करती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि केवल दुर्लभतम मामलों में ही सरकार विस्थापित व्यक्तियों को मुआवज़ा देने के अलावा उनके पुनर्वास के लिए कोई योजना शुरू करने पर विचार कर सकती है। पीठ ने कहा, ''कभी-कभी राज्य सरकार अपनी प्रजा को खुश करने के लिए अनावश्यक योजनाएं पेश करती है और अंततः मुश्किलों में फंस जाती है।

### कैदियों को महंगा खाना न मिलना मौलिक अधिकारों का हनन नहीं

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि जेल में कैदियों को पसंदीदा भोजन या महंगे खाद्य पदार्थ न दिया जाना मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं है। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन का अधिकार सभी कैदियों को हासिल है, लेकिन यह पसंदीदा भोजन की मांग करने का अधिकार नहीं देता। पसंदीदा खाद्य सामग्री की आपूर्ति न किए जाने को मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं माना जा सकता। राज्य का दायित्व यह सुनिश्चित करना है कि दिव्यांगों सहित सभी कैदियों को पर्याप्त, पौष्टिक और चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त भोजन मिले। जेल सुधारात्मक संस्थान है न कि नागरिक सुविधाओं का विस्तार। सर्वोच्च अदालत ने बेकर मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित अधिवक्ता एल. मुरुगनन्थम की मद्रास हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान ये टिप्पणियां कीं, जिसमें उन्हें पांच लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया गया था। मुरुगनन्थम को सजा एक जमीन विवाद में मिली थी जिसमें उनका परिवार एक अन्य व्यक्ति के साथ उलझा हुआ था।